


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 48 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ कृ.3 2082 गुरुवार, 15 मई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज

लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में दायर एक नई याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की मांग की थी।

हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को पहले निपटाए गए मामले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। कर्नाटक के याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने मामले में नए साक्ष्य पेश करने का दावा करते हुए नई याचिका दायर की थी।

## बंगाल की खाड़ी पहुंचा मानसून, 27 मई को केरल पहुंचेगा

### 14 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 के पार

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा। मौसम विभाग ने बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। गुजरात, असम समेत 9 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, झारखंड और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है और यहां उमस की संभावना है। राजस्थान के 11 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को दोपहर बाद अलवर, भरतपुर, जयपुर समेत कई शहरों में बारिश हुई। वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। >14

# हथियार बेचने में भारत की लंबी छलांग

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बीच डिफेंस के मोर्चे पर भारत के लिए गुड न्यूज है। देश ने विदेश में हथियार बेचने के मामले में बड़ी छलांग लगाई है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारत के रक्षा निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। "आत्मनिर्भर भारत' के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच, भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये (लगभग 2.76 बिलियन डॉलर) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष के 21,083 करोड़ रुपये के आंकड़े की तुलना में, यह 2,539 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है, जो 12.04% की वृद्धि के बराबर है।

**मेक इन इंडिया की सटीकता**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने "मेक इन इंडिया' हथियार प्रणालियों की सटीकता को उजागर कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी शिविरों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया। पड़ोसी देश द्वारा ड्रोन हमले शुरू करने के बाद भारत ने पाकिस्तान के कई एयरबेसों पर हमला भी किया। रक्षा मंत्रालय ने X पर पोस्ट किया, भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखते हुए लगभग 80 देशों को निर्यात करता है, जिससे वैश्विक रक्षा विनिर्माण में उसकी उपस्थिति मजबूत होगी। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 का आंकड़ा 23,622 करोड़ रुपये है, जो 34 गुना वृद्धि है।

अप्रैल में रक्षा मंत्रालय की एक पिछली विज्ञप्ति में कहा गया था कि वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के निर्यात प्रदर्शन में 42.85% की वृद्धि के साथ पर्याप्त सुधार हुआ है। ये भारतीय रक्षा उत्पादों की मजबूत अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति और वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क में इस क्षेत्र की एकीकृत करने की क्षमता को दर्शाता है।



### भारत की सैन्य क्षमताओं में बदलाव

वित्त वर्ष 2024-25 में निजी क्षेत्र का योगदान 15,233 करोड़ रुपये रहा, जबकि डीपीएसयू ने 8,389 करोड़ रुपये का निर्यात किया। ये आंकड़े वित्त वर्ष 2023-24 से सुधार दर्शाते हैं, जब निजी क्षेत्र का निर्यात 15,209 करोड़ रुपये और डीपीएसयू का निर्यात 5,874 करोड़ रुपये रहा था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारत ने अपनी सैन्य क्षमताओं में बदलाव किया है। भारी आयात निर्भरता से हटकर घरेलू विनिर्माण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे रक्षा निर्यात में महत्वपूर्ण प्रगति की है, गोला-बारूद, हथियार, सिस्टम, सबसिस्टम और विभिन्न घटकों सहित विविध सैन्य उपकरणों को सफलतापूर्वक वितरित किया है।

## 'बलूचिस्तान नहीं है पाकिस्तान'

### बलूच नेता ने किया आजादी का एलान, भारत और विश्वभर से मांगा समर्थन

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों से अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। >14

## आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति जकिया खानम का इस्तीफा



अमरावती, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को एक और झटका देते हुए, आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति जकिया खानम ने बुधवार को परिषद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने एमएलसी के पद से अपना इस्तीफा परिषद के अध्यक्ष कोये मोशेन राजू को भेज दिया। खानम को जुलाई 2020 में राज्यपाल कोटे के तहत परिषद में नामित किया गया था और वह अन्नामय्या जिले के रायचोटी से हैं। वह एमएलसी बनने वाली पहली मुस्लिम महिला थीं और परिषद की पहली महिला उपसभापति भी थीं। खानम वाईएसआरसीपी छोड़ने वाली छठी एमएलसी हैं, क्योंकि पार्टी पिछले साल जून में टीडीपी के नेतृत्व वाले एनडीए से सत्ता खो चुकी है। इससे पहले, बल्ली कल्याण चक्रवर्ती, कर्री पद्मश्री, पोथुला सुनीता, मैरी राजशेखर और जयमंगला वेंकटरमण ने परिषद से इस्तीफा दे दिया था।

इन सभी ने अपने इस्तीफे की वजह पार्टी के कामकाज से असंतोष बताया। परिषद के अध्यक्ष मोशेन राजू ने अभी तक किसी भी इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने बार-बार अध्यक्ष से अपने इस्तीफे स्वीकार करने का आग्रह किया और यहां तक कि अपने इस्तीफे स्वीकार करने में देरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। जकिया खानम के जाने से 57 सदस्यीय परिषद में वाईएसआरसीपी की ताकत और कम हो गई है, हालांकि अभी भी उसके पास बहुमत है।

# भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई

✲ राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई ✲ देश के पहले बौद्ध चीफ जस्टिस ✲ 6 महीने का कार्यकाल

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ



6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे।

उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। सीजेआई गवई की मां कमलताई ने कहा, 'मैंने हमेशा चाहा था कि मेरे बच्चे अपने पिता के रास्ते पर चलें और समाज की सेवा करें। भूषण ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया और मेहनत से आज इस ऊंचे पद तक पहुंचे हैं।' उन्होंने बताया कि सीजेआई ने एक साधारण स्कूल में पढ़ाई की और हमेशा जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं, चाहे वह आर्थिक सहायता हो या इलाज का खर्च।

## एस जयशंकर की ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से हुई बात

> आतंकवाद के मुद्दे पर हुई चर्चा



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री बियाटे मींल-रेसिंगर से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच आतंकवाद के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से बातचीत की जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री के साथ आज हुई बातचीत की सराहना करता हूं। उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस और न्यूक्लियर ब्लैकमेल के दृढ़ विरोध पर सहमति हुई। हमारे बेहतरीन द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा हुई।'

वहीं, ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री ने इस बातचीत को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर अच्छी बातचीत हुई। ऑस्ट्रिया और भारत अपने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की ऑस्ट्रिया की निंदा दोहराई और तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पाकिस्तान के साथ सीजफायर का स्वागत किया।' उन्होंने आगे लिखा, हमने यूक्रेन में शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा की और मैंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि रूस हिंसा बंद करे और सीजफायर पर सहमत हो।

# अगर महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं जा सकतीं?, केंद्र से 'सुप्रीम' सवाल

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की।

**पीठ ने दिए नियुक्ति करने के निर्देश**

याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी से पूछा कि 'अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?' इसके साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता अर्शनूर कौर को सेना की कानूनी शाखा में शामिल करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी याचिकाकर्ता आस्था त्यागी ने भारतीय नौसेना ज्वाइन कर ली है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने केंद्र से सवाल किया कि उन्होंने महिलाओं के लिए कम पद निर्धारित किए हैं, जबकि दावा किया गया है कि ये पद लैंगिक रूप से तटस्थ हैं।

एश्वर्या भाटी ने केंद्र सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 'वर्ष 2012 से 2023 तक 70:30 (या अब 50:50) के अनुपात में पुरुष और महिला अधिकारियों की भर्ती की नीति को भेदभावपूर्ण और मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला कहना न केवल गलत होगा, बल्कि कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र का भी उल्लंघन होगा, जो भारतीय सेना में पुरुष और महिला अधिकारियों की भर्ती का निर्णय लेने के लिए एकमात्र सक्षम और एकमात्र प्राधिकारी है।

### कैश विवाद में घिरे जज पर एफआईआर की मांग

#### सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता और वकील मैथ्यू नेडुमपारा से कहा कि वे नियमित मेंशनिंग प्रक्रिया का पालन करें।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अब किसी भी मामले की तत्काल सुनवाई के लिए मौखिक अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके लिए पहले ईमेल के ज़रिए सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में आवेदन करना होगा। इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि इन-हाउस जांच समिति ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे नकदी बरामदगी मामले में आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है। >14

## ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा हमारा 'भार्गवास्त्र'

### गोपालपुर फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने भार्गवास्त्र विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में तकनीक की बड़ी भूमिका निभाते हुए आवश्यक लॉन्च मापदंडों को हासिल किया।

**जानिए भार्गवास्त्र की खासियत**

भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी तक आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसमें लगा माइक्रो रॉकेट 20 मीटर तक की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को बेअसर कर सकता है। जबकि इसकी दूसरी परत में लगी माइक्रो मिसाइल प्वाइंट सटीकता के लिए है। एसडीएएल ने इसमें मॉड्यूलर प्रणाली का उपयोग किया है। इसके चलते उपयोगकर्ता इसके सेंसर और शूट को नियंत्रित कर सकते हैं। नई C4I तकनीकी से बने इस हथियार का रडार छह से 10 किमी दूर से छोटे हवाई खतरों का पता लगा सकता है।

# जेएनयू ने स्थगित किया तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ समझौता

### कहा-हम राष्ट्र के साथ खड़े हैं

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए उसे रक्षा उपकरण मुहैया कराए थे। ऐसे में देशभर में तुर्किये बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। दरअसल, केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तुर्किये के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया है। जेएनयू की ओर से ऐसा करने की पीछे की वजह सुरक्षा कारणों को बताया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में लिखा है, राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्किये के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

तुर्किये के मालट्या में स्थित इनोनू विश्वविद्यालय ने क्रॉस-कल्चरल रिसर्च और छात्र सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत जेएनयू के साथ अकादमिक साझेदारी की थी। एमओयू पर 3 फरवरी को तीन साल की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए थे। जेएनयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन को निलंबित कर दिया है। समझौते के तहत संकाय विनिमय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के अलावा कई योजनाएं और अन्य बातें थीं।

समझौता ज्ञापन रद्द करने का निर्णय भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की पृष्ठभूमि में लिया गया है। दोनों पड़ोसी देशों ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए 10 मई को एक समझौता किया था। भारत के तुर्किये के साथ व्यापारिक संबंध तनावपूर्ण होने की आशंका है, क्योंकि अंकारा ने इस्लामाबाद का समर्थन किया है और पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हालिया हमलों की निंदा की है। पाकिस्तान को उनके समर्थन के बाद, पूरे देश में तुर्किये के सामान और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग उठ रही है, साथ ही ईजमाईट्रिप और इक्सिगो जैसे ऑनलाइन ट्रैवल प्लैटफॉर्म ने इन देशों की यात्रा के खिलाफ सलाह जारी की है।

## मंत्री विजय शाह का हो सकता है इस्तीफा

भोपाल, 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान ने मध्य प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। इस मामले में मंत्री विजय शाह को केन्द्रीय नेतृत्व से फटकार लगी है। इसके बाद उन्होंने माफी भी मांगी है। भाजपा हाईकमान ने इस मामले में मंत्री विजय शाह के साथ साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से भी चर्चा की है। केंद्रीय नेतृत्व ने दोनों नेताओं से कहा कि, मंत्री पर कार्रवाई करने में इतनी देरी क्यों? केंद्रीय नेतृत्व ने दोनों नेताओं को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि, भविष्य में यदि कोई नेता पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऐसे में कयास लगाए जा रहा है कि विजय शाह मंत्री पद से जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इधर, शाह के एक विवादित बयान को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 4 घंटे के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिए है।

## 'आईएसआईएस से संबंध रखने के आरोपी अम्मार रहमान की जमानत रद्द करने से इनकार'

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से संबंध रखने के आरोपी अम्मार रहमान की जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने पाया कि रहमान के मोबाइल फोन में मिले सबूत उसे आईएसआईएस का सदस्य साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे और उसके खिलाफ अन्य सबूत उसे दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं थे। हालांकि, कोर्ट ने निर्देश दिया कि मुकदमे के लंबित रहने तक रहमान को कोर्ट की पूर्व अनुमति के बिना विदेश जाने की अनुमति नहीं है। >14

## अश्विनी वैष्णव ने की ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

### कहा-यह भारत की अस्मिता का महत्वपूर्ण उदाहरण



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह भारत की अस्मिता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में शानदार भूमिका निभाकर मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का सैन्य जवाब न केवल देश की सामरिक क्षमता का प्रमाण है। यह केंद्र की ओर से लागू किए गए नए रक्षा सिद्धांत को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अस्मिता, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और निर्णायक नेतृत्व का एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह देश का एक सराहनीय विकास है।

इससे पहले अपने ब्लॉग में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑपरेशन सिंदूर में पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति का सटीक उदाहरण है। पहलगाम में नरसंहार सिर्फ निर्दोष लोगों पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर हमला था। जवाब में भारत ने आतंकवाद-रोधी नियम पुस्तिका को फिर से लिखने का फैसला किया। ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शून्य-सहिष्णुता, कोई समझौता नहीं करने की नीति, पीएम मोदी के सिद्धांत की स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

ब्लॉग में कहा गया कि पीएम मोदी ने तय किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य हमले करने तक हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध हो। सरकार ने आवेग के बजाय रणनीति को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूहों को भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान लगाने से रोकने में मदद मिली। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्य, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम दिया गया। गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

# 'ऑपरेशन सिंदूर से हड़बड़ाया पाकिस्तान'

## रामदास अठावले बोले- 'अगर शांति चाहिए तो पीओके हमारे हवाले करना चाहिए'



मुंबई, 14 मई (एजेंसियां)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, उन्होंने बहुत ही कड़ा कदम उठाया है। कई सालों से पाकिस्तान की घुसपैठ चल रही थी और कश्मीर में गोलीबारी करना हमेशा चलता रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को हड़बड़ा दिया है। रामदास अठावले ने आगे कहा, हमारी सेना ने सबक सिखाया है। बार-बार अगर पाकिस्तान इस तरह की हरकत करता रहेगा तो उसका जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान अगर शांति चाहता है तो उन्हें आतंकवाद को खत्म करना चाहिए और पीओके हमारे हवाले करना चाहिए।

**सेना ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है- रामदास अठावले**

इससे पहले रामदास अठावले ने कहा था, भारतीय सेना ने अभूतपूर्व साहस और वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए ड्रोन हमलों और मिसाइल हमलों को विफल करके और पाकिस्तान पर जवाबी हमला करके उसकी कमर तोड़ दी है। भारतीय सेना के पराक्रम के कारण हर भारतीय सुरक्षित है। हमें अपनी भारतीय सेना की तीनों शाखाओं, सभी सेनाओं पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना की अनुशासित और योजनाबद्ध कार्रवाई के माध्यम से भारत ने दुनिया के सामने यह सच उजागर करने में सफलता प्राप्त की है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी राष्ट्र है।

यद्यपि भारतीय सेना ने इन आतंकवादी पाकिस्तानियों की कमर तोड़ दी है, लेकिन आतंकवादियों के इरादे नापाक हैं। इसलिए पाकिस्तान को नष्ट कर दिया जाना चाहिए। अत्यधिक आतंकवाद में लिप्त पाकिस्तान को नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पाकिस्तान पर कब्जा करके उसे नष्ट कर दिया जाना चाहिए।

### 'वो बेवकूफ लोग हैं, उनको पता नहीं है कि ऐसे मौके पर एकजुटता दिखानी चाहिए: साजिद रशीदी

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने दिल्ली में तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ा बयान दिया है। उन्होंने तिरंगा यात्रा को लेकर कहा कि ये पाकिस्तान को भी जवाब और विरोधियों को भी जवाब है। साथ ही विपक्ष की ओर से तिरंगा यात्रा के विरोध पर उन्होंने कहा कि वो बेवकूफ लोग हैं, उनको पता नहीं है कि ऐसे मौके पर एकजुटता दिखानी चाहिए। एकसाथ रहना चाहिए। वो लोग देश को तोड़ने वाले हैं। देश को एकजुट देखना नहीं चाहते। इससे पहले मौलाना साजिद रशीदी ने कहा था कि पहलगाम में जो कुछ भी हुआ, वह एक सुनियोजित साजिश थी।

### पानीपत में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

# आतंकियों को भेजता था फौज की मूवमेंट और ट्रेनों की जानकारी



पानीपत, 14 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय फौज की मूवमेंट, ट्रेनों के आवागमन, सैन्य अधिकारियों की पत्रकारवार्ता व देश के माहौल की पाकिस्तान में जानकारी देने वाले पाकिस्तानी जासूस को सीआईए वन ने गिरफ्तार किया गया है। जासूस उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला और यहां हॉली कॉलोनी में अपनी बहन के पास रहता था।

वह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में था।आरोपी जासूस का नाम नौमान इलाही है। वह यहां एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पानीपत पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार नौमान इलाही (24) मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शामली जिले में कैराना के मोहल्ला बेगमपुरा का रहने वाला है। उसकी बहन जीनत की शादी पानीपत में हुई है। जो यहां हॉली कॉलोनी में रहती है। नौमान भी उसी के पास रह रहा था। पहले उसने सेक्टर 29 की एक फैक्ट्री में नौकरी की। पानीपत पुलिस के सूत्रों के मुताबिक 6-7 मई की रात भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच 10 मई को सीजफायर हो चुका है। फिर भी पुलिस एहतियाती तौर पर संदिग्धों की जांच कर रही है। इसी मामले में नौमान इलाही के फोन नंबर से पाकिस्तान संपर्क होने की बात सामने आई। जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर जांच की गई। पुलिस ने जब उसके मोबाइल की जांच की, तो पता चला कि वह पाकिस्तान में इकबाल नाम के आतंकी के संपर्क में था। जिसे वह भारत की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी भेज रहा था। हालांकि, उसने कैसी जानकारियां भेजीं, इसके बारे में पुलिस ने अभी खुलासा नहीं किया है।

# मां की मौत के बाद 5 साल की बेटी पर पिता का जुल्म

बीड, 14 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड जिले से एक पिता का अपने बेटी के प्रति जानवरों जैसा बर्ताव का मामला सामने आया है। मां की मौत के बाद बेटी पर पिता ने जुल्म ढा दिया। नशेबाज पिता ने अपनी बेटी को रस्सियों से बांधकर उसे जानवरों वाले बाड़े में बंद कर दिया। पड़ोसी ने बेटी के रोने की आवाज सुनी। उन्होंने जब उसे बुरी हालत में देखा तो उसे अनाथालय ले गए। जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पिता फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। आरोपी पिता मासूम बेटी को जानवरों की तरह रखता था। उसे खाने में तरबूज और केले के छिलके देता था। बेटी की उम्र मात्र पांच साल की है। पिता के व्यवहार से वह डरी सहमी है। उसे मानसिक रोगी बताकर उसका पिता उपसर जुल्म करता था। पड़ोसी महिला ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो उसे बचाया। बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। पड़ोस की एक महिला ने बच्ची की चीखें सुनीं और बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

पड़ोसी महिला ने गोठे से आ रही रोने की आवाज सुनी और जाकर देखा तो एक बच्ची रस्सी से बंधी रो रही है। महिला बच्ची को हिना शेख हज हाउस के पास खालिद अहमद के अनाथालय में ले गई। अनाथालय ने इसकी जानकारी बाल कल्याण समिती और पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पिता फरार है, उसकी तलाश जारी है।

# 'अमेरिकी पापा ने वॉर रुकवा दी क्या?'

## संघर्षविराम पर ट्रंप के बयान पर कांग्रेस की विवादित टिप्पणी



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब में एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता कराने का श्रेय लिया। इस पर कांग्रेस ने विवादित टिप्पणी की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को इस बारे में बताना चाहिए कि क्या उन्होंने अमेरिका के दबाव में देश के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया? कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि 'कुछ दिन पहले हमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम का पता चला। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने संघर्षविराम के लिए व्यापार प्रतिबंध की धमकी दी थी।'

**जयराम रमेश की विवादित टिप्पणी**

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'इस बारे में बातूनी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है? क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव में भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया?' बीते साल भाजपा ने इस बात को खूब प्रचारित किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन वॉर रुकवा दी। इसके लिए एक विज्ञापन भी तैयार कराया, जिसमें दिखाई दिया कि एक लड़की ने अपने पिता से कहा कि 'मैंने कहा था ना कि कैसी भी परिस्थिति हो, मोदी जी हमें घर ले आएंगे, वॉर रुकवा दी पापा और फिर हमारी बस निकाली पापा'। इस पर तंज कसते हुए जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'अमेरिकी पापा ने वॉर रुकवा दी क्या?'

# सोसायटी में मौसी के साथ खेल रही थी 4 महीने की बच्ची पालतू रोटवीलर ने दबाई गर्दन नोंच-नोंचकर ले ली जान

अहमदाबाद, 14 मई (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के हाथीजन इलाके में एक पालतू कुत्ते ने 4 महीने की बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्ता अचानक खूंखार रूप में आ गया और उसने मासूम को नोंच-नोंच कर मार डाला। कुत्ते के हमले में बच्ची की मौसी भी घायल हुई हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना के बाद मृतक बच्ची के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ मामल दर्ज किया है। उधर, अहमदाबाद नगर निगम की सीएनसीडी विभाग की टीम ने खूंखार कुत्ते को पिंजरे में बंद कर दिया है।घटना हाथीजन क्षेत्र के राधे रेजीडेंसी में एक पालतू कुत्ते ने 4 महीने की बच्ची पर हमला कर दिया। यह घटना उस समय घटी जब एक युवती अपने पालतू कुत्ते रोटवीलर के साथ बाहर गई थी। लापरवाही की बात यह है कि युवती फोन पर बात कर रही थी और उसी दौरान कुत्ता उसके हाथों से छूट गया और सामने खेल रहे बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से बच्चों में चीख-पुकार मच गई। इसी बीच उसने एक बच्ची पर झपट्टा मार दिया। बच्ची को बचाने के लिए आई उसकी मौसी पर भी कुत्ते ने हमला किया। रोटवीलर कुत्ते के हमले में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से लोग दहशत में हैं। अहमदाबाद नगर निगम की सीएनसीडी विभाग की टीम ने कुत्ते को पिंजरे में बंद कर दिया है

# सोफिया कुरैशी पर बीजेपी नेता की टिप्पणी से भड़के संजय सिंह; हिमांशी नरवाल का भी कर दिया जिक्र



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर का बड़ा हिस्सा रहीं भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एमपी के मंत्री बुरे फंसे हैं। अब आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने भी विजय शाह पर जमकर हमला बोला है। प्रेस कांफ्रेंस में संजय सिंह ने कहा, विजय शाह ने जिस तरह भारतीय सेना का अपमान किया है। बीजेपी की यही असली मानसिकता है। आप सांसद संजय सिंह ने आगे कहा, "बीजेपी सिर्फ देश को तोड़ सकती है। आप भारतीय सेना की बहादुर अफसर को पाकिस्तान के आतंकियों की बहन कह रहे हैं, इससे बड़ा अपमान सेना का क्या हो सकता है? सोफिया कुरैशी भारत की बहादुर बेटी हैं और बीजेपी का मंत्री उन्हें पाकिस्तान के आतंकियों की बहन कह रहा है। ऊपर से प्रधानमंत्री इसपर खामोश हैं, कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। संजय सिंह ने दावा किया कि विजय शाह पहले मुख्यमंत्री की पत्नी पर भी टिप्पणी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और विजय शाह को पार्टी से बर्खास्त कर के गिरफ्तार करना चाहिए। देश इस बात को स्वीकार नहीं करेगा कि आप भारतीय सेना का अपमान करें और देश की बहादुर बेटी का अपमान करें।" संजय सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए आगे कहा, "बीजेपी का यह चलन इस युद्ध के दौरान एक नहीं अनेक बार देखा गया है और योजनाबद्ध तरीके से हुआ है। पहलगाम में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल के बारे में इतनी भद्दी टिप्पणी बीजेपी और उससे जुड़े ट्रोल कर रहे हैं, गालियां दे रहे हैं, सेना के अधिकारी की विधवा पत्नी को अपमानित कर रहे हैं और प्रधानमंत्री और बीजेपी इसपर कुछ नहीं कहते।" इतना ही नहीं, विदेश सचिव विक्रम मिसरी का जिक्र कर संजय सिंह ने कहा, भारत के एक होनहार अधिकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी, जिनका कोई अपराध नहीं है, सीजफायर का फैसला नरेंद्र मोदी ने लिया है और गालियां बीजेपी के लोग विक्रम मिसरी को दे रहे हैं। उनकी बेटी और परिवार को गालियां दे रहे हैं। देश में बीजेपी ने गुंडागर्दी मचा रखी है। ये तुम्हारा चरित्र और असली मानसिकता है। यही तुम्हारी सोच और विचार है।

# पुलिस के सीनियर इंस्पेक्टर बाबूराव देशमुख 1 लाख घूस लेते गिरफ्तार

मुंबई, 14 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के मुताबिक, बाबूराव मधुकर देशमुख (उम्र 57) को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। वह मुंबई के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के तौर पर तैनात थे। एसीबी के अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता एक शैक्षणिक ट्रस्ट का ट्रस्टी है।

15 अगस्त, 2024 को कुछ व्यक्तियों के समूह ने कथित तौर पर स्कूल का गेट तोड़ दिया। इसके बाद वे ट्रस्ट परिसर में जबरन घुस गए थे। ट्रस्टी ने मुंबई के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन और चैरिटी कमिश्नर में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में शिकायतकर्ता की सहायता करने और चैरिटी कमिश्नर कार्यालय से अंतिम आदेश आने तक जबरदस्ती स्कूल परिसर में प्रवेश करने से रोकने के लिए देशमुख ने कथित तौर पर 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

**ढाई लाख पर हुई थी बात**



एसीबी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबूराव देशमुख ने कथित तौर पर ट्रस्टी से 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी और बातचीत के बाद 2.5 लाख रुपए राशि तय हुई थी। देशमुख को 1 लाख रुपए की पहली किस्त लेते हुए पकड़ा गया। एसीबी की टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया था और बाद में उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीएसएफ जवान की वतन वापसी

## पाकिस्तान की हिरासत में थे पीके शा, 22वें दिन सरजमीं पर पांव रखते ही खुशी से झूम उठे



चंडीगढ़, 14 मई (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पीके शॉ वतन लौट आए हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के अगले ही दिन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पीके शॉ को पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में ले लिया था। अभी तक रिहा नहीं किया गया है।

बीएसएफ कांस्टेबल पीके शॉ 21 दिन पाकिस्तान के कब्जे में रहे। पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था और पाकिस्तान में घूसकर आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई थी। 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को फिरोजपुर बॉर्डर पर पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पीके शॉ को हिरासत में लिया था। 20 दिन से पीके शॉ को रिहा करवाने के लिए बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से कई बार पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग भी की गई, लेकिन उनको छोड़ा नहीं गया है। दोनों देशों के बीच तनाव कम होने के बाद 21वें दिन जवान को रिहा किया गया।

**पश्चिम बंगाल के हैं पीके**

पीके शॉ मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रिशरा का रहने वाला है। कुछ दिन पहले सैनिक की पत्नी रजनी शॉ पति की रिहाई को लेकर चंडीगढ़ आई थी। रजनी ने अपने पति की वापसी को लेकर बीएसएफ अधिकारियों से मुलाकात की थी।

**वर्दी और राइफल के साथ हिरासत में लिया गया था**

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय जवान वर्दी में था। उसके पास सर्विस राइफल थी। हुगली के रिशरा के हरिसभा इलाके के रहने वाले पीके कथित तौर पर सीमा के पास किसानों के एक समूह के साथ थे, जब वह एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए आगे बढ़े और अनजाने में पाकिस्तान क्षेत्र में चले गए, जहां उन्हें पकड़ लिया गया।

# शोपियां में मारे गए 3 आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और कैश बरामद




शोपियां, 14 मई (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ एक्शन जारी है। इस बीच मंगलवार को शोपियां में मारे गए 3 आतंकियों से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। इन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और कैश बरामद हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना पूरी तरह अलर्ट है और आतंकियों के खिलाफ एक्शन जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर के 3 आतंकियों को मार गिराया था। इनमें से 2 आतंकियों की पहचान भी हो गई, जिसमें एक का नाम शाहिद कुट्टे और दूसरे का नाम अदनान शफी डार था। मिली जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों को शोपियां के शुकरू केलर इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की और आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना की तरफ से बताया गया कि 13 मई 2025 को राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को शोकल केलर, शोपियां के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना ने तलाशी और विनाश अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान, आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की और दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना ने कठोर कार्रवाई करते हुए कई आतंकियों के घर गिराए थे। इनमें शाहिद और अदनान के घर भी शामिल थे। अब सुरक्षाबलों ने दोनों आतंकियों को भी ढेर कर दिया है। गौरतलब है कि सुरक्षाबल अब आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। आतंकवाद पर भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है। इस कार्रवाई से आतंकियों के आका डरे हुए हैं।

# शिवपुरी नगर पालिका अध्यक्ष के बेटे की हो सकती है गिरफ्तारी

शिवपुरी, 14 मई (एजेंसियां)। नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेत्री गायत्री शर्मा के पुत्र रजत शर्मा के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। एक युवती ने नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र रजत शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले के बाद नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया था लेकिन कोर्ट ने अग्रिम जमानत का आवेदन निरस्त कर दिया है। दुष्कर्म मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र की अग्रिम जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। शिवपुरी नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के पुत्र रजत शर्मा पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर सालों तक दैहिक शोषण किए जाने का आरोप लगाया। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित रजत शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसके बाद से आरोपित रजत शर्मा फरार है। दैहिक शोषण के उक्त मामले में पुलिस ने 30 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कर ली थी। पुलिस सामान्य रूप से दुष्कर्म या दैहिक शोषण के आरोपित को एफआईआर दर्ज करने के पहले या फिर तत्काल बाद गिरफ्तार कर लेती है। लेकिन इस मामले में आरोपी 13 दिन बाद भी फरार चल रहा है। ऐसे में आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोपी रजत शर्मा ने अपने एडवोकेट विजय तिवारी के माध्यम से 07 मई 2025 को न्यायालय में अग्रिम जमानत आवेदन दिया था, जिस पर 09 मई को सुनवाई हुई। इस दौरान पीड़िता स्वयं न्यायालय में हाजिर हुई। पीड़िता बोली-आरोपित और उसके परिवार से मेरी जान को खतरा है। वहीं, अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता धीरज जामदार ने न्यायालय में कहा कि अभी अनुसंधान पूरा नहीं हुआ है। साथ ही आरोपित का मेडिकल टेस्ट भी नहीं हुआ है।

# 'भारत मेरा घर है'

## भारतीय सेना की तारीफ कर भावुक हुई रूसी महिला, खूब शेयर हो रहा उनका वीडियो



गुरुग्राम, 14 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रूस की एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। दरअसल रूसी महिला ने वीडियो में भारतीय सेना की तारीफ की और पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर कहा कि भारतीय सैनिक पूरे समर्पण से देश की रक्षा कर रहे हैं ताकि हम शांति से सो सकें। महिला की पहचान पोलिना अग्रवाल के रूप में हुई है। पोलिना एक रूसी नागरिक हैं, लेकिन फिलहाल गुरुग्राम में रह रही हैं। पोलिना ने वीडियो साझा कर भारत को बेहद सुरक्षित बताया। पोलिना ने वीडियो में बताया कि उनकी रूस में रहने वाली दादी ने अखबार में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पढ़ा और उन्हें वापस रूस आने की सलाह दी। पोलिना ने वीडियो में कहा कि 'मैंने दादी को जवाब दिया कि कौन सा घर? मैं अभी अपने घर पर ही हूं। भारत, गुरुग्राम मेरा घर है।' इसके बाद भारतीय सेना की तारीफ करते हुए पोलिना ने कहा कि 'भारतीय सेना के पास आधुनिक और उन्नत हथियार हैं, जो उन्हें रूस ने मुहैया कराए हैं। ये सभी ड्रोन्स और लड़ाकू विमानों के हमले के खिलाफ बेहद मजबूत हैं।' पोलिना ने कहा कि 'भारतीय सैनिक पूरे समर्पण और बड़े दिल से देश की सुरक्षा कर रहे हैं ताकि हम अपने घरों में चैन से सो सकें। वे अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं ताकि हम अपनी जिंदगी आराम से जीते रहें और हमें पता भी न चले कि क्या हो रहा है।' पोलिना ने अंत में कहा कि 'मैं भारतीय सेना की बेहद आभारी हूं और मैं भारत को अपना शांतिपूर्ण घर कह सकती हूं।' यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और खबर लिखे जाने तक वीडियो को 15 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। सोशल मीडिया यूजर्स भी रूसी महिला की तारीफ कर रहे हैं और भारतीय सेना को भी धन्यवाद कह रहे हैं। कुछ यूजर्स ने कहा कि रूस हमेशा से भारत का सच्चा दोस्त रहा है और रूस की सैन्य मदद की भी तारीफ कर रहे हैं।

## तिरंगा यात्रा सीएम योगी बोले

# भारत की तरफ जो अंगुली उठाएगा
## उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा



लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है।

आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम योगी ने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। 2000 फीट लंबे तिरंगे का प्रदर्शन तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे। देशभक्ति के जयघोष के बीच बच्चों ने 2000 फीट लंबा तिरंगा का प्रदर्शन किया।

**सेना ने दिया संदेश- छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे भी नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई।

सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद इतनी सुबह आपकी उपस्थिति भारतीय सेना के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है। यही धैर्य व समर्पण का भाव भारतीय नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैनिकों व देश की सरकार के प्रति व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का पहले दिन से ही संकल्प रहा है कि जब हम नए और विकसित भारत की बात करते हैं तो हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ काम करें। जब राष्ट्र प्रथम का भाव 140 करोड़ भारतीयों की प्राथमिकता होगी तो अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हर भारतवासी लगेगा, फिर दुनिया की कोई ताकत भारत के सामने टिक नहीं पाएगी। सीएम ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश को एकजुट रखा और पंजाब के आदमपुर में जाकर बहादुर जवानों के हौसलों को बढ़ाया।

## चौराहों पर लगाएं मिलावटखोरों व नकली दवा कारोबारियों की तस्वीरें
### सीएम योगी ने अफसरों को दिए निर्देश

लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध और पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए।

नकली औषधियों के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस के साथ विभागीय समन्वय को और बेहतर बनाया जाए ताकि प्रवर्तन कार्यवाहियों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई। मुख्यमंत्री को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं।

### शाहजहांपुर में लव जिहाद केस
## बहारे आलम ने राकेश बनकर लड़की को फंसाया, बनाया था धर्म परिवर्तन का दबाव



शाहजहांपुर, 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में नाबालिग का धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं, जो अपना धर्म छुपाकर हरियाणा की रहने वाली नाबालिग और उबकी मां को शादी का झांसा देकर शाहजहांपुर ले आए थे। यहां आने के बाद नाबालिग की मां को आरोपियों के असली धर्म के बारे में जानकारी हुई। उसके बाद हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस की मदद से नाबालिग को बरामद कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उनको जेल भेजा गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के सरोजनीनगर निवासी बहारे आलम हरियाणा के फरीदाबाद में मेहनत मजदूरी करता था। उसके बाद उसने अपने भाई जान मोहम्मद को भी बुला लिया। बहारे आलम ने अपना नाम राकेश बताकर वहां की रहने वाली महिला को उसकी बेटी की शादी कराने का झांसा देकर शाहजहांपुर ले आया। लड़की की मां को शाहजहांपुर आने के बाद अहसास हुआ कि राकेश असल में बहारे आलम है। नाबालिग की मां ने इसके बाद शादी करने से मना किया तो आरोपी धर्म-परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस की मदद से नाबालिग और उसकी मां को बरामद कर लिया।

**मां की तहरीर पर केस दर्ज**

लड़की की मां की तहरीर पर दोनों भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए टीम लगाई। मुखबिर की सूचना पर गोला रोड जुड़ी सड़क के पास आरोपी बहारे आलम और उसके भाई जान मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, थाना प्रभारी खुटार रावत ने बताया दोनों भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाम बदलकर लड़की से जबरन धर्म परिवर्तन करवाकर शादी करने की प्लानिंग कर रहे थे। सूचना पर इस मामले में कार्रवाई हुई है। जिले में आए दिन लव जिहाद के मामले सामने आते रहते हैं। हिंदूवादी संगठनों की ओर से जानकारी दिए जाने के बाद ही कार्रवाई हो पाती है। हिंदूवादी संगठन के जिला अध्यक्ष अवनीश मिश्रा ने बताया कि इस मामले को लेकर उनको सूचना मिल गई थी।

### रेल पुलिस का फर्जीवाड़ा
## 24 किलो चरस कोर्ट में बन गया ईंट-पत्थर; मजिस्ट्रेट भी रह गए दंग

मोतिहारी, 14 मई (एजेंसियां)। मोतिहारी में रेल पुलिस के कारनामा देखकर सब कोई हक्काबक्का है। बीते दिनों 24 किलो चरस को लावारिश स्थिति में पकड़ा गया और उसको मजिस्ट्रेट के सील किया गया लेकिन जब कोर्ट में पेशी हुई तो चरस ईंट बन गया। यह देख कोर्ट मजिस्ट्रेट भी भौचक हो गए। घटना मोतिहारी के सुगौली रेल थाना की है। यहां बीते पांच मार्च को आरपीएफ और सुगौली रेल थाना की पुलिस ने संयुक्त करवाई में सुगौली स्टेशन से तीन लावारिश बैग को बरामद किया था।तलाशी के दौरान उसमें से लगभग 24 किलो चरस बरामद हुआ।

## यूपी के 14 जिलों में बारिश बिजली गिरने का अलर्ट
### 10 जिलों में पारा 40 के पार, बांदा 44.2°C के साथ सबसे गर्म शहर रहा

लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। बारिश और ओले के बाद यूपी में गर्मी फिर सताएगी। मौसम विभाग ने 14 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 19 जिलों में लू चलने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो यूपी में बांदा 44.2°C अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं, सबसे कम न्यूनतम पारा बाराबंकी में 24°C रिकॉर्ड किया गया। वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 48 घंटों में तापमान बढ़ा है और अगले चार से पांच दिनों में पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज और कल उष्ण रात्रि की स्थिति रहेगी। इससे पहले मंगलवार को आगरा में दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। शाम लगभग 4 बजे तेज धूल भरी आंधी चली। तेज आंधी से कई झोपड़ियों के त्रिपाल उड़ गए। फिर बूंदाबांदी शुरू हो गई। गाजियाबाद में शाम करीब साढ़े 5 बजे मौसम बदला।

## भाजपा सरकार के मंत्री विवादित बोल पर मायावती नाराज, बोलीं हो सख्त कार्रवाई



लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने विवादित बयान दिया है। मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने उन्हें कटघरे में खड़ा कर कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है। जब पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित है, तब यह अति-दुखद व शर्मनाक है। उन्होंने आगे लिखा कि इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा महिला सेना प्रवक्ता के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। ज्ञात हो कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में मंत्री विजय शाह यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे, उन्हीं लोगों को उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिन्दुओं को मारा और पीएम मोदी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने के लिए उनके घर भेजा।

हालांकि विजय शाह ने पूरे वीडियो में किसी का नाम नहीं लिया है। मामला तूल पकड़ते देख भाजपा ने मंत्री को तलब कर लिया था। मंत्री ने इस मामले में माफी भी मांगी है। बताया जा रहा है कि संगठन की तरफ से फटकार भी लगाई गई है। इस दौरान बयानबाजी करने से परहेज करने को कहा गया है। बता दें कि कर्नल सोफिया कुरैशी भी मध्य प्रदेश से आती हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी सोफिया कुरैशी की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि सोफिया कुरैशी ने मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## हाईवे पर हैवानियत और हत्या : पहले कार से फेंका, फिर बैक गियर लगा किशोरी को कुचला

बुलंदशहर, 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में हाईवे पर एक किशोरी की हत्या और दूसरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में हत्या के साथ अब अपहरण की धारा भी बढ़ा दी गई है। पहले सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की अभी तक की जांच में यह साफ हो गया है कि आरोपियों ने किशोरी को कार से फेंकने के बाद बैक गियर लगाकर उसे कुचला भी था। छह मई की शाम सात बजे के करीब ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सूरजपुर थाना क्षेत्र से दो किशोरियों को आरोपी अमित और संदीप ने ने अपनी कार में बैठाया था। इसके बाद गाजियाबाद के लालकुआं से तीसरे युवक गौरव को साथ ले लिया था।

**तीन घंटे तक चलती कार में किशोरी से किया सामूहिक दुष्कर्म**

होटल जाने से इन्कार करने पर एक किशोरी को मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में चलती कार से फेंक दिया था। इसके बाद आरोपियों ने दूसरी किशोरी के साथ करीब तीन घंटे तक चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। सात मई की सुबह आरोपियों की चंगुल से छूटकर दुष्कर्म पीड़िता किशोरी खुर्जा नगर कोतवाली थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई थी। 10 मई को मुठभेड़ में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना कर रहे खुर्जा कोतवाल राजपाल तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अवलोकन किया गया है।

## हम तो पाकिस्तान में तिरंगा यात्रा चाहते हैं : तेजस्वी यादव



जहानाबाद, 14 मई (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव बुधवार को जहानाबाद पहुंचे। उन्होंने लोदीपुर गांव पहुंचकर आईटीबीपी के शहीद जवान सौरभ कुमार यादव के परिजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया। राजद नेता तेजस्वी ने लोदीपुर गांव जाकर शहीद जवान सौरभ कुमार यादव के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और शोकाकुल परिजनों से उनका दुख-दर्द साझा किया। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग व सदा उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया।

उन्होंने शहीद सौरभ कुमार की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ऐसे पराक्रमी वीर सैनिक देश सेवा के लिए सदैव युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने भाजपा की तिरंगा यात्रा पर कहा, हम तो पाकिस्तान में तिरंगा यात्रा चाहते हैं। हमें भारतीय सेना पर नाज है। भारतीय सेना को मौका मिलेगा तो इस दुनिया से पाकिस्तान का नक्शा खत्म हो जाएगा। हम लोगों ने पहले ही कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में जो भी निर्णय लें, हमलोग साथ हैं। इसके बाद तेजस्वी यादव काको प्रखंड के टिमलपुर गांव पहुंचे, जहां दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी साधु शरण यादव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से साधु शरण यादव का जीवन रहा, उससे हमें काफी कुछ सीखने को मिलता है।

इससे पहले तेजस्वी यादव मंगलवार को छपरा पहुंचे थे और उन्होंने बीएसएफ के बहादुर सब-इंस्पेक्टर शहीद मोहम्मद इम्तियाज के आवास पर जाकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था, सरहद की हिफाजत करते हुए अपने वतन पर जान कुर्बान करने वाले बीएसएफ के बहादुर सब-इंस्पेक्टर जनाब मोहम्मद इम्तियाज के छपरा जिला स्थित आवास पहुंच शोकाकुल परिजनों से उनका दुख-दर्द साझा किया एवं हर संभव सहयोग व सदा उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा तथा मांग पत्र पर विचार करने का विश्वास दिलाया।

## प्रेग्नेंसी के बहाने ले आई अपने घर नाबालिग छात्रा से कराने लगी देह व्यापार
### लखनऊ में महिला समेत 4 गिरफ्तार

लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न कर उसका वीडियो बनाया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल करते हुए देह व्यापार में धकेल दिया। मामला सामने आया तो हड़कंप मच गया। फिलहाल, पुलिस कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दरअसल, मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता वन स्टॉप सेंटर (181) पर पहुंची और अपनी आपबीती साझा की। सेंटर प्रभारी अर्चना सिंह की शिकायत पर गुडंबा थाने में पॉक्सो एक्ट, बलात्कार, आपराधिक धमकी और मानव तस्करी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

**परिवार की स्थिति कमजोर**

पुलिस के अनुसार, 12 वर्षीय छात्रा छठवीं कक्षा में पढ़ती है और अपने माता-पिता व छोटे भाई के साथ रहती है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है आय का मुख्य स्रोत मकान का किराया है। जून 2024 में एक परिचित महिला, जो गर्भवती थी देखभाल के नाम पर छात्रा को अपने घर ले गई। उसने परिवार से कहा कि बदले में उसे तीन हजार रुपये प्रति माह देगी। शुरुआत में सब कुछ सामान्य प्रतीत हुआ, लेकिन कुछ ही हफ्तों में महिला ने छात्रा को अपनी बहन के साथ अजनबियों के पास भेजना शुरू कर दिया।

## मदरसों के पाठ्यक्रम में होगा बदलाव, गणित और विज्ञान विषय होंगे शामिल-गठित की जाएगी कमेटी

लखनऊ, 14 मई (एजेंसियां)। मदरसे में कक्षा-9 से 12 तक के विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित जैसे विषय भी पढ़ाए जाएंगे। यूपी बोर्ड की तर्ज पर इन विषयों को मदरसा बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही निदेशक समाज कल्याण की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक होगी। प्रदेश में वर्तमान में 13329 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं। इनमें 1235400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन मदरसों में 9,979 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 8) और 3,350 माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 12) के हैं। इनमें से 561 मदरसे राज्य सरकार से अनुदानित हैं, जिनमें कुल 231806 छात्र पंजीकृत हैं।

इन मदरसों में कक्षा 1-8 तक का पाठ्यक्रम लगभग बेसिक शिक्षा परिषद के समान है, लेकिन कक्षा-9 से 12 में अभी विज्ञान और गणित जैसे विषय नहीं पढ़ाए जाते हैं। उच्चस्तर पर फैसला किया गया है कि इन विद्यार्थियों को भी उर्दू, अरबी, फारसी और अंग्रेजी भाषा के साथ विज्ञान और गणित जैसे आधुनिक विषय भी अनिवार्य रूप से पढ़ाए जाएं।

## हेयर-ट्रांसप्लांट के बाद एक और इंजीनियर की मौत
### मां बोली-चेहरा सूजने लगा, रात भर दर्द से रोता रहा; मेरी गोद में तोड़ा दम

कानपुर, 14 मई (एजेंसियां)। कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट से एक और इंजीनियर की मौत हो गई। इन्होंने भी इंपायर क्लिनिक की डॉ. अनुष्का तिवारी से हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। मृतक फर्रुखाबाद का रहने वाला था। पीड़ित परिवार ने 6 महीने बाद 13 मई को पुलिस से शिकायत की है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। मां कहना है कि बेटे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई, डॉक्टर ने मेरा फोन नंबर ब्लॉक कर दिया। इसे अरेस्ट करके जेल भेज देना चाहिए। नहीं तो ये फिर किसी का पति तो किसी का बेटा छीन लेगी। बलदेव भवन भोलेपुर फतेहगढ़ फर्रुखाबाद निवासी प्रमोदनी कटियार ने बताया- उनका बेटा मयंक कटियार (32) कानपुर के प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भौती (पीएसआईटी) से बीटेक की पढ़ाई करने के बाद नौकरी करता था। इसके साथ ही कानपुर में ही अपना बिजनेस सेटअप करने की तैयारी कर रहा था। पति की पहले ही मौत हो चुकी है। बड़ा बेटा ही घर की पूरी जिम्मेदारी संभालता था।

18 नवंबर को मयंक हेयर ट्रांसप्लांट कराने केशवपुर स्थित इंपायर क्लिनिक की डॉक्टर अनुष्का तिवारी के पास गया था। सुबह 8 बजे हेयर ट्रांसप्लांट के लिए बुलाया था। 2 बजे अनुष्का ने अपने क्लिनिक से छोड़ा। हेयर ट्रांसप्लांट के बाद छोटा बेटा कुशाग्र शाम 5 बजे फर्रुखाबाद घर लेकर आया था। रात 12 बजे दर्द उठा था। डॉक्टर अनुष्का से बात की और उन्होंने इंजेक्शन लगवाने की बात कही। इंजेक्शन लगवाने के बाद भी दर्द ठीक नहीं हुआ। तो उन्होंने पट्टी ढीली करने की बात कही। पट्टी ढीली करने के बाद भी दर्द ठीक नहीं हुआ, तो दूसरा इंजेक्शन लगाने को कहा। दूसरा इंजेक्शन लगवाया। रात भर दर्द से तड़पता रहा। उसका चेहरा सूजता जा रहा था। इसके साथ ही काला पड़ रहा था। सुबह फिर हमने बात की तो डॉक्टर अनुष्का ने कहा परेशान मत हो आंटी सब ठीक हो जाएगा।



# भारत का हवाई रक्षा ढाल जिसने नाकाम किए पाक के सारे वार



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने 7 मई से लेकर 10 मई के बीच जब-जब एलओसी के पार हमला करने की कोशिश की, तब-तब भारत की हवाई रक्षा प्रणाली ने उसके वारों को न सिर्फ नाकाम किया, बल्कि उसके हथियारों को तबाह भी कर दिया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की दुश्मन को मुहंतोड़ जवाब देने की यह क्षमता पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी है और इसकी तुलना अमेरिका और इस्राइल जैसे देशों के एयर डिफेंस सिस्टम से होने लगी है।

**अचानक चर्चा में क्यों है भारत की हवाई रक्षा शील्ड?**

ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना के अफसरों ने पीछे लगी स्क्रीन पर भारत के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) की झलक दिखाई। डीजीएमओ की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अधिकारियों ने कहा कि भारत की हवाई रक्षा प्रणाली इस तरह की है कि अगर दुश्मन किसी एक परत से बच भी जाता है तो अगली परत उसे छोड़नी नहीं है।

इसके बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में स्थित आदमपुर बेस पहुंचे, जहां उनके पीछे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को बिल्कुल ठीक स्थिति में दिखाया गया। यह पाकिस्तान के उन दावों को झुठलाने का सबूत बना, जिसमें दुश्मन सेना ने कहा था कि उसने भारत के आदमपुर बेस को नुकसान पहुंचाया और वहां एस-400 बैटरी को तबाह कर दिया। इसके बाद से ही भारत के आईएसीसीएस की चर्चा पूरी दुनिया में होने लगी है।

**भारत में कैसे शुरू हुई एकीकृत रक्षा ग्रिड बनाने की तैयारी?**

भारत में इस तरह की रक्षा ग्रिड बनाने की तैयारी 1999 के करगिल संघर्ष के बाद हुई थी। दरअसल, इस दौरान यह साफ हो चुका था कि भारत को एक केंद्रीकृत और तकनीकी तौर पर बेहतर व्यवस्था की जरूरत है, जो कि अपने हवाई क्षेत्र और जमीनी क्षेत्र के अभियानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके। इसके बाद भारत ने अपनी सैन्य संचार प्रणाली को बेहतर करने की ठानी। इसी फैसले के मद्देनजर 2003 में आईएसीसीएस निदेशालय की स्थापना हुई और देशभर में एयर कमांड और कंट्रोल केंद्रों के डिजिटलीकरण की शुरुआत हुई। एएफनेट ने भारतीय वायुसेना के दो कामों को आसान किया। पहला- इसने रक्षा संचार को आधुनिक बनाया और इसके अलावा राष्ट्रीय दूरसंचार ढांचे को बदलने में भी योगदान दिया। इस तकनीक की खूबियों को पेश करने के लिए पंजाब के एक एयरबेस में दो मिग-29 एयरक्राफ्ट्स के लक्ष्य भेदने के अभ्यास का लाइव प्रसारण किया गया। इसके बाद आई.एस.सी.एस। का पूरा फ्रेमवर्क, जिसमें हथियारों और उपकरणों को डिजिटल माध्यमों से जोड़ना था, उसे अलग-अलग चरणों में लागू किया गया।

**भारत कैसे करता है अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा?**

डीजीएमओ स्तर की प्रेस वार्ता में भारत की रक्षा ग्रिड का पूरा ब्योरा पेश किया गया। इसमें भारत के रक्षा ढांचे की एक-एक परत की जानकारी दी गई और बताया गया कि किस ऊंचाई और रेंज पर कौन सी परत सक्रिय होती है। दुश्मन देश के किसी भी वार को नाकाम करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी इसी परत में लगे हथियारों की होती है। भारत इस परत में घुसने वाले दुश्मनों के हथियारों और उपकरणों से निपटने के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाले प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता है। उदाहरण के तौर पर एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम, जिसकी रेंज सामान्यतः 300 किलोमीटर तक है। इसके अलावा युद्ध के लिए तैयार लड़ाकू विमानों को भी इसी लेयर में तैनात किया जाता है, ताकि दुश्मन के हमलों को अंदर की परतों में जाने से रोका जा सके।

यह परत आमतौर पर तब सक्रिय होती है, जब बाहर की सारी परतों से दुश्मन के हथियार नष्ट नहीं कर पातीं और कुछ-एक हथियारों के अंदरूनी स्थानों को निशाना बनाने की संभावना बन जाती है। हालांकि, भारत ने इस परत में भी कम ऊंचाई तक मार करने वाली तोपें, बंदूकें, जेडएसयू-23 शिल्का, मैनपैड्स (मैनपैड), ड्रोन्स, आदि तैनात किए हैं। इनमें सबसे खतरनाक है एल-70 गन्स, जिनका अचूक निशाना किसी भी हथियार को मार गिरा सकता है।

## रेखा गुप्ता ने अधिकारियों के साथ जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक की

## सीएम बोलीं- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में जन शिकायत प्रणाली बहुत असफल रही, लोगों की समस्याएं सरकार के कानों तक नहीं पहुंचती थीं और समाधान भी नहीं होता था। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली देश की राजधानी है और इसकी जन शिकायत प्रणाली बहुत अपडेट होनी चाहिए। एक आम आदमी की शिकायत का समाधान तुरंत होना चाहिए, उसके पास हर वह साधन होना चाहिए जिसके जरिए वह अपनी बात सरकार तक पहुंचा सके। पिछली सरकार के कार्यकाल में जन शिकायत प्रणाली बहुत असफल रही, लोगों की समस्याएं सरकार के कानों तक नहीं पहुंचती थीं और समाधान भी नहीं होता था। लेकिन हमारी सरकार एक अपडेटेड इंटीग्रेटेड शिकायत निवारण प्रणाली बनाने पर काम कर रही है ताकि लोगों की आवाज तुरंत सरकार तक पहुंचे और उसका तुरंत समाधान हो। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है, किसी भी विभाग में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भारतीय सेना ने पाक के एयरबेस को किया तबाह सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने उड़ाई पाक की खिल्ली



मुंबई, 14 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो चुका है। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी 13 मई को आदमपुर एयरबेस पहुंचे और वहां उन्होंने जवानों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की जो तस्वीरें आईं उनके पीछे राफेल लड़ाकू विमान और एस400 एयर डिफेंस सिस्टम भी उनके पीछे दिखाई दे रहा था। दरअसल ये एक तरीके से सांकेतिक मैसेज था पाकिस्तान को, ये बताने के लिए हमारे एस400 और राफेल विमान पूरी तरह सुरक्षित हैं। साथ ही हमारा आदमपुर एयरबेस भी सुरक्षित है। लेकिन पाकिस्तान के एयरबेस सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि भारतीय सेनाओं ने मिसाइल हमला करके पाकिस्तान के कई एयरबेस को तबाह कर दिया है।

इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी के आदमपुर एयरबेस के दौरे को लेकर शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान द्वारा अपने मीडिया, सेना प्रमुख और डीजीएमओ के माध्यम से फैलाई गई अफवाहों को उजागर कर दिया है कि पाकिस्तान ने आदमपुर एयरबेस पर हमला किया है। अब सवाल यह है कि क्या असीम मुनीर और शहबाज शरीफ अपने किसी एयरबेस पर उतर पाएंगे, क्योंकि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें नष्ट कर दिया है।

## क्या एक साथ आएंगे अजित और शरद पवार? अनिल देशमुख बोले 'राजनीति में संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है



मुंबई, 14 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई सालों से पार्टियों के बीच उतार चढ़ाव का दौर जारी है। अब राज्य में जल्द ही स्थानीय निकाय के चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राज्य में एक बार फिर से सियासी गठजोड़ की नई अटकलें सामने आने लगी हैं।

ताजा अटकलें शरद पवार की एनसीपी और अजीत पवार की एनसीपी के साथ आने की लगाई जा रही हैं। इन अटकलों को लेकर एनसीपी (शरद पवार) के नेता अनिल देशमुख ने भी पार्टी का रुख साफ कर दिया है।

**क्या बोले अनिल देशमुख?**

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री एवं शरद पवार की पार्टी के नेता अनिल देशमुख ने शरद पवार की एनसीपी और अजीत पवार की एनसीपी के बीच गठबंधन से इनकार किया है। हालांकि, इसके साथ ही देशमुख ने कहा है कि राजनीति में किसी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। देशमुख ने कहा है कि आगामी समय में होने वाले महानगरपालिका, जिला परिषद, बीएमसी के चुनाव में जिन-जिन जिलों में आपस में कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे एवं शरद पवार की एनसीपी में तालमेल बैठेगा उन जिलों में गठबंधन किया जाएगा।

**संभावनाओं से इनकार नहीं- अनिल देशमुख**

अजित पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस और शरद पवार कि राष्ट्रवादी कांग्रेस के बीच क्या गठबंधन होगा? इस पर महाराष्ट्र के शरद पवार पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गठबंधन पर विराम लगाते हुए कहा कि इस प्रकार की कोई चर्चाएं नहीं हो रही है लेकिन राजनीति में किसी भी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

**अभी कोई चर्चा नहीं**

पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर कोई बैठक नहीं हुई है, ना किसी से चर्चा हुई है। इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है लेकिन राजनीति में किसी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

महाराष्ट्र में होने वाले महानगरपालिका, जिला परिषद और बीएमसी के चुनाव जल्द से जल्द होंगे, जिस तरीके से सुप्रीम कोर्ट ने दिशा निर्देश दिया है। महाविकास अघाडी का जिन-जिन जिलों में तालमेल बैठेगा उन-उन जिलों में इकट्ठा लड़ा जाएगा।

## 'पति का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आता'

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति का विवाहेतर संबंध तब तक क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आता, जब तक यह साबित न हो जाए कि इससे पत्नी को परेशानी या पीड़ा हुई। जस्टिस संजीव नरूला ने कहा कि विवाहेतर संबंध दहेज हत्या के लिए पति को फंसाने का आधार नहीं है, बशर्ते कथित संबंध और दहेज की मांग के बीच कोई संबंध न हो। अदालत ने व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे शादी के लगभग पांच साल के भीतर 18 मार्च, 2024 को ससुराल में पत्नी की अप्राकृतिक मृत्यु के बाद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498 ए (क्रूरता), 304-बी (दहेज हत्या) के अलावा धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने कहा, ''अभियोजन पक्ष ने ऐसी सामग्री प्रस्तुत की है कि याचिकाकर्ता का एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध था। इसके समर्थन में कुछ वीडियो और चैट रिकॉर्ड का हवाला दिया गया है।''

जस्टिस नरूला ने कहा, ''यह मानते हुए भी कि ऐसा कोई संबंध था, कानून में यह तय है कि विवाहेतर संबंध, आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता या धारा 306 के तहत उकसावे के दायरे में नहीं आता है, जब तक कि यह नहीं दिखाया जाता है कि किसी को परेशान करने या पीड़ा पहुंचाने के लिए संबंध बनाए गए थे।''फैसले में कहा गया, ''विवाहेतर संबंध धारा 304 बी के तहत आरोपी को फंसाने का आधार नहीं हो सकता। कोर्ट ने कहा है कि उत्पीड़न या क्रूरता को दहेज की मांग या 'मृत्यु से ठीक पहले' हुई मानसिक क्रूरता से जोड़ा जाना चाहिए।'

## दिल्ली में 34 छात्रों को स्कूल से निकाले जाने पर भड़के अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। दिल्ली में स्कूल फीस के बढ़ने का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिष्ठित स्कूल डीपीएस द्वारका की ओर से 34 छात्रों को फीस न भरने के कारण स्कूल से निष्कासित किए जाने की खबर ने अभिभावकों और आम जनता को झकझोर कर रख दिया है। वहीं इस मामले ने राजनीति में भी अपनी जगह बना ली है।

इस घटनाक्रम के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "आप सरकार के समय ऐसा कभी होने नहीं दिया गया। कोई भी स्कूल छात्रों को नहीं निकाल सकता था। हमारी सरकार हमेशा छात्रों और माता-पिता के साथ खड़ी रही है।" केजरीवाल के इस बयान ने एक बार फिर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और छात्रों पर उसके दुष्प्रभाव को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

**छात्रों को स्कूल आने से रोकने पर बढ़ा मामला**

केजरीवाल ने जिस खबर का कटआउट पोस्ट किया है उसके मुताबिक डीपीएस द्वारका ने उन छात्रों को स्कूल आने से रोक दिया, जिनके अभिभावकों ने लगभग 1,95,000 की बढ़ी हुई वार्षिक फीस के बजाय शिक्षा निदेशालय द्वारा स्वीकृत 93,400 के अनुसार ही भुगतान किया था। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने भी सख्त निर्देश देते हुए स्कूलों को बकाया फीस के नाम पर छात्रों के साथ कोई जबरदस्ती न करने की चेतावनी दी थी। बावजूद इसके, 9 मई को अभिभावकों को एक ईमेल मिला, जिसमें लिखा था कि फीस न भरने के कारण उनके बच्चों का नाम काट दिया गया है और उन्हें ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने के लिए बुलाया गया।

**सैलरी सालाना 3-3.5फीसद ही बढ़ती है, फीस दोगुनी**

घटना के बाद से छात्रों और अभिभावकों में भावनात्मक अस्थिरता देखी जा रही है। एक अभिभावक ने कहा, "सैलरी सालाना 3-3.5% ही बढ़ती है, लेकिन स्कूल की फीस तो दोगुनी हो गई है। हमने हर आश्वासन पर भरोसा किया, फिर भी हमारे बेटे का नाम काट दिया गया।" वहीं, एक अन्य अभिभावक ने कहा, "महामारी ने वैसे ही आर्थिक हालात बिगाड़ दिए हैं और अब यह एक नया बोझ है। हमारा बेटा पहली बार रोया और बोला कि वह अब स्कूल नहीं जाना चाहता।" दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि पर रोक के लिए नया विधेयक पेश किया है, जिसमें स्कूल, जिला और राज्य स्तर पर रेगुलेटरी कमेटी और 50,000 तक जुर्माने का प्रावधान है। जब तक कानून लागू नहीं होता, तब तक अभिभावकों की मुश्किलें जारी रह सकती हैं। स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया नारायणन और शिक्षा निदेशालय ने फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं केजरीवाल का बयान सैकड़ों चिंतित परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बना है।

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे

चमोली, 14 मई (एजेंसियां)। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर में विधिवत्त पूजा अर्चना के बाद चतुर्थ केदार रुद्रनाथ की उत्सव डोली बाहर निकाली गई। इस दौरान मंदिर में पहुंचे भक्तगणों ने भगवान रुद्रनाथ की डोली के दर्शन किए। दो दिनों तक रुद्रनाथ की डोली गोपीनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शनाथ रखी जाएगी। 16 मई को रुद्रनाथ की डोली अपने मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी और 17 को डोली रुद्रनाथ मंदिर में पहुंचेगी। को 18 मई प्रातः 6:00 बजे रुद्रनाथ मंदिर के कपाट विधि विधान से श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

## बिगड़े बोल के कारण पहले मंत्री पद गंवा चुके हैं विजय शाह, पुलिस की पिटाई से पैर भी तुड़वा चुके हैं



इंदौर, 14 मई (एजेंसियां)। कर्नल सोफिया को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर भाजपा संगठन के लिए परेशानी खड़ी करने वाले मंत्री विजय शाह का विवादों से पुराना नाता है। बिगड़े बोल के कारण एक बार वे अपना मंत्रीपद भी गंवा चुके है। पिछले साल जंगल में आग जलाकर पार्टी करने की पोस्ट के बाद भी उनकी किरकिरी हुई थी। अब कर्नल सोफिया को आंतंकियों की बहन बताने वाले बयान को लेकर वे खुद की पार्टी और विपक्ष के निशाने पर आ चुके है। उनके बयान को लेकर केंद्रिय नेतृत्व भी नाराज है। अब फिर उनकी कुर्सी पर तलवार लटकी है। मंत्री विजय शाह की गिनती है भाजपा के सीनियर मंत्रियों में होती है। वर्ष 1998 से वे हरसूद विधानसभा सीट से चुनाव जीतते आ रहे है और सातवीं बार विधायक है। आदिवासी नेता होने के कारण उन्हें गौर सरकार, शिवराज और मोहन सरकार में मंत्रीपद भी मिला है। उनके विवादित बयानों के कारण भाजपा को कई बार ड्रेमेज कंट्रोल करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव के समय अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवारों को धमकाने के आरोप भी उन पर लगते रहे है। आठ साल पहले उन्होंने झाबुआ में आदिवासी कन्या छात्रावास में ट्रेकसूट वितरण के दौरान छात्रावास की युवतियों और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर दी थी। तब उन्हें अपना मंत्रीपद गंवाना पड़ा था।

**पुलिस ने पिटाई कर पैर कर दिया था फ्रैक्चर**

1998 में पहला चुनाव जीतने के बाद विजय शाह ने खंडवा में पुलिस हिरासत में एक ढोलक बजाने वाले युवक की मौत का मुद्दा उठाया था। तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। प्रदर्शन के दौरान शाह ने एक थाना प्रभारी को चांटा मार दिया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने घेर कर शाह की डंडों से पिटाई कर दी। तब शाह का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

## अमृतसर एसजीपीसी जल्द लेगी भाई राजोआना की याचिका पर फैसला

### पुंछ पीड़ितों को आर्थिक सहायता का ऐलान

अमृतसर, 14 मई (एजेंसियां)। अमृतसर के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भाई बलवंत सिंह राजोआना को लेकर दायर याचिका पर विचार कर जल्द ही फैसला लेने की घोषणा की है। एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई आंतरिक समिति की बैठक में समिति ने भाई बलवंत सिंह राजोआना ने एसजीपीसी अध्यक्ष को लिखे गए 3 पन्नों के पत्र पर गंभीरता से विचार किया और इस राष्ट्रीय मुद्दे की गंभीरता के अनुरूप शीघ्र ही निर्णय लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि भाई राजोआना ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को एक लंबा पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने सरकारों से सिखों के साथ किए जा रहे भेदभाव का जिक्र किया है। इस पत्र में भाई राजोआना ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उनके संबंध में दायर याचिका को वापस लेने का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है जिसके संबंध में शिरोमणि कमेटी सिख पंथ, निहंग सिंहों और टकसालों के प्रतिनिधि संगठनों के साथ बैठकें करके राष्ट्रीय राय बनाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में 2 बैठकें हो चुकी हैं और 17 मई को चंडीगढ़ में सिख जजों व वकीलों के साथ बैठक होगी। इसके बाद पंथिक प्रतिनिधियों की एक सभा बुलाई जाएगी और सिख कौम की भावनाओं के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान लिए गए अन्य फैसलो की जानकारी देते हुए एडवोकेट धामी ने बताया कि पिछले दिनों जम्मू के पुंछ में हुए हमले के दौरान मारे गए सिखों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये की सहायता देने का निर्णय लिया गया है।

## मीठी नदी सफाई घोटाले में नया खुलासा

### बीएमसी अधिकारी को विदेश यात्रा के लिए ठेकेदार ने दिए 65 करोड़!




मुंबई, 14 मई (एजेंसियां)। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की विशेष जांच टीम (एसआईटी) को मीठी नदी सफाई घोटाला सामने आया है। जांच में पता चला कि इन आरोपियों ने बीएमसी के अधिकारियों को विदेश यात्रा के लिए फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग के रूप में रिश्वत दी थी। मुंबई के मीठी नदी सफाई घोटाले में ईओडब्ल्यू ने दो आरोपियों केतन कदम वोडर इंडिया एलएलपी) और जयेश जोशी (कन्या स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों के मुताबिक, केतन कदम ने बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामगुडे के लिए विदेशी यात्रा, फ्लाइट्स और होटल बुकिंग्स की व्यवस्था की थी। जांच में खुलासा हुआ है कि सिंगापुर और दुबई की ये यात्राएं कदम द्वारा प्रायोजित की गई थीं। रिमांड याचिका में पता चला कि प्रशांत रामगुडे ने अपने परिवार के साथ सिंगापुर में तीन दिन बिताए, जहां उनका स्टे होटल इंटरकॉन्टिनेंटल में था, जिसकी बुकिंग कदम ने की थी। इसी तरह दुबई की यात्रा के दौरान भी होटल की व्यवस्था कदम द्वारा की गई थी।

**महिला ब्यूटी पार्लर कर्मी से बेहद करीबी संबंध**

सभी बुकिंग की जानकारी जांच एजेंसी को कदम से प्राप्त हुई है। रामगुडे के एक महिला ब्यूटी पार्लर कर्मी से बेहद करीबी संबंध हैं,और उसके माध्यम से रिश्वत ले रहे थे। आरोपी जयेश जोशी की ओर से डॉ। युसूफ इक़बाल और एडवोकेट ज़ैन श्रॉफ ने कोर्ट में दलील दी कि वैध रूप से मशीनें आयात कीं और निजी अनुबंधों के तहत ठेकेदारों को किराए पर दीं। उनका बीएमसी से कोई सीधा वित्तीय लेनदेन नहीं है। अदालत ने ईओडब्ल्यू की पुलिस कस्टडी बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**65 करोड़ रुपये का घोटाला, 13 आरोपी**

ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज एफआईआर में बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामगुडे, उपमुख्य अभियंता (एसडब्ल्यूडी) पूर्व उपनगर गणेश बेंद्रे, उपमुख्य अभियंता तायशेट्टे (पूरा नाम दर्ज नहीं), और पांच ठेकेदार कंपनियों तीव्र डिजाइन, कैलास कंस्ट्रक्शन, एनए कंस्ट्रक्शन, निखिल कंस्ट्रक्शन और जेआरएस इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशकों को आरोपी बनाया गया है। सभी ने मिलकर बीएमसी को 65,54,13,311 रुपये का नुकसान पहुंचाया। कुल मिलाकर 13 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी कई धाराओं के तहत मामला दर्ज।

## पंजाब सरकार की पुनर्विचार याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस जारी, 20 मई तक देना होगा जवाब

चंडीगढ़, 14 मई (एजेंसियां)। हरियाणा को अतिरिक्त पानी के आदेश पर पुनर्विचार के लिए पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। पंजाब सरकार की अर्जी पर हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर 20 मई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के नोटिस जारी करने को सीएम भगवंत सिंह मान पंजाब की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि पानी के मुद्दे पर हाईकोर्ट में हरियाणा को झटका लगा है। हाईकोर्ट ने पंजाब की पुनर्विचार याचिका को गंभीर मानकर हरियाणा सरकार को नोटिस भेजा है। मान ने कहा कि कोर्ट ने पानी के बंटवारे पर बीबीएमबी अध्यक्ष के बदले स्टैंड पर भी जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी क्यों चाहिए? बीबीएमबी और हरियाणा दोनों को स्पष्टीकरण देना होगा। मान ने इसे पंजाब सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता बताते हुए कहा कि पानी के अधिकार की लड़ाई को न्यायिक संबल मिला है। मान ने एक्स पर लिखा कि पंजाब का हक छीनने नहीं देंगे, हर मंच पर लड़ेंगे पानी की लड़ाई। सीएम ने कहा कि यह फैसला पंजाब के जल अधिकारों को लेकर एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। पंजाब सरकार ने याचिका में कहा है कि बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर पानी छोड़ने का आदेश प्राप्त किया है। किसी नीति निर्णय या किसी राज्य के अधिकारों पर असर डालने वाला मुद्दा हो, तो उसे बीबीएमबी को नियम 1974 के नियम 7 के तहत केंद्र सरकार को भेजना होता है। पंजाब का कहना है कि यह मामला पहले ही केंद्र सरकार को भेजा जा चुका था और वहां से कोई निर्णय नहीं आया था। इसके बावजूद बीबीएमबी ने 30 अप्रैल को बैठक बुलाकर एकतरफा तरीके से हरियाणा को पानी देने का फैसला कर लिया।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 15 मई - 2025

# ऑपरेशन सिन्दूर शुरुआत है, अंत नहीं!



सुरेश गांधी

अनुलोमेन बलिनं प्रतिलोमेन दुर्जनम्। आत्मतुल्यबलं शत्रुः विनयेन बलेन वा। अर्थात चाणक्य भी कहते है, मनुष्य को अपने शत्रु के बारे में पता होना बहुत जरूरी है। क्योंकि शत्रु कमजोर है या बलशाली इसका पता होने पर ही उसके खिलाफ नीति बनाई जा सकती है। अगर दुश्मन आपसे ज्यादा शक्तिशाली है तो उसे हराने के लिए व्यक्ति को उसके अनुकूल आचरण करना चाहिए। वहीं, अगर दुश्मन का स्वभाव दुष्ट है। वो छल करने वाला है तो उसे हराने के लिए उसके विरूद्ध यानी उसके विपरीत आचरण करना चाहिए। वैसे भी "डू ऑर डाई" का नारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव रहा है, या यूं कहे "डू ऑर डाई" : का नारा किसी भी संकट की घड़ी में अंतिम विकल्प होता है, जब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। परंतु युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बुद्धि और रणनीति से भी लड़े जाते हैं। खासकर तब जब बदलते वैश्विक और कूटनीतिक परिदृश्य का हों, ऐसे केवल बल से नहीं, बल्कि धैर्य, बुद्धिमत्ता और रणनीति से भी विजय हासिल की जाती है। यही कारण है कि लम्बी रेस जीतने के लिए कभी-कभी दो कदम पीछे हटना पड़ता है। केवल ताकत इकट्ठा करने के लिए ही नहीं, बल्कि दुश्मन की हर चाल को समझने और उसके खिलाफ निर्णायक प्रहार करने के लिए भी। लेकिन भारत, जो एक ओर महात्मा गांधी के अहिंसा सिद्धांत का अनुयायी है, वहीं दूसरी ओर चाणक्य की राजनीतिक चतुराई का भी अनुसरण करता है। यही संतुलन उसे एक जिम्मेदार लेकिन दृढ़ राष्ट्र बनाता है। "ऑपरेशन सिन्दूर" एक सीमित लेकिन अत्यधिक प्रभावशाली सैन्य कार्रवाई, जिसका लक्ष्य था पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को ध्वस्त करना। भारत की खुफिया एजेंसियों ने यह प्रमाणित किया था कि सीमा पार से लगातार आतंकी गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिनका उद्देश्य भारतीय क्षेत्रों में अस्थिरता फैलाना था। ऑपरेशन के दौरान कम-से-कम 12 आतंकी ठिकाने नष्ट किए गए और 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई। यह महज जवाब नहीं था, यह एक निर्णायक चेतावनी थी। यह कहना गलत होगा कि ऑपरेशन के बाद भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में एकतरफा सीजफायर की घोषणा की। कई आलोचकों ने इसे नरमी की निशानी माना, लेकिन यह एक रणनीतिक कदम था, "दो कदम पीछे" हटना, ताकि अगली बार छलांग और लंबी हो। यह चेतावनी साफ थी : "यदि फिर से सीमा पार से आतंक का प्रयास किया गया, तो भारत का जवाब और भी व्यापक, गहरा और निर्णायक होगा।" इतिहास गवाह है : भारत सहनशील जरुर है, लेकिन निर्बल नहीं। भारत ने 1999 में कारगिल में, 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक के ज़रिए यह स्पष्ट किया है कि उसकी सहनशक्ति की एक सीमा है। हर बार जब पाकिस्तान ने भारत की अखंडता को चुनौती दी, उसे मुंहतोड़ जवाब मिला। भारत की रणनीतिक नीति अब रक्षात्मक नहीं, निवारक और निर्णायक है। "पहले हमला न करना" भारत की संस्कृति हो सकती है, लेकिन "प्रभावी प्रतिशोध" अब उसका राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषणों में बार-बार दोहराया हैः "शांति की बात उन्हीं के साथ संभव है, जो शांति में विश्वास करते हैं।" ऑपरेशन सिन्दूर इसका एक जीवंत उदाहरण है। यह महज़ एक जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता का प्रदर्शन था। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। यह कार्रवाई केवल जवाब भर नहीं थी। यह एक सन्देश था, एक चेतावनी थी। सीजफायर की घोषणा के बाद कुछ लोगों ने इसे भारत की कमजोरी समझा, लेकिन सच्चाई यह है कि यह एक रणनीतिक विराम था। एक अवसर, जिससे दुश्मन को सोचने का मौका मिले कि अगर अब भी बाज न आए, तो अंजाम और भी भयावह होगा। इतिहास गवाह है कि भारत शांति में विश्वास करता है, पर जब उसकी सीमाओं या नागरिकों की सुरक्षा को चुनौती दी जाती है, तो वह हर हद पार कर जवाब देने में संकोच नहीं करता। पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है : अगर फिर से आतंकी हमलों की हिमाकत की गई, तो अगली कार्रवाई 'अंतिम' नहीं होगी, बल्कि दुश्मन की जड़ों तक पहुंचेगी। भारत अब केवल सहन नहीं करेगा, बल्कि हर हमले का जवाब इतनी ताकत से देगा कि दुश्मन को दोबारा सोचने का अवसर ही न मिले। पीएम मोदी की दहाड है : दुबारा आतंकी हमले की कोशिश की तो होगी दुश्मन की तबाही, मतलब साफ है "अब भारत चुप नहीं बैठेगा। अब भारत मारेगा, वो भी घर में घुसकर।" ये केवल शब्द नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की रणनीतिक चेतावनी है उन सभी ताकतों के लिए जो इसकी संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस करते हैं। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा की गई नापाक हरकत एक बार फिर दर्शाती है कि वह शांति की भाषा नहीं, बल्कि षड्यंत्र और हिंसा की नीति पर चलता है। लेकिन इस बार कहानी बदली है, क्योंकि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। यह नया भारत है अब निर्णायक, साहसी और निर्भीक है। और इस परिवर्तन का केंद्रबिंदु है भारत का नया नेतृत्व। जब पाकिस्तान ने एक बार फिर सीमा पर अशांति फैलाने की कोशिश की, तब भारत ने तत्काल और तीव्र प्रतिक्रिया दी। "ऑपरेशन सिंदूर" केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह भारत के आत्मसम्मान, शौर्य और रणनीतिक कौशल का जीवंत उदाहरण था। इस ऑपरेशन में भारत ने लक्ष्मण रेखा को स्पष्ट कर दिया, अब अगर कोई पार करेगा, तो उसका परिणाम केवल विनाश होगा। कहा जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा नीति ने एक क्रांतिकारी मोड़ लिया है। अब निर्णय लंबे विचार-विमर्श में नहीं उलझते, अब जवाब समय पर और सटीक होता है। मोदी की नीति स्पष्ट है : "शांति की आकांक्षा होनी चाहिए, लेकिन कमजोरी नहीं।" यह नीति अब भारत की सामरिक पहचान बन चुकी है। दुनिया ने देखा है कि भारत अब संयम की आड़ में पीछे हटने वाला नहीं रहा। पुलवामा हो या बालाकोट, सर्जिकल स्ट्राइक हो या गलवान, भारत ने हर बार यह साबित किया है कि वह सहनशील जरूर है, लेकिन अब मौन नहीं रहेगा। नया भारत न केवल जवाब देगा, बल्कि ऐसा जवाब देगा कि दुश्मन सदियों तक याद रखेगा। आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसका आत्मविश्वास चरम पर है। सेना सशक्त है, नेतृत्व स्पष्ट है और जनता जागरूक। भारत अब ना तो किसी से डरता है, ना किसी के दबाव में आता है। यह भारत विजय का युग है। यह भारत निर्भय का युग है। "घर में घुस कर मारेगा" अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की नई सामरिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। यह संदेश केवल दुश्मनों के लिए नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए है कि वह गर्व से कह सके : "मेरा भारत बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है और अब कोई उसे झुका नहीं सकता!" "नया भारतः शांति चाहता है, पर जवाब देना जानता है"। "घर में घुसकर मारेगा : भारत की नई रणनीति है"। "मोदी की लकीर : जहां से दुश्मन का अंत शुरू होता है"। "नापाक मंसूबों का काल है : नया भारत"। "भारत निर्भय, भारत विजय : आ गया है न्यू नॉर्मल"। "सीमा पर नहीं, अब निर्णायक युद्ध सोच और नीति का है भारत"। "लक्ष्मण रेखा पार की? अब परिणाम भुगतो!" वाला भारत है। विदेश मंत्रालय (एमइए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी साफ किया है कि 'आप निश्चित रूप से इस बात की सराहना करेंगे कि 10 मई की सुबह, हमने पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख ठिकानों पर बेहद प्रभावी हमला किया था। यही कारण था कि वे गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार थे। मैं स्पष्ट कर दूं- यह भारतीय हथियारों की ताकत थी जिसने पाकिस्तान को अपनी गोलीबारी रोकने के लिए मजबूर किया। जहां तक अन्य देशों के साथ बातचीत का सवाल है, भारत का संदेश स्पष्ट और सुसंगत था और जो संदेश हम सार्वजनिक मंचों से दे रहे थे, वही संदेश निजी बातचीत में भी दिया गया।' 'यह संदेश था कि भारत 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का जवाब आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर देगा।

## पाकिस्तान की खोखली सेना

अब तो सारी दुनिया जान गई है कि भारत और पाकिस्तान के टकराव में संघर्ष-विराम के लिए बातचीत की पहल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की, जिसके बाद ही संघर्ष विराम पर सहमति बन सकी। इसके अलावा अन्य किसी बात पर न बातचीत हुई और न ही फैसला। फिर भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चौधराहट दिखाते हुए श्रेय लेने लगे कि इसमें उनका हाथ है। उन्होंने तो यहां तक डींगे हांक दी कि उन्हें हैरान करने खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके चलते चीन इस संघर्ष में शामिल हो सकता था। तर्क दिया कि चीन हथियार- आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए प्रयासरत था। पाकिस्तानी सेना द्वारा उपयोग किए गए चीनी हथियार गुणवत्ता में फिसड्डी साबित हुए थे। ऐसे में सवाल लाजिम है कि क्या पाकिस्तानी सेना में लड़ने की क्षमता नहीं है? भारत ने चार दिनों के संघर्ष में ही दुनिया को दिखा दिया कि उसके पास पाकिस्तान को रौंदने की पूरी क्षमता है। पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइलों से वार कर रहा था लेकिन भारतीय हथियारों के सामने वह असहाय नजर आ रहा था। झल्लाहट में पाकिस्तानी सेना ने एक मिसाइल गलत तरीके से दागा, जो अपने लक्ष्य से भटक कर नागरिक आबादी वाले इलाके में एक गुरुद्वारे के पास जा गिरी। विस्फोट से गुरुद्वारे की खिड़कियां टूट गईं और सिखों में दहशत फैल गई। अगर यह प्रार्थना के समय हुआ होता तो बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता था। पाकिस्तान की मिसाइल प्रणाली की खराब टारगेटिंग का एक लंबा रिकॉर्ड है। 2022 में भी एक छोटी दूरी की मिसाइल के परीक्षण के दौरान प्रोजेक्टाइल पाकिस्तान में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। 2024 की शुरुआत में भी इसी तरह के एक परीक्षण अभ्यास के दौरान मिसाइल अपनी ट्रैजेक्टरी से भटककर हवा में ही फट गई थी। इससे भी पाकिस्तान की क्षमताओं पर सवाल उठे थे। इस बार पाक के निशाने पर एक धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग था, जो पहले ही पाकिस्तान में भेदभाव का सामना कर रहा है। जगजाहिर है कि पाकिस्तानी हथियारों की गुणवत्ता खस्ता हाल है। दूसरी ओर भारतीय वायु रक्षा ने हरियाणा के सिरसा में एक पाकिस्तानी फतेह-1 मिसाइल को न सिर्फ रोका बल्कि उसे नष्ट भी कर दिया। इस मिसाइल को पाकिस्तान के गौरव के रूप में प्रचारित किया गया था, जबकि यह कई बार दुर्घटनाग्रस्त हुई है, रास्ते से भटकी है या लॉन्च होने में ही नाकाम रही है। पाकिस्तान के अधिकांश हथियार पुराने, क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से अनुपयोगी हैं। मौके पर टैंक खराब हो जाते हैं, प्रशिक्षण के दौरान जेट दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और चीन से खरीदे गए ड्रोन उड़ान भरने में ही नाकाम हैं। दरअसल, पाकिस्तान में युद्ध के लिए तैयार सेना नहीं बल्कि जर्जर मशीनरी का संग्रहालय बन गया है! जहां वजीरिस्तान में आतंकवादी, बलूचिस्तान में विद्रोही और सिंध में अलगाववादी अपनी जमीन मजबूत कर रहे हैं, वहीं पाक सेना धरती गंवा रही है। आज जो पाकिस्तानी सेना दिख रही है, वह चीन के कबाड़ हथियारों, अधिग्रहण में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मैनिपुलेशन पर जीवित है। अब वह एक पेशेवर लड़ाकू बल नहीं रह गई है। दुनिया को यह हकीकत देखनी चाहिए कि आज पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बाहरी नहीं, उसकी अपनी खोखली सेना है।

## अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस रिश्तों की पुनर्संवेदना का पर्व




प्रो. आरके जैन

परिवार वह पवित्र आलिंगन है, जहाँ जीवन की पहली साँस प्रेम की गर्माहट में खिलती है, जहाँ हर आंसू विश्वास की गोद में सुकून पाता है, और जहाँ सपनों को संस्कारों के पंख मिलते हैं। यह केवल रक्त का बंधन नहीं, बल्कि वह जीवंत धड़कन है, जो समाज की नींव को अटल रखती है, संस्कृति को अमर बनाती है और राष्ट्र को गौरव देती है। परिवार वह पहला गुरुकुल है, जहाँ इंसान न केवल बोलना-चलना सीखता है, बल्कि हँसना, रोना, माफ करना और जीवन की हर चुनौती को गले लगाना भी सीखता है। यह वह आश्रय है, जो तूफानों में ढाल बनता है और खुशियों को सातवें आसमान तक पहुँचाता है। इसी अनमोल बंधन की महत्ता को रेखांकित करने के लिए हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है – परिवार को सशक्त करने, इसकी चुनौतियों को परास्त करने और इसके प्रेम को चिरस्थायी बनाने का। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में इस दिवस की नींव रखी, और 1994 से यह विश्व भर में एक सशक्त मंच के रूप में उभरा है।

यह परिवार की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक भूमिका को न केवल उजागर करता है, बल्कि आधुनिक युग की जटिलताओं से उत्पन्न खतरों पर भी गंभीर चिंतन की माँग करता है। आज वैश्वीकरण, शहरीकरण और तकनीकी क्रांति ने जीवन को अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन परिवार के मूल ढाँचे को भी गहरे रूप से हिला दिया है। संयुक्त परिवार, जो कभी हँसी-खुशी और सहयोग का प्रतीक थे, अब टूटकर एकल परिवारों में सिमट रहे हैं। रिश्तों में स्नेह की जगह औपचारिकता ने ले ली है, और आपसी संवाद को सन्नाटे ने घेर लिया है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने हमें वैश्विक गाँव से जोड़ा, पर अपनों से दूर कर दिया। माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय नहीं, बच्चे डिजिटल दुनिया में खोए हैं, और बुज़ुर्ग उपेक्षा के साये में जी रहे हैं। यह वही परिवार है, जो कभी हमारी सबसे बड़ी ताकत था। क्या हमने इसे खोने का जोखिम मोल लिया है?इस वर्ष, 2025 में, अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम "परिवार और जलवायु कार्रवाईः एक स्थायी भविष्य का निर्माण" एक क्रांतिकारी संदेश लेकर आई है। यह थीम हमें चेताती है कि जलवायु परिवर्तन कोई सुदूर समस्या नहीं, बल्कि हर परिवार की चौखट पर दस्तक देने वाला संकट है।

बढ़ता तापमान, जल संकट, बाढ़, सूखा, खाद्य असुरक्षा और प्राकृतिक आपदाएँ हर घर को प्रभावित कर रही हैं। यह केवल सरकारों या पर्यावरणविदों की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हर परिवार का कर्तव्य है कि वह इस वैश्विक चुनौती के खिलाफ़ खड़ा हो। परिवार वह पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और ज़िम्मेदारी का बीज बोया जा सकता है। छोटे-छोटे कदम – जैसे बिजली और पानी की बचत, प्लास्टिक का बहिष्कार, वृक्षारोपण, रीसाइक्लिंग और जैविक जीवनशैली को अपनाना – न केवल पर्यावरण को बचाएंगे, बल्कि परिवार के सदस्यों को एक साझा लक्ष्य के लिए एकजुट भी करेंगे। माता-पिता, दादा-दादी और बड़े भाई-बहन मिलकर उन्हें प्रकृति का सम्मान करना सिखाएँ। एक बच्चा जो पेड़ लगाना, पानी बचाना और कचरे को कम करना सीखता है, वह न केवल पर्यावरण का रक्षक बनेगा, बल्कि एक ज़िम्मेदार नागरिक भी। परिवार मिलकर सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान या ऊर्जा संरक्षण जैसे कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं।

## पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश



अशोक भाटिया

पहलगाम हमले की भारतीय प्रतिक्रिया, जाहिर है, बहुत सफल रही है। हमारी सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही सटीक हमला नहीं किया, बल्कि पाक सेना के उकसावे पर उसके सैन्य ठिकानों पर भी जबर्दस्त हमला बोला। जवाबी कार्रवाई में चीन और तुर्किये की मिसाइलें और युद्धक विमान धरे के धरे रह गये। यह भी साफ है कि भारत के हमलों से घबराकर पाकिस्तान को अमेरिका की शरण में जाना पड़ा और संघर्षविराम पर सहमति बनी। हालांकि उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और जब-तब पाक सैनिकों की तरफ से संघर्षविराम के उल्लंघन के ब्योरे आ रहे हैं।इस पृष्ठभूमि में हमारे प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को बहुत ठोस संदेश दिया है। उन्होंने बहुत अर्थपूर्ण ढंग से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ भारत की नयी नीति है। इसका मतलब यह है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान की तरफ से आतंकी हमले की हिमाकत होती है, तो इसी तरह से करारा जवाब दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत जरा भी सहने वाला नहीं है। वैसे भी पाकिस्तान पर कैसे भरोसा किया जाए, जिसने आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत में रक्तपात किया है। देश के विभाजन के बाद से पाकिस्तान में कभी शांति नहीं रही है। पाकिस्तान से प्रेरित आतंकवाद पिछले छह दशकों से देश में कहर बरपा रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों द्वारा युद्धविराम अपनाने के बाद, दोनों देशों की सीमा पर गोलीबारी और बमबारी की आवाजें शांत हो गईं। एक-दूसरे पर ड्रोन हमले बंद हो गए। पहलगाम नरसंहार के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया था। जहां भारतीय सेना पाकिस्तान को स्थायी सबक सिखाने में सक्रिय थी, वहीं अचानक युद्धविराम की घोषणा ने लाखों भारतीयों को चौंका दिया। हम पाकिस्तान पर कैसे भरोसा कर सकते हैं, जो हिंसा, आतंकवाद और मानव रक्त से ग्रस्त है? यही वह सवाल है जिसने चर्चा पैदा कर दी है। देश के विभाजन के बाद से भारत ने कई बार पाकिस्तान के साथ समझौता और संघर्ष विराम की कोशिश की है, संघर्ष विराम प्रस्ताव को मंजूरी दी है, लेकिन घुसपैठ और पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद कभी नहीं रुका है। भारत ने आज तक पाकिस्तान को कई बार माफ किया है। यह आश्चर्य की बात है कि पहलगाम नरसंहार में 26 भारतीय महिलाओं के विधवा होने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक ट्वीट पर ऑपरेशन सिंदूर रुक गया।भारत-पाक युद्धविराम के बाद कई सवाल अनुत्तरित हैंः जब भारतीय सेना पाकिस्तानी आतंकवाद का मुकाबला कर रही थी और ड्रोन और मिसाइलों के साथ दुश्मन राष्ट्र पर असाधारण गति से उड़ रही थी, तब अचानक लाल झंडा क्यों उठाया गया? ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद पाकिस्तान में हर दिन बड़ी गिरावट देखी जा रही थी। भारत की सैन्य-सशस्त्र ताकत और मजबूत अर्थव्यवस्था का सामना पाकिस्तान कितना कर पाएगा? ऑपरेशन सिंदूर ने चार दिनों में पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र पर भारी हमला किया गया। पाकिस्तान की रडार प्रणाली कई स्थानों पर नष्ट हो गई। रक्षा प्रणालियों को कई स्थानों पर नष्ट कर दिया गया। भारत ने नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने शुरू में आतंकवाद के विरोध में कूटनीतिक रूप से विरोध किया, फिर व्यापार और निर्यात बंद कर दिया और पाकिस्तान पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। बंद। पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को देश से वापस भेज दिया गया था।सेना तैनात की, फिर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले किए। फिर जमीन के साथ-साथ नौसेना और वायु सेना से भी हमले हुए। ब्रह्मोस के भीषण हमले के बाद, पाकिस्तान का खतरा हिल गया था। ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज 290 किमी है और यह 2500 किमी की गति से हमला कर सकती है। पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइलों से हमला किया गया लेकिन भारत ने प्रत्येक मिसाइल को रोक दिया और बेअसर कर दिया। दोनों देशों के पास परमाणु क्षमताएं हैं। अगर परमाणु हमला होता तो बड़ा नरसंहार होता, इसलिए पाकिस्तान ने तत्काल युद्धविराम के लिए मदद के लिए अमेरिका से संपर्क किया। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत न केवल अपने आसमान की रक्षा करने में सक्षम है , बल्कि वह इसे नियंत्रित करता है। अमेरिका ने जल्दबाजी में भारत-पाकिस्तान युद्धविराम का श्रेय लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट किया और वाशिंगटन डीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दुनिया को बताया कि हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोक दिया। अगर दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हुआ होता, तो लाखों लोगों का नरसंहार होता। अगर युद्ध नहीं रोका गया होता, तो हम व्यापार नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा है कि उन्होंने दोनों देशों को ऐसी चेतावनी दी है। उन्होंने सुझाव दिया है कि अमेरिका अब से भारत और पाकिस्तान पर कड़ी नजर रखेगा। दुनिया में यही संदेश गया है कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों के गले से अपना एजेंडा उतार दिया है। प्रधान मंत्री मोदी ने 12 मई को देश के नाम अपने संबोधन में 'हम' या डोनाल्ड ट्रम्प शब्द नहीं बोले। उसने गलती से ऐसा नहीं कहा। वास्तव में, उन्होंने अपने भाषण में संयुक्त राज्य अमेरिका का उल्लेख भी नहीं किया। ट्रम्प और मोदी ने संघर्ष विराम पर हस्ताक्षर किए जाने के कारणों को समझाने में मतभेद किया। पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने भारतीय सेना से संपर्क किया। उन्होंने भारत से युद्ध विराम पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया। भारत ने युद्धविराम स्वीकार कर लिया क्योंकि उन्होंने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान अब आतंकवादी गतिविधियों या सैन्य गतिविधियों को अंजाम नहीं देगा। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी द्वारा किए गए आह्वान पर भरोसा करके युद्ध विराम कैसे स्वीकार किया जा सकता है? इतना बड़ा फैसला लेने के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों, रक्षा मंत्रियों के साथ-साथ सेना प्रमुखों के बीच एक एजेंडे को ध्यान में रखकर चर्चा होनी चाहिए थी।

## अंक नहीं, असल काबिलियत की पहचान



प्रियंका सौरभ

बच्चों की शिक्षा का विषय हमेशा से ही समाज का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। माता-पिता और शिक्षक, दोनों ही बच्चों की सफलता के लिए चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यह चिंता एक दबाव का रूप ले लेती है। विशेष रूप से अंक या ग्रेड के मामले में, यह दबाव बच्चों की मानसिक सेहत पर गहरा असर डाल सकता है। इस लेख में हम इस मुद्दे की जड़ तक जाने की कोशिश करेंगे कि कैसे अंक और काबिलियत की वास्तविक परिभाषा के बीच के अंतर को समझना और स्वीकारना आवश्यक है। अंक बनाम काबिलियतः एक बुनियादी भेद अक्सर माता-पिता अपने बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे हर विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करें। वे यह मानते हैं कि अच्छे अंक अच्छे भविष्य की गारंटी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अंक केवल एक व्यक्ति की किताबी जानकारी का प्रमाण होते हैं, न कि उसकी असल क्षमता का। उदाहरण के लिए, एक बच्चा जिसे कला, संगीत, खेल या तकनीकी कौशल में रुचि है, वह संभवतः गणित या विज्ञान में उतने अच्छे अंक न ला पाए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह कम लायक है। काबिलियत का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन में समस्याओं को हल करने की क्षमता, नई चीजें सीखने का जज़्बा और परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने की क्षमता है। अंक प्रणाली का वास्तविक प्रभाव हमारे शिक्षा प्रणाली का ढांचा अभी भी पारंपरिक मानदंडों पर आधारित है, जहां अंकों को सफलता का एकमात्र पैमाना माना जाता है। इससे बच्चों में असुरक्षा और आत्म-संकोच की भावना विकसित होती है। कई बच्चे अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरे न उतर पाने के डर से मानसिक तनाव का सामना करते हैं। यह मानसिक दबाव उनकी आत्म-छवि और आत्मविश्वास को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, यह न केवल बच्चों की पढ़ाई पर बल्कि उनके सामाजिक संबंधों और मानसिक सेहत पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास की भावना तभी विकसित होती है जब उन्हें बिना भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। कैसे अंक प्रणाली बच्चों की रचनात्मकता को दबाती है अंक प्रणाली न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और खोज की क्षमता को भी सीमित करती है। वे अपनी मौलिक सोच और रचनात्मकता को छोड़कर केवल अंकों की दौड़ में शामिल हो जाते हैं। यह समस्या केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में देखी जा रही है, जहां छात्रों को एक निर्धारित पाठ्यक्रम में ढालने का प्रयास किया जाता है, बिना उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को पहचानने की कोशिश किए। इसके परिणामस्वरूप, कई बच्चे अपनी वास्तविक क्षमता और रुचियों को पहचानने में विफल रहते हैं, जो कि उनके जीवन में दीर्घकालिक असंतोष का कारण बन सकता है। समाज का नज़रिया और दबाव समाज का नज़रिया भी इस समस्या का एक बड़ा कारण है। अक्सर माता-पिता अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से करने लगते हैं। यह तुलना बच्चों में हीन भावना और जलन पैदा कर सकती है। साथ ही, यह उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। बच्चों को यह महसूस होने लगता है कि उनकी पहचान केवल उनके अंकों से ही मापी जाती है, न कि उनके चरित्र, कौशल और मानवीय मूल्यों से। बच्चों का मानसिक विकास तभी संभव है जब उन्हें बिना किसी भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। परिवर्तन की आवश्यकता हमें शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक समझदार, सशक्त और नैतिक नागरिक का निर्माण करना होना चाहिए। इसके लिए हमें अंकों से परे जाकर बच्चों की असल काबिलियत को पहचानने और उसे प्रोत्साहित करने की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। हमें यह समझना होगा कि हर बच्चा अद्वितीय है और उसकी रुचियां, क्षमताएं और सपने भी अलग हैं।

बच्चों को समर्थन दें, दबाव नहीं माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को प्रेरित करें, न कि उन पर अनावश्यक दबाव डालें। हर बच्चा अनोखा होता है, उसकी सोच, रुचि और क्षमता भी अलग होती है। हमें चाहिए कि हम उन्हें अपने सपनों को पूरा करने की आजादी दें, न कि केवल समाज के तय किए गए मापदंडों पर खरा उतरने का बोझ डालें। बच्चों के साथ संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका दें। केवल अच्छे अंक लाने पर ही नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान बनने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्हें जीवन के हर पहलू में सफलता पाने का आत्मविश्वास दें। अंक जीवन का एक छोटा हिस्सा हैं, लेकिन असल काबिलियत और नैतिकता जीवन का असली मूल्य है। इसलिए हमें चाहिए कि हम बच्चों को केवल अच्छे अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित करें।

## अंदर-बाहर अलग-अलग



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

आजकल के जमाने में सच्चाई की परिभाषा ही बदल गई है। अब सच्चा आदमी वह है जो फेसबुक पर अपनी निजी जिंदगी के हर पहलू को साझा करता है, सिवाय उन चीजों के जो वास्तव में निजी हैं। लोग अपने खाने-पीने की तस्वीरें पोस्ट करते हैं, लेकिन अपने असली विचार नहीं। यह एक नए तरह का त्याग है - व्यक्तिगतता का त्याग। एक मित्र ने बताया कि एक व्यक्ति विशेष अपने व्हाट्सएप्प स्टेटस पर रोज नई-नई भविष्यवाणियाँ और प्रेरणादायक संदेश पोस्ट करता है। जब उससे पूछा गया कि वह खुद इन पर अमल करता है या नहीं, तो उसने बड़ी मासूमियत से कहा, भाई, यह तो मेरे पब्लिक रिलेशन के लिए है। लगता है अब पब्लिक रिलेशन का मतलब लोगों को बोर करना और खुद को महान दिखाना हो गया है। एक अन्य परिचित ने बताया कि उसने एक बड़े नेता जी का भाषण सुना। नेता जी ने कहा, हमारी सरकार ने इतना काम किया है कि अब जनता को हमें वोट देना ही चाहिए। जब उस परिचित ने पूछा कि आखिर जनता को क्यों वोट देना चाहिए, तो नेता जी ने तपाक से कहा, क्योंकि हमने इतना काम किया है। यह तर्क कुछ वैसा ही है जैसे कोई कहे कि आप मुझे खाना परोसो क्योंकि मैंने भूखा रहकर दिन गुजारा है। एक सज्जन ने मुझसे कहा कि फलां आदमी बहुत अच्छा है, वह हमेशा दूसरों की मदद करता है। मैंने पूछा, कैसे? तो उन्होंने बताया कि वह फेसबुक पर जरूरतमंद लोगों की पोस्ट शेयर करता है और बड़े उदारता से कमेंट करता है, भगवान आपकी मदद करे। लगता है अब 'सेवा' का अर्थ सोशल मीडिया पर सहानुभूति जताना हो गया है। असलियत में कोई कुछ करता नहीं, बस ऑनलाइन फोटो खिंचवाकर लाइक और शेयर बटोरता है। आजकल लोग इतने ज्यादा 'सेवा-मूलक' हो गए हैं कि अगर किसी को सड़क पर चलते हुए बुखार आता दिखे, तो तुरंत उसकी फोटो खींचकर फेसबुक पर डाल देते हैं, आज फिर मानवता की सेवा का अवसर मिला। बेचारा मरीज तड़पता रहता है, और लोग लाइक और शेयर में लगे रहते हैं। एक परिचित ने बताया कि एक संत ने कहा है कि प्रभु की भक्ति में ध्यान लगाना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि वह खुद कितना ध्यान लगाते हैं, तो उन्होंने कहा, ₹ध्यान तो भक्त लगाते हैं, संत तो सिर्फ प्रवचन देते हैं। लगता है अब अध्यात्म भी एक व्यवसाय हो गया है, जहाँ मुनाफा आत्मिक शांति नहीं, बल्कि दान और दक्षिणा है। आजकल के संतों की व्यावसायिकता देखिए। एक संत ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु की कृपा से उनका आश्रम दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है।

किसी ने पूछा कि प्रभु की कृपा क्या केवल आश्रम तक ही सीमित है, तो संत ने कहा, नहीं, प्रभु की कृपा तो सर्वत्र है, लेकिन मार्केटिंग के लिए आश्रम का नाम ज़रूरी है। अब तो लगता है कि सच्चाई भी एक सोशल मीडिया पोस्ट है - दिखावटी, क्षणिक और लाइक-शेयर की मोहताज। और हाँ, अगर कोई इस सच्चाई पर सवाल उठाए, तो तुरंत उसे ब्लॉक कर दिया जाता है, क्योंकि सच्चाई तो वही है जो हमने पोस्ट की है। बाकी सब झूठ।

# अमीर बनाने से पहले मां लक्ष्मी देती हैं ऐसे संकेत



ज्योतिष में शकुन शास्त्र में शुभ और अशुभ संकेत के बारे में विस्तार से बताया गया है। इनके जरिए अनुमान लगाया जाता है कि रोजमर्रा में हमारे आसपास होने वाली घटनाएं हमें शुभता के बारे में बता रही हैं या सावधान होने का संकेत दे रही हैं। लोग धन प्राप्ति के लिए प्रयास करते हैं लेकिन कई बार उन्हें शिकायत होती है कि उन्हें समय पर लाभ नहीं मिल पाता है। हालांकि चिड़िया, काली चींटियां आदि धन प्राप्ति को लेकर शुभ संकेत देती हैं।

**घर पर चिड़िया का घोंसला शुभ**

अगर आपके घर पर किसी चिड़िया ने घोंसला बनाया है तो माना जाता है कि आपके घर पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा होने वाली है। इसमें भी गौरैया अगर घोंसला बनाती है तो वह काफी शुभ माना जाता है।

**काली चींटियों का झुंड दिखना**

माना जाता है कि अगर घर पर काली चींटियों का झुंड लगातार दिखता है तो आप पर मां लक्ष्मी मेहरबान हैं। इसे शुभ संकेत के तौर पर देखा जाता है और समझा जाता है कि धन प्राप्ति की दिशा में किए गए आपके प्रयास सफल होंगे।

**सुबह उठते ही शंख की आवाज सुनना**

सुबह-सुबह उठते ही शंख की ध्वनि सुनाई देना शुभ संकेत माना जाता है। समझा जाता है कि सुबह उठते ही और शाम के समय शंख की आवाज सुनना आय में बढ़ोतरी के संकेत देता है।

**तीन छिपकलियां एक साथ दिखना**

इसी तरह छिपकलियां भी धन को लेकर शुभ संकेत देती हैं। माना जाता है कि अगर घर पर एक ही जगह पर तीन छिपकलियां दिखें या छिपकलियां एक दूसरे का पीछा करते हुए दिखें तो मां लक्ष्मी आपको अपार धन दे सकती हैं।

सपने में बारिश या खुद को तैरते हुए देखना

सपने भी धन प्राप्ति के संकेत देते हैं। अगर सपने में फूल, फल, अनाज, जल, सफेद रंग, देवी-देवता दिखाई देते हैं तो माना जाता है कि धन लाभ हो सकता है। सपने में खुद को कुएं से पानी भरते देखना, पानी में तैरना, बारिश होते देखना भी धन लाभ का संकेत माना जाता है।

**ये भी माने जाते हैं शुभ संकेत**

इसके अलावा किसी काम के लिए बाहर जाते हुए गन्ना दिखना या कुत्ते के मुंह में कुछ शाकाहारी चीज का दिखना, दाहिने हाथ में लगातार खुजली होना, सुबह-सुबह किसी को झाड़ू लगाते हुए देखना, घर में उल्लू या तोते का आना, सुबह के समय भौहों का फड़कना और फूल पर तितली को बैठे दिखना शुभ संकेत माने जाते हैं।

शुभ संकेत दिखने पर करें ये उपायजब आपको ये शुभ संकेत दिखने लगें तो आपको कुछ उपाय जरूर करने चाहिए। तुलसी के पौधे का पूजन करना चाहिए। दूध से अर्घ्य दें। मंदिर में 5 दीये जलाएं और मां लक्ष्मी का पूजन करें। इससे शुभ संकेतों का लाभ जल्दी मिल सकता है।

# मनी प्लांट लगाने में भूलकर भी न करें ये गलतियां, अमीर की बजाए कंगाल हो जाएंगे आप

मनी प्लांट का पौधा न सिर्फ देखने में सुंदर होता है बल्कि ज्योतिष और वास्तु में सुख समृद्धि का भी प्रतीक माना जाता है। मनी प्लांट के पौधे को घर में कैसे और किस स्थान पर लगाएं, इसको लेकर वास्तु में कुछ खास नियम बताए गए हैं। मनी प्लांट अगर सही स्थान और सही दिशा में न लगा हो तो यह समृद्धि बढ़ाने की बजाए आपको कंगाल भी कर सकता है। आइए आपको बताते हैं मनी प्लांट को लगाने के नियम और सही दिशा।

मनी प्लांट का पौधा घर में लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है। यह पौधा अपने साथ न सिर्फ आर्थिक संपन्नता बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी आपके घर में लेकर आता है। लेकिन घर में मनी प्लांट लगाते वक्त हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसका हमें उल्टा परिणाम मिलने लगता है और फायदे की वजह नुकसान होने लगता है। वास्तु में मनी प्लांट को लगाने की दिशा और स्थान बहुत मायने रखता है। अगर आपने गलत दिशा में मनी प्लांट लगाया है तो आपके घर में हमेशा पैसों की तंगी बनी रहेगी। तो आइए आपको बताते हैं कि मनी प्लांट को लगाने की सही दिशा और स्थान कौन सा होना चाहिए। आइए आपको बताते हैं मनी प्लांट से जुड़े वास्तु टिप्स और साथ ही इन बातों का भी रखें ख्याल।

**चोरी का मनी प्लांट**

वास्तु शास्त्र में बताया गया है अपने घर में भूलकर भी चोरी किया हुआ मनी प्लांट न लगाएं। ऐसा पौधा आपको अमीर बनाने की बजाए कंगाल बना देगा। वास्तु के नियमों में बताया गया है कि मनी प्लांट को बाजार से खरीदकर ही अपने घर में लगाना चाहिए। या फिर अगर आपके घर में पहले से एक गमले में मनी प्लांट लगा है तो उसका कुछ हिस्सा दूसरे गमले में लगा सकते हैं, लेकिन भूलकर भी किसी दूसरे के घर का मनी प्लांट अपने घर में नहीं लगाना चाहिए।

**मनी प्लांट लगाने की सही दिशा**

मनी प्लांट को भूलकर उत्तर-पूर्व की दिशा




यानी कि ईशान कोण में न लगाएं। मनी प्लांट लगाने के लिए यह दिशा सही नहीं मानी जाती है। यदि आपको अपने घर में मनी प्लांट लगाना है तो इसे दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाएं। इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से आपके घर में पैसों की कमी नहीं रहती है और आप हर प्रकार के कर्ज से मुक्त रहते हैं। साथ ही इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**जमीन पर न गिरे मनी प्लांट**

मनी प्लांट अगर आपके घर में है तो इस बात का ध्यान रखें कि इसकी डाल और पत्ते जमीन पर न छुएं। ऐसा होना बहुत ही अशुभ माना जाता है। मनी प्लांट के गमले को सदैव ऊंचे स्थान पर रखें और इसकी बेल ऊपर की ओर बढ़नी चाहिए लेकिन जमीन को नहीं छूनी चाहिए। मनी प्लांट की बढ़ती बेल आपके घर की प्रगति को दर्शाती है। अगर मनी प्लांट की बेल जमीन पर रहती है तो यह नकारात्मक ऊर्जा का संकेत है। ऐसा होने पर आपके घर में पैसों की बर्बादी है और फालतू खर्च बहुत होता है।

**सूखी या मुरझाई पत्तियां हटा दें**

मनी प्लांट को हरा-भरा रखना जरूरी है, इसकी सूखी और पीली पत्तियां हटा देनी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि ये पत्तियां घर में नकारात्मक ऊर्जा लाती हैं, पौधे को नियमित रूप से पानी देना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि अधिक पानी देने से इसकी जड़ें सड़ सकती हैं। मनी प्लांट को हरा भरा रखने के लिए इसकी बीच-बीच में गुड़ाई करते रहना चाहिए। इससे जड़ों में पर्याप्त मात्रा में पोषण बना रहता है।

## जो भी सच्चा है, धर्मरत है, हम उसका साथ देंगे

पूरा संसार चौंका हुआ है कि पाकिस्तान जैसे देश में आतंकी ठिकानों की जानकारी भारत को कैसे मिली? पाकिस्तान भी वर्षों तक ढूंढेगा कि ये सूचना कैसे बाहर गई? पाकिस्तानी तो शायद नहीं जानते होंगे इस नाम को, पर भारतीय दृष्टि से कहा जाए तो- कौन था विभीषण? भारतीय लोग विभीषण ढूंढने में बड़े माहिर हैं। विभीषण की खोज हनुमान जी ने की थी, लेकिन विभीषण प्रिय राम जी के थे। विभीषण का नाम आते ही लोग किसी ऐसे व्यक्ति की कल्पना करते हैं, जिसने इधर की उधर लगा दी, रहस्य खोल दिया। लेकिन यदि विभीषण आलोचना का व्यक्तित्व होता तो राम उनको इतना सम्मान नहीं देते।

राम का कहना था विभीषण की सबसे बड़ी अच्छाई थी कि उन्होंने बुराई का विरोध किया था। उनके मन में लंका का राज प्राप्त करने की कोई आकांक्षा नहीं थी, न ही लोभ था। उनका शुद्ध इरादा था सत्य के साथ, धर्म के साथ खड़े रहने का।

# महाभारत के 5 विनाशकारी शस्त्र जो पलक झपकते ही रणभूमि पर मचा देते थे तबाही

महाभारत के युद्ध में कई अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग किया गया था। इनमें अर्जुन का धनुष गांडीव, कर्ण का विजय ऐसे शस्त्र थे, जिनके प्रयोग से अर्जुन और कर्ण की शक्तियां बढ़ती थीं। इनके अलावा नारायणस्त्र जैसे कई अन्य विनाशकारी शस्त्र थे, जो प्राचीन होकर भी बहुत आधुनिक शस्त्र थे। आइए, विस्तार से जानते हैं महाभारत के इन शस्त्रों के बारे में। महाभारत में अनगिनत वीर, साहसी और पराक्रमी योद्धा थे। पांडवों के अलावा कौरव पक्ष में भी कई ऐसे बलशाली योद्धा थे, जिन्होंने कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर तबाही मचा दी थी। ऐसे में अगर उन्हें भगवान श्रीकृष्ण ने नहीं रोका होता, तो महाभारत युद्ध का नतीजा कुछ और ही होता। पराक्रमी योद्धाओं से अलग अगर बात करें, कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर प्रयोग होने वाले शस्त्रों की, तो द्वापर युग में भी ऐसे शस्त्र थे, जो प्राचीन युग के हिसाब से बहुत ही आधुनिक थे। इन शस्त्रों की मारक क्षमता ऐसी थी कि इसके एक प्रहार से एक साथ हजारों योद्धा रणभूमि पर धराशायी हो जाते थे। आइए, जानते हैं महाभारत के विनाशक शस्त्र।



**पाशुपतास्त्र को केवल दो ही शस्त्र रोक सकते थे**

पाशुपतास्त्र एक ऐसा शस्त्र था, जिसे चलाने के लिए धर्म का पालन करना बहुत जरूरी था। इसका अर्थ यह है कि पाशुपतास्त्र पल भर में संसार को तबाह कर सकता था। इसका उपयोग केवल दुष्टों के संहार के लिए था लेकिन अगर किसी पुण्यकारी आत्मा पर इसे चलाया था, तो पलटकर यह चलाने वाले को ही समाप्त कर देता था। यह भगवान शिव का शक्तिशाली अस्त्र माना जाता है। अर्जुन ने इसे तपस्या से प्राप्त किया था। शिव के त्रिशूल और विष्णु के सुदर्शन चक्र में ही इसे रोकने की क्षमता थी।

नारायणास्त्र एक ऐसा शस्त्र जिससे पूरा ब्रह्मांड कांपता था। यह भगवान विष्णु का शस्त्र था। कुरुक्षेत्र में अश्वत्थामा ने पांडवों की सेना पर किया था, जिससे हजारों सैनिक एक बार में मारे गए थे। यह अस्त्र बहुत शक्तिशाली था। नारायणास्त्र का मुकाबला पूरे ब्रह्मांड में कोई नहीं कर सकता था। मतलब इससे टक्कर लेने वाला कोई नहीं था। इसे रोकने का बस एक ही तरीका था। वो था पूरी तरह से समर्पण कर देना।

**नारायणास्त्र जिसके नाम से कांपता था पूरा ब्रह्मांड**

'वसावी' जो अमोघ शक्ति के नाम से था प्रसिद्ध

इंद्र देव का वसावी शक्ति नामक एक शक्तिशाली अस्त्र था। यह अस्त्र अमोघ था और एक बार ही प्रयोग किया जा सकता था। कर्ण को यह अस्त्र इंद्र ने दिया था. कर्ण ने इसे अर्जुन को मारने के लिए रखा था। परिस्थिति के कारण कर्ण को इसका प्रयोग भीम के पुत्र घटोत्कच पर करना पड़ा था। माना जाता है कि अमोघ शक्ति का प्रयोग अगर अर्जुन पर किया जाता, तो उसका बचना नामुमकिन होता।

**सुदर्शन चक्र पूरे कुरुक्षेत्र की रणभूमि में घूम-घूमकर संहार कर रहा था**

सुदर्शन चक्र को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है, जो श्रीकृष्ण के पास था। महाभारत के युद्ध में कौरव और पांडव तो केवल चरित्र मात्र थे लेकिन वास्तव में पापियों को उनके पाप की सजा श्रीकृष्ण अपने सुदर्शन चक्र से दे रहे थे। यह बात बर्बरीक के कटे सिर ने भी सभी को बताई थी। सुदर्शन चक्र को न्याय का प्रतीक माना जाता है।

ब्रह्मास्त्र जिसकी मारक क्षमता ऐसी कि मिट सकती थी पूरी सृष्टि ब्रह्मास्त्र एक शक्तिशाली अस्त्र था। महाभारत में अर्जुन, कर्ण और श्रीकृष्ण जैसे योद्धा इसे चलाने का ज्ञान रखते थे। अश्वत्थामा ने इसका प्रयोग किया, जिससे गर्भ में पल रहे शिशुओं की भी मौत हो गई। उसे इसे वापस लेने का ज्ञान नहीं था। शास्त्रों के अनुसार, इसके विनाश को रोकने के लिए दूसरा ब्रह्मास्त्र छोड़ना पड़ता था।

# 10 जून तक रहेगा ज्येष्ठ माह, ठंडे जल से करें शिव जी का अभिषेक

इस महीने में गर्मी पूरे प्रभाव में होती है। ज्येष्ठ मास में वट सावित्रि व्रत, गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी जैसे व्रत-पर्व मनाए जाते हैं, जो हमें गर्मी के दिनों में पानी का महत्व बताते हैं। ये महीना गर्मी में जल बचाने और जल के अपव्यय को रोकने का संदेश देता है। जानिए ज्येष्ठ मास से जुड़ी परंपराएं...

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, ज्येष्ठ महीने में साल की सबसे बड़ी एकादशी यानी निर्जला एकादशी (6 जून) का व्रत किया जाता है। इस एकादशी पर भक्त दिनभर पानी भी नहीं पीते हैं। गर्मी के समय में दिनभर भूखे-प्यासे रहकर भगवान विष्णु की भक्ति की जाती है। इसलिए इस व्रत को एक तप की तरह माना जाता है। ये व्रत हमें पानी की एक-एक बूंद की कीमत समझाता है।

**रोज सुबह जल्दी उठें और सूर्य पूजा करें**

ज्येष्ठ मास में रोज सुबह सूर्योदय से पहले जागना चाहिए। स्नान के बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। अर्घ्य देने के लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करें। ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं। अर्घ्य चढ़ाने के बाद तुलसी को भी जल चढ़ाएं।

**इष्टदेव के मंत्रों का करें जप**

सूर्य को जल चढ़ाने के बाद घर के मंदिर में पूजा करें और पूजा में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप करें। जैसे शिव जी के लिए ऊँ नमः शिवाय, विष्णु जी के लिए ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय, श्रीकृष्ण के लिए कृं कृष्णाय नमः, श्रीराम के लिए रां रामाय नमः, हनुमान जी के लिए श्री रामदूताय नमः, देवी मां के लिए दुं दुर्गायै नमः मंत्र का जप कर सकते हैं।

**शिवलिंग पर चढ़ाएं ठंडा जल**

भगवान शिव का ठंडे जल से अभिषेक करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल चढ़ाएं। धूप-दीप जलाएं। भोग लगाएं। आरती करें। भगवान के मंत्रों का जप करें।

**पूजा के बाद ध्यान जरूर करें**

मंत्र जप के बाद घर के मंदिर में ध्यान करना चाहिए। दोनों आंखें बंद करके अपना ध्यान दोनों भौंहों के बीच आज्ञा चक्र पर लगाएं। सांस लेने और छोड़ने की गति सामान्य रखें। आप चाहें तो ध्यान करते समय मंत्र जप भी कर सकते हैं। ध्यान करने से मन शांत होता है।

**जल का दान करें**

ज्येष्ठ मास में दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। इस महीने में जल का दान करने का महत्व काफी अधिक है। किसी मंदिर में या किसी अन्य पब्लिक प्लेस पर प्याऊ लगा सकते हैं, किसी प्याऊ में मटके का या धन का दान कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, जूते-चप्पल, कपड़े और छाते का दान करना चाहिए। किसी गौ शाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें। गायों को हरी घास खिलाएं।

इस महीने में पशु-पक्षियों के खाने-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। गर्मी की वजह से पशु-पक्षियों को खाना-पानी आसानी से नहीं मिल पाता है। ऐसे में हमें अपने घर के आसपास पशु-पक्षियों के लिए जल और खाना रखना चाहिए। घर के आसपास पेड़-पौधों को पानी जरूर डालें।

**तीर्थ यात्रा करने की परंपरा**

ज्येष्ठ मास में तीर्थ यात्रा करने की परंपरा है। इन दिनों में उत्तराखंड के चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमनोत्री की यात्रा कर सकते हैं। हरिद्वार, ऋषिकेश जा सकते हैं। गर्मी के दिनों में की गई तीर्थ यात्रा सकारात्मकता बढ़ाती है।

# महादेव के इन मंत्रों से करें दिन की शुरुआत

सोमवार सप्ताह का पहला दिन होता है, जो महादेव की पूजा को समर्पित है। इस दिन भोलेनाथ की उपासना-उपवास रखने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसके अलावा कुंडली में भी चंद्रमा मजबूत होता है, जिसके प्रभाव से मानसिक शांति बनी रहती हैं। मान्यता है कि यदि सोमवार को दान-दक्षिणा, हवन, जागरण व शिवलिंग पर जल अर्पित किया जाए, तो पूरे सप्ताह के शुभ बितने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस दौरान दिन की शुरुआत भोलेनाथ के मंत्रों के साथ करना और भी लाभकारी होता है, इससे कार्यों में सफलता, व्यापार में लाभ, तनाव में कमी और जीवन में खुशियां आती हैं। ऐसे में



आइए महाकाल के इन मंत्रों के बारे में जानते हैं।

**महामृत्युंजय मंत्र**

ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ऊँ भुवः भूः स्वः ऊँ सः जूं हौं ऊँ।।

सुख और शांति प्राप्त करने का मंत्र

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात!

**भगवान शिव के प्रभावशाली मंत्र**

ओम साधो जातये नमः।। ओम वाम देवाय नमः।।
ओम अघोराय नमः।। ओम तत्पुरूषाय नमः।।
ओम ईशानाय नमः।। ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।।

**शिव गायत्री मंत्र**

ॐ तत्पुरुषाय विदमहे,
महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात।'

# जीवन में करना चाहते हैं उन्नति तो करें इन 6 चीजों का त्याग

महाभारत के युद्ध की घोषणा हो गई तो धृतराष्ट्र ने संजय से रणभूमि के परिदृश्यों के बारे में पूछा। उनकी बातों को सुनकर जब धृतराष्ट्र का मन विचलित हो गया तो उन्होंने महात्मा विदुर को बुलाने का आदेश दिया, ताकि उनके सुंदर वचनों को सुनकर अपने हित को वो समझ पाए। जब विदुर धृतराष्ट्र के पास आए तो उन्होंने कई बातें बताई, जो इस कलियुग में सभी लोगों को जाननी चाहिए। यदि आप जीवन में उन्नति करना चाहते हैं तो महात्मा विदुर की नीति को समझें।

**छोड़ दें ये 6 चीजें, जीवन में करेंगे उन्नति**

महात्मा विदुर ने धृतराष्ट्र से कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में उन्नति करना चाहता है या ऐश्वर्य की प्राप्ति करना चाहता है, उसे 6 प्रकार के दुर्गुणों का त्याग अवश्य ही कर देना चाहिए।

**नींद:** जिस व्यक्ति को उन्नति करना है, उसे अपनी नींद का त्याग करना होगा। वह अधिक देर तक सोता रहेगा, तो उसे लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा। कहा जाता है कि जो सोता है, वो खोता है, जो जागता है, वो पाता है।

**तंद्रा या ऊंघना:** दिन भर आप तंद्रा में रहते हैं यानि ऊंघते रहते हैं तो यह भी अच्छी बात नहीं है। यह आपके लक्ष्य के प्रति एकाग्रता के बाधा



है। पता चले कि मौका आपके पास आए और आप ऊंघते हुए समय गंवा दें।

**डर:** यदि आपके मन में किसी भी प्रकार का डर, असमंजस, आत्मविश्वास की कमी आदि है तो आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आप हमेशा अपने ही बनाए अनुकूल वातावरण में रहना चाहेंगे। यदि आप अपने कंफर्ट जोन को ब्रेक नहीं करते हैं तो आपकी उन्नति संभव नहीं है। हार या असफलता का डर व्यक्ति की उन्नति में बाधक है।

**आलस्य:** जो लोग काम करने में आलस्य दिखाते हैं, आज के काम को कल पर टाल देते हैं, टालमटोल की आदत की वजह से वो व्यक्ति आगे नहीं बढ़ पाते हैं, सुनहरे अवसर उसके हाथ से निकल जाते हैं। आलस्य असफलता का कारण है।

**दीर्घ सूत्रता:** दीर्घ सूत्रता का मतलब यह है कि जो काम 1 घंटे में हो जाना चाहिए, वो काम करने में उससे अधिक समय लगाते हैं, तो ऐसी आदत भी सफलता और तरक्की में बाधक है।

आज के समय में भी आप यदि महात्मा विदुर की इस नीति का पालन करते हैं तो आपको सफल होने से कोई रोक नहीं सकता है। ये 6 बातें आपकी सफलता के लिए उपयोगी हो सकती हैं। यदि आपमें कोई ऐसी बुराई है तो जल्द से जल्द उसे दूर कर लें।

**कौन थे महात्मा विदुर**

द्वापर युग में महात्मा विदुर महर्षि वेद व्यास जी के पुत्र थे। उनका जन्म एक दासी से हुआ था, इसलिए उनको दासी पुत्र कहा जाता है। उनको यम का अवतार मानते थे। वे धृतराष्ट्र के मंत्री, ज्ञानी और धर्म के ज्ञाता थे। उनको शास्त्र, वेद और राजनीति अच्छी समझ थी। वे धृतराष्ट्र को सुझाव देते थे। उन्होंने समय समय पर कौरवों की षड्यंत्रों से पांडवों की रक्षा की। उनके विचारों को विदुर नीति के नाम से जानते हैं।

# पश्तुन परिवार में जन्मी जरीन खान को सलमान खान ने दिलाया काम, फिर दिए बोल्ड सीन

बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं, जिन्होंने बहुत ही कम समय में खूब नाम कमाया, इन्हीं अभिनेत्रियों में जरीन खान का नाम आता है। जरीन खान बॉलीवुड की अभिनेत्री होने के साथ मॉडल भी हैं। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'वीर' से सलमान खान के साथ की। 14 मई 1987 को मुस्लिम पश्तुन (जिसे पठान या अफगान भी कहा जाता है) परिवार में जन्मीं जरीन को हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, मराठी के अलावा पश्तो भाषा आती है। बचपन में वह डॉक्टर बनना चाहती थीं लेकिन बाद में उनका रुझान फिल्मों की तरफ हो गया। इसके बाद उन्होंने सुभाष घई के फिल्म स्कूल में अभिनय सीखा।



अनिल शर्मा अपने दोस्त सलमान खान के साथ फिल्म 'वीर' बनाने जा रहे थे तभी सलमान ने जरीन का नाम सुझाया। स्क्रीन टेस्ट के बाद जरीन को फिल्म में काम मिला। इस फिल्म के लिए जरीन ने अपना वजन 8 किलो बढ़ाया। फिल्म 'वीर' बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन तो नहीं कर सकी लेकिन जरीन के प्रदर्शन को मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। शुरूआत में कहा गया कि जरीन खान कैटरीना कैफ की तरह दिखती हैं। उन्होंने फिल्म 'हेट स्टोरी 3' और इसके बाद फिल्म 'अक्सर 2' में बोल्ड सीन दिए।

जरीन खान अली फजल के साथ 'प्यार मंगा है' गाने में दिखाई दीं। इस गाने में भी उन्होंने बोल्ड सीन दिए। साल 2016 में वह फिल्म 'वजह तुम हो' में 'माही वे' गाने में नजर आईं। जरीन खान साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'हम भी अकेले तुम भी अकेले' में नजर आईं। फिल्म दो समलैंगिकों की प्रेम कहानी पर आधारित है।

**अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'वीर' से सलमान खान के साथ की**

# कान्स 2025 में चर्चा में रहा उर्वशी रौतेला का पैरेट क्लच

उर्वशी रौतेला ने कान्स 2025 की ओपनिंग सेरेमनी के रेड कार्पेट पर एक मल्टीकलर फ्लोर-लेंथ गाउन पहने पहुंचीं। मगर उनके लुक से ज्यादा जिस चीज ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा वो था उर्वशी का पैरेट क्लच। उर्वशी ने मल्टीकलर स्टोन स्टडेड टियारा और यूनिक क्लच कैरी किया था। एक्ट्रेस का ये क्लच लाखों की कीमत का था, जो उर्वशी का स्टाइल स्टेटमेंट बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक इस क्लच की कीमत करीब 4.7 लाख रुपये हैं।

इंस्टाग्राम पेज डाइट सब्या के मुताबिक, उर्वशी ने जो पैरेट क्लच कैरी किया है वो डिजाइनर जूडिथ लीबर का है और इसकी जबरदस्त कीमत 5,495 डॉलर (करीब 4.68 लाख रुपये) है। एक्ट्रेस ने इस क्लच को कान्स में ऐसे कैरी किया जैसे अपने पेट को हाथ में पकड़ा जाता है। उर्वशी ने अपने लुक से ज्यादा कैमरे के सामने अपने क्लच को फ्लॉन्ट किया और उसे चूमा भी।

उर्वशी के ड्रेस की बात करें तो उनके लॉन्ग गाउन के पीछे की तरफ एक लंबा ट्यूल था, जो दोनों तरफ से फूला हुआ था। उर्वशी का अपने लुक को ऐसे मेकअप से सील किया जो काफी ग्लॉसी था। उन्होंने बोल्ड आई रखी थी जो काफी ग्लिटरी लुक दे रही थीं। उनकी मल्टीकलर ड्रेस में ब्लैक कॉन्ट्रास्ट था, जो उनके पैरेट क्लच और टियारा सभी से मैच कर रहा था।

**यूजर्स के कमेंट्स**

उर्वशी के लुक को लेकर अलग-अलग यूजर्स ने रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, "सो ब्यूटीफुल, सो एलिगेंट, जस्ट लुकिंग लाइक ए डिजाइन मशीन स्टूडियो।" दूसरे यूजर ने लिखा, "उर्वशी ने ऐश्वर्या का लुक खराब कर दिया।" एक यूजर ने लिखा, "मौलिन रूज मीट्स मयूर विहार।" कई लोगों का उनका मेकअप पसंद नहीं आया। एक यूजर ने उर्वशी को ओवरड्रेसिंग, ओवर मेकअप, ओवरएक्टिंग, हर चीज को ओवर बताया।

**अपने लुक के लिए ट्रोल हुईं उर्वशी**

उर्वशी का क्लच भले ही चर्चा में है, लेकिन उनके आउटफिट को काफी ट्रोल किया जा रहा है। कई यूजर्स को उनके इस आउटफिट को देख ऐश्वर्या राय के 2018 कान्स लुक की याद आ गई है। हालांकि ऐश्वर्या के उस लुक की काफी तारीफ हुई थी और आज भी उसे उनके सबसे बेहतरीन लुक माना जाता है।



# नई मूवी में सॉउथ अभिनेत्री श्रीलीला के साथ नजर आएंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जाता है कि वह फिल्म में अभिनेत्री श्रीलीला के साथ नजर आएंगे। उन्होंने अभिनेत्री श्रीलीला के साथ एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में नजर आ रहा है कि वह दोनों शीशे में देखकर मुस्कुरा रहा हैं। पोस्ट के कैप्शन में कार्तिक ने लिखा 'एक लंबे शेड्यूल का आखिरी दिन।'





**दिवाली के मौके पर रिलीज होगी फिल्म**

कार्तिक जिस फिल्म पर काम करने वाले हैं उसका अभी तक नाम सामने नहीं आया है। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन का अलग लुक नजर आने वाला है। फिल्म में वह लंबे बाल और दाढ़ी के साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साल 2025 में दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है।

**नई होगी फिल्म की कहानी**

खबर है कि कार्तिक आर्यन ने फिल्म की शूटिंग का एक हिस्सा पूरा कर लिया है। कार्तिक की नई फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी तो नहीं है, लेकिन बताया जाता है कि इस फिल्म की कहानी नई होगी। फिल्म प्यार की कहानी पर आधारित है।

**कार्तिक के पास है दूसरी फिल्म**

इस फिल्म के अलावा आर्यन खान फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में वैलेंटाइन डे के पहले 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। ये फिल्म रोमांटिक कॉमेडी होगी। हालांकि अभी इसकी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

**नाग का किरदार निभाएंगे कार्तिक**

कार्तिक आर्यन के पास फिल्म 'नागजिला' भी है। फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया। पोस्टर शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा 'इंसानों वाली फिल्में तो बहुत देख लीं, अब देखो नागों वाली फिल्म नागजिला। नागलोक का पहला कांड। फन फैलाने आ रहा हूं मैं, नाग पंचमी पर आपके नजदीकी सिनेमा में। 14 अगस्त 2026 को।'

# मेरे पहले बॉयफ्रेंड की कार एक्सिडेंट में हो गई मौत : प्रीति जिंटा

साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'कल हो ना हो' में प्रीति ज़िंटा के नैना कैथरीन कपूर का किरदार उनकी बेहतरीन एक्टिंग में से एक माना जाता है। यह फिल्म न्यूयॉर्क में रहने वाली एक इंट्रोवर्ट भारतीय-अमेरिकी महिला नैना (प्रीति ज़िंटा) की कहानी है। अपने आकर्षक पड़ोसी अमन माथुर (शाहरुख़ खान) से मिलने के बाद उसकी ज़िंदगी एक नया मोड़ लेती है। फिल्म में शाहरुख खान की मौत के सीन ने दर्शकों को जमकर रुलाया। हाल ही में, प्रीति ज़िंटा ने खुलासा किया कि वह भी हर बार ये सीन देखकर रो पड़ती हैं। हालांकि, उनके लिए इसकी वजह काफी पर्सनल है।

हाल ही में एक फैन ने एक्स पर एक्ट्रेस से पूछा, ' प्रीति मैम, जब भी मैं कल हो ना हो देखता हूं, मैं बच्चों की तरह रोता हूं। आपने नैना कैथरीन कपूर को बखूबी निभाया है। साथ ही एक सबक यह भी सीखा कि प्यार का मतलब कभी-कभी खुद को छोड़ देना होता है।' इसपर प्रीति ने बड़ा ही खूबसूरत रिएक्शन दिया है और अपना कुछ किस्सा भी सुनाया।

**जब हम इसे फिल्मा रहे थे तब भी मैं रोई थी**

प्रीति ने लिखा, 'हां, जब भी मैं इसे देखती हूं तो रोती हूं और जब हम इसे फिल्मा रहे थे तब भी मैं रोई थी! मेरे पहले प्यार की एक कार एक्सिडेंट में मौत हो गई, इसलिए यह फिल्म हमेशा अलग तरह से हिट करती है। मजेदार फैक्ट ये है कि अधिकांश सीन में सभी कलाकार नैचुरली रोए और अमन की मौत के सीन में हर कोई कैमरे के सामने और पीछे भी रो रहा था।'

**'कल हो ना हो 2' नहीं बनाई जानी चाहिए**

निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और करण जौहर की प्रड्यूस इस फिल्म में सैफ अली खान भी हैं और ये इन सितारों की अच्छी फिल्मों की लिस्ट में शामिल है।

'कल हो ना हो' को पिछले साल सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ किया गया था। चूंकि इस फिल्म को दर्शकों से खूब सारा प्यार मिला, इसलिए सीक्वल की संभावना के बारे में चर्चा थी। हालांकि, मुकेश छाबड़ा के साथ बातचीत में निखिल ने साफ किया कि फिल्म के लिए कोई सीक्वल नहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'कल हो ना हो 2' नहीं बनाई जानी चाहिए।



# चूर-चूर हुआ उर्फी का कान्स 2025 में जाने का सपना

अफसोस, कान्स 2025 में डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयारी कर चुकी उर्फी जावेद अब इस भव्य समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगी। उनका आउटफिट भी रेडी है, लेकिन इसके बावजूद वह कान में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

**उर्फी का टूटा सपना**


अपने बोल्ड और अतरंगी स्टाइल से पहचान बनाने वाली उर्फी जावेद एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं, जिसकी वजह कान 2025। उर्फी ने इंस्टाग्राम पर कान 2025 में शामिल होने और उनके सपने के टूटने की पूरी घटना को एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। उर्फी कान 2025 में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

**उर्फी का दुखद इंस्टाग्राम पोस्ट**

यह बताते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे इंडे वाइल्ड के जरिए कान जाने का मौका भी मिला था लेकिन जैसा मेरी किस्मत में लिखा था, मेरा वीजा रिजेक्ट हो गया। मैं कुछ मजेदार आउटफिट आइडिया पर काम कर रही थी, लेकिन वीजा रिजेक्ट होने के बाद मैं और मेरी टीम बेहद निराश हो गई है।'

**क्यों सोशल मीडिया से थीं दूर**

उर्फी ने इंस्टाग्राम पर अपनी सोशल मीडिया से दूरी पर भी लिखा,'मैं पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया से दूर थीं। कुछ भी अपलोड नहीं कर रही थीं, कहीं पर भी स्पॉट नहीं हो रही थी क्योंकि मैं मुश्किल दौर से गुजर रही थी। मेरा बिजनेस नहीं चल रहा था, मैंने काफी अलग-अलग चीजें भी कोशिश की, लेकिन हर बार ही मुझे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा।'



**रिजेक्शन दुनिया का अंत नहीं**

उर्फी ने बताया कि रिजेक्शन दुनाया का अंत नहीं है। उन्होंने लिखा, 'मुझे यकीन है कि आप में से बहुत से लोग खुद रिजेक्शन से गुजरे होंगे और मुझे आपकी कहानियां जानना अच्छा लगेगा। आइए एक-दूसरे को सपोर्ट करें क्योंकि रिजेक्शन दुनिया का अंत नहीं है। यह आपको और कड़ी मेहनत करने के लिए मोटिवेट करता है। रिजेक्शन के बाद, निराश महसूस करना और उस पर रोना नॉर्मल है। यहां तक कि मैं भी रोती हूं, लेकिन अगर आर ध्यान से देखें तो हर रिजेक्शन एक मौका है। जिंदगी में बहुत सारे रिजेक्शन के बाद। मैं रुकने वाली नहीं हूं और इसलिए आपको भी नहीं रुकना चाहिए।'

# 13 अरब से लिपटी मालकिन ने कान्स का नियम तोड़ दिखाए अमीरों वाले ठाठ, लॉन्ग ट्रेल गाउन में हेइदी ने ढाया कहर

जर्मन अमेरिकी सुपरमॉडल और एक टेलीविजन पर्सनालिटी हेइदी क्लम बेहिसाब दौलत, स्टाइल अंदाज और अमेरिका गॉट टैलेंट के जज के तौर पर जानी जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस खूबसूरत हसीना की अनुमानित कुल संपत्ति $160 मिलियन है, जो भारतीय करेंसी के हिसाब से 13 अरब 64 करोड़ से भी ज्यादा है।

दरअसल जर्मनी नेक्स्ट टॉप मॉडल ने प्रोजेक्ट रनवे, मेकिंग द कट की मेजबानी के साथ अमेरिका के गॉट टैलेंट में जज के रूप में काम करने के अलावा सक्सेसफुल मॉडलिंग करियर की बदौलत है इतनी दौलत कमाई है। हेइदी के लिए कहा जाता है कि वह किसी के लिए भी अपने लुक से कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं। जिसका उदाहरण कान्स फिल्म फेस्टिवल में देखने को मिला है। जहां क्लम ड्रोस कोड निमय को तोड़ती नजर आई हैं।

**हेइदी क्लम की शानदार अपीरियंस**

दरअसल 51 साल की मॉडल हेइदी क्लम कान्स फिल्म महोत्सव 2025 के उद्घाटन समारोह और लीव वन डे की स्क्रीनिंग के लिए रेड कार्पेट पर उतरीं। हसीना का लुक ड्रामैटिक और अट्रेक्टिव था। उन्होंने पिंक कलर का एली साब हाउते कॉउचर गाउन पहना था। जिसकी खूबसूरती हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी।



**कैसा है हेइदी क्लम का गाउन**

इस स्ट्रैपलेस गुलाबी रंग की ड्रेस में खिलते हुए फूल की तरह लेयर्ड, पंखुड़ी जैसी डिटेल्स थीं जो एक ट्रेन की तरह फैली हुई थीं, जिसकी वजह से रेड कार्पेट कवर हो रहा था। जबकि हाई थाई स्लिट की वजह से हसीना का लुक ग्लैमरस लग रहा है। वहीं अटायर का कलर और डिटेलिंग हसीना को उम्र से छोटा भी दिखा रही है।

**कैसे टूटा कान्स ड्रेस कोड का रूल**

आधिकारिक वेबसाइट ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के ड्रेस कोड को लेकर नियम शेयर किए थे। जिसमें भारी कपड़े, स्पेशली बड़े ट्रेल वाले..जिनकी वजह से मेहमानों को रेड कार्पेट पर आने-जाने में दिक्कत हो और थिएटर में बैठने को परेशानी हो, उनकी इजाजत नहीं है। ओवर एक्सपोजिंग या न्यूडिटी एक्स्प्लोर करते कपड़ों पर भी मना है। लेकिन हेइदी का गाउन में लॉन्ग ट्रेल और हाई स्लिट भी है। अटायर के ये फिचर्स रूल ब्रेक करते हैं।

**हेइदी ने यूं दी लुक को फीनिशिंग**

वहीं अब एक्सेसरजी और जूलरी की बात करें तो सुपरमॉडल ने अपने लुक को सादगी से कंप्लीट किया है। उन्होंने दोनों हाथों की उंगली में रिंग पहनी और स्ट्रैपी हील्स को स्टाइल किया। अपने सुनहरे बालों को ढीले लहरों में बांधा जो उनके कंधों के पीछे गिर रहे थे। वहीं स्मोकी आईज और ग्लॉसी मेकअप खूबसूरती में बढ़ा रहा था।

# 70 के बाद भी रहेंगे फिट और हेल्दी सुबह उठते ही कर लें बस ये काम



किसी भी उम्र में हेल्दी और फिट रहा जा सकता है। इसके लिए आपको अपने दिन की शुरुआत कुछ बेहतर तरीके से करनी होगी। आप अपनी दिनचर्या में योग आदि जैसी चीजों को भी शामिल कर सकते हैं।

बढ़ती उम्र के कारण बॉडी में कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। इस उम्र में बॉडी में ऊर्जा का स्तर काफी कम हो जाता है। 70 से 80 की उम्र में



पहुंचते-पहुंचते लोगों की शारीरिक और मानसिक स्थिति पहले की तरह नहीं रहती है। वे इस मामले में काफी कमजोर महसूस करने लगते हैं।

वैसे भी अगर आप इस उम्र में भी फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो सुबह की कुछ आदतों को आप बदल सकते हैं। इस लेख में हम आपके लिए चार टिप्स लेकर आए हैं, जिसको आप फॉलो कर फिट और खुशहाल रह सकते हैं।

**गुनगुने पानी से करें दिन की शुरुआत**

आप किसी भी उम्र में भी क्यों न हों, आप अपने दिन की शुरुआत गुनगुने पानी के साथ करें। इससे आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और पाचन बेहतर बना रहता है। गर्म या फिर गुनगुना पानी शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को आसानी से बाहर निकालने में मदद करता है।

**योग को करें अपनी दिनचर्या में शामिल**

उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर की लचक कम हो जाती है। ऐसे में आप अपने दिन की शुरुआत योग और ध्यान के साथ कर सकते हैं। सुबह 10-15 मिनट की हल्की स्ट्रेचिंग और योग काफी फायदेमंद होता है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो बेहतर बना रहता है और पूरे दिन शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**पॉजिटिव सोच अपनाएं**

इस उम्र में मानसिक स्थिति कई बार ठीक नहीं होती है। ऐसे में आप ध्यान लगा सकते हैं। कुछ मिनट का प्राणायाम और ध्यान चिंता और तनाव को कम करता है और नींद में सुधार लाता है। यह दिन भर करता है और दिनभर के लिए सकारात्मकता भर देता है।

**सुबह में करें नाश्ता**

सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी होता है। इस उम्र में भी आप अपने दिन की शुरुआत हल्के नाश्ते के साथ कर सकते हैं। आप नाश्ते में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स को जरूर शामिल करें। इससे शरीर को पोषण मिलता है और कमजोरी दूर होती है।

# गरम मसाले से बढ़ाएं खाने का स्वाद घर पर ही इस तरह तैयार करें



खाने का स्वाद भारतीय मसालों के बिना कल्पना नहीं की जा सकती है। सब्जी हो, दाल हो या फिर बिरयानी ही क्यों न हो, हर चीज में स्वाद को बढ़ाने के लिए मसाले का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। वैसे तो भारत में मसाले कई तरह के होते हैं, हालांकि, इन सभी में सबसे सर्वश्रेष्ठ गरम मसाला होता है। गरम मसाले को सदाबहार मसाला भी कहा जाता है, क्योंकि इसका उपयोग सब्जी से लेकर और भी कई जगहों पर किया जाता है।

**घर पर बनाएं खुशबूदार गरम मसाला**

वहीं, आज के समय बाजार में मिलने वाले मसालों में मिलावट बड़े पैमाने पर होती है, जिसके उपयोग से कई बार नुकसान भी होने का खतरा रहता है। हालांकि, आप अपने घर पर ही गरम मसाले को तैयार कर सकते हैं। यह खाने के स्वाद को तो बढ़ाएगा ही, यह स्वास्थ्य का भी ख्याल रखेगा।

**घर पर गरम मसाला बनाने की सामग्री**

दालचीनी के 5 टुकड़े
4 पीस बड़ी इलायची
4 तेजपत्ता
2 चम्मच काली मिर्च
2 चम्मच लौंग
2 चम्मच जीरा
3 चम्मच धनिया के बीज
आधा टुकड़ा जायफल
एक बड़ा पीस सूखा अदरक
जावित्री के दो टुकड़े

**घर पर कैसे बनाएं गरम मसाला?**

घर पर गरम मसाला तैयार करने के लिए आप सबसे पहले सभी मसालों को अच्छे से साफ कर लें, जिससे इसमें मौजूद धूल-मिट्टी आसानी से निकल जाए। अब इन सभी खड़े मसालों को कढ़ाई में धीमी आंच पर तीन से चार मिनट तक भूनें। कुछ समय के बाद इससे खुशबू आने लगेगी। अब मसालों को ठंडा होने दें, फिर मिक्सी या ग्राइंडर में डालकर बारीक पीस लें। इस तरह आप घर पर ही गरम मसाले को आसानी से तैयार कर सकते हैं। अब आप इसे एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख सकते हैं।

# गर्मी में रहेंगे सुपर कूल, सुबह-सुबह पिएं ये डिटॉक्स ड्रिंक, तेजी से घटेगा वजन



गर्मी के मौसम में कई जगहों पर तापमान तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेटेड रखना काफी जरूरी होता है। आप सुबह के समय ठंडी और हेल्दी डिटॉक्स ड्रिंक पी सकते हैं। यह शरीर को ताजा रखने के साथ-साथ वजन को भी कम करने में मदद करेगा। गर्मी के मौसम में अगर आप भी कूल रहना चाहते हैं, तो हम आपके लिए खीरे, नींबू और पुदीने का डिटॉक्स ड्रिंक लेकर आए हैं, जिसेआप आसानी से तैयार कर सकते हैं।

**डिटॉक्स ड्रिंक बनाने की सामग्री**

एक खीरा
एक नींबू
20 पुदीने की पत्तियां
1 लीटर ठंडा पानी
1 चुटकी काला नमक

कैसे बनाएं डिटॉक्स ड्रिंक?

डिटॉक्स ड्रिंक को बनाने के लिए आप खीरे, नींबू और पुदीने को सही से धोकर साफ कर लें। अब एक जग में खीरे और नींबू के स्लाइस को काटकर डालें। अब इसमें पुदीने की पत्तियां डालें। इन सभी को डालने के बाद आप एक लीटर ठंडा पानी मिलाएं और रातभर फ्रिज में रखें। आप सुबह उठते ही इसको खाली पेट पी सकते हैं।

**डिटॉक्स ड्रिंक पीने के फायदे**

गर्मी के मौसम में सुबह-सुबह डिटॉक्स ड्रिंक पीने के कई बेहतरीन फायदे होते हैं। यह बॉडी को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। डिटॉक्स ड्रिंक पीने से शरीर में मौजूद हानिकारक तत्व आसानी से बाहर निकल जाते हैं। इसका असर त्वचा पर भी दिखता है। नियमित तौर पर इसको पीने से स्किन ग्लो करने लगती है और पिंपल्स की समस्या भी कम होती है। उम्मीद है यह जानकारी आपको पसंद आई होगी।

# प्रेग्नेंसी में चुकंदर खाने के फायदे सलाद या जूस किस तरीके से करें सेवन

जच्चा और बच्चा दोनों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रेग्नेंसी में खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। चुकंदर का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर, मिनरल, विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। यह शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। चुकंदर गर्भवती महिला को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। डॉक्टर की सलाह पर आप इसे संतुलित मात्रा में अपनी डाइट में शामिल कर सकती हैं। आइए जानते हैं इससे होने वाले फायदे। साथ ही सलाद या जूस किस तरीके से चुकंदर का सेवन गर्भवती महिला के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।

गर्भावस्था में चुकंदर खाने के फायदे

**शरीर को मिलती एनर्जी**

चुकंदर में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स होता है। गर्भावस्था में इसका सेवन करने से एनर्जी मिलती है। शारीरिक सहनशक्ति बढ़ती है।

**सूजन कम करने में करे मदद**

गर्भावस्था में अक्सर महिलाओं के पैरों में सूजन आ जाती है। चुकंदर सूजन को कम करने में सहायक होता है। क्योंकि इसमें बीटालेन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है।

**जन्म संबंधी रोग के जोखिम को घटाए**

चुकंदर में काफी अच्छी मात्रा फोलेट होता है। इसे खाने से जन्म संबंधी रोग का जोखिम कम होता है। साथ ही शिशुओं के नर्वस सिस्टम के विकास में मदद मिलती है।

**खून को करे साफ**

चुकंदर का सेवन करने से महिलाओं को खून साफ होता है। साथ ही संक्रमण से बचाव होता है। गर्भावस्था में इसका सेवन करने से प्रेग्नेंट महिला का स्टेमिना अच्छा होता है।

**पाचन की समस्याओं से बचाएं**

चुकंदर में भरपूर मात्रा में हाई फाइबर होता है। इसका सेवन करने से गर्भावस्था में पाचन संबंधी परेशानियां दूर रहती हैं। इसे खाने से पेट जल्दी साफ हो जाता है।

**गर्भावस्था में कैसे करें चुकंदर का सेवन?**

चुकंदर को सलाद में खाना या फिर उसका जूस पीना दोनों ही फायदेमंद होते हैं। चुकंदर का जूस पीने से नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल की मिलती है । लेकिन चुकंदर का जूस पीने से आपके शरीर में फाइबर की मात्रा कम पहुंचेगी।



# 36 से 28 की हो जाएगी कमर, बस इस तरह कर लें सौंफ का सेवन; कुछ ही दिन में दिखेगा बेहतर रिजल्ट



आज के समय मोटापा और बढ़ती चर्बी के कारण कई लोग परेशान रहते हैं। इससे कई तरह की बीमारियां भी होने का खतरा रहता है। ऐसे में इसको कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। वजन को कम करने के लिए लोग जिम से लेकर योगा तक का सहारा लेते हैं। हालांकि, आप नेचुरल तरीके से भी इसको कम कर सकते हैं।



**पाचन होता है बेहतर**

दरअसल, सौंफ का सेवन वेट कम करने के लिए काफी बेहतर होता है। आप सुबह के समय सौंफ का पानी पी सकते हैं। यह काफी फायदेमंद होता है। यह पाचन को काफी बेहतर करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन कम होता है। इसमें फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और जरूरी मिनरल्स मौजूद होते हैं, जो शरीर में जमे विषैले तत्वों को आसानी से बाहर निकालने में मदद करते हैं।

**सौंफ का पानी**

आप सुबह के समय सौंफ का पानी पी सकते हैं। इसके लिए आप रात के समय एक बड़ा चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह उठकर इसे छान लें और खाली पेट पी लें। यह पाचन को सुधारता है और वजन घटाने में मदद करता है। यह शरीर को भी डिटॉक्स करता है।

**सौंफ की चाय**

आप सौंफ की चाय भी बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए एक कप पानी में आधा चम्मच सौंफ डालकर उबालें। जब यह थोड़ा ठंडा हो जाए, तो इसमें थोड़ा नींबू रस और शहद मिलाएं। यह चाय पाचन को बेहतर बनाती है और इम्युनिटी को बूस्ट करती है।

**कुछ ही दिनों में दिखेगा असर**

अगर आप सौंफ की चाय या फिर पानी को नियमित तौर पर सेवन करते हैं, तो इससे कई तरह के फायदे होते हैं। रोजाना खाली पेट सौंफ का पानी पीने से कुछ ही हफ्तों में कमर की चर्बी तेजी से कम होने लगती है।

# चिपचिपी गर्मी में बस इस तरह कर लें एलोवेरा का उपयोग; त्वचा होगी ब्राइट



गर्मी के मौसम में त्वचा की चमक काफी फीकी पड़ जाती है। दरअसल, पसीना, धूल और प्रदूषण त्वचा की चमक को छीन लेते हैं। ऐसे में कई बार स्किन काफी ड्राई और चिपचिपी हो जाती है। भीषण गर्मी में भी त्वचा को चमकदार, फ्रेश और ग्लोइंग बनाने के लिए आप एलोवेरा का उपयोग कर सकते हैं। चेहरे पर एलोवेरा का उपयोग करने से त्वचा गर्मी में भी ब्राइट, क्लीन और हेल्दी बनी रहेगी।

**नेचुरल क्लीनर है एलोवेरा**

गर्मी के मौसम में स्किन चिपचिपाहट और ऑयली हो जाती है। इसके कारण चेहरे पर पिंपल्स, एक्ने और डलनेस जैसी समस्याएं होने लगती हैं। वैसे तो बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिलते हैं, जिसको आप उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, इसके कई साइड इफेक्ट भी हैं। एलोवेरा से आप नेचुरल तरीके से त्वचा को साफ कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण त्वचा से गंदगी हटाकर उसे साफ और तरोताजा बनाते हैं।

**एलोवेरा जेल और गुलाब जल का उपयोग**

एलोवेरा जेल और गुलाब जल के उपयोग से आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स, एक्ने और डलनेस जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच फ्रेश एलोवेरा जेल में कुछ बूंदें गुलाब जल की मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह फेस मास्क स्किन को ठंडक देगा और फ्रेशनेस बनाए रखेगा।

**एलोवेरा और नींबू का मिश्रण**

एलोवेरा और नींबू का मिश्रण आप लगा सकते हैं। यह टैनिंग को भी हटाता है। इसके लिए आप एलोवेरा जेल में आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर लगाएं। करीब 10 मिनट तक इसे रखने के बाद आप ठंडे पानी से धो लें। इससे स्किन ब्राइट और ग्लोइंग बनी रहेगी।

**एलेवेरा आइस क्यूब्स**

एलोवेरा जेल को आइस ट्रे में भरकर फ्रीज कर लें। हर सुबह एक क्यूब से चेहरे की मसाज करें। यह पसीना कम करेगा और पोर्स को टाइट करने में मदद करेगा।

# गर्मियों में भी फटने लगी एड़ियां तो इन घरेलू उपायों से तुरंत हो जाएंगी नरम

गर्मी के मौसम में एड़ियों का फटना काफी आम होता है। कई बार क्रैक हील्स के कारण चलना काफी मुश्किल हो जाता है और दर्द का सामना करना पड़ता है। दरअसल, गर्मी के मौसम में धूल, पसीना, खुले चप्पल-जूते और पर्याप्त नमी के कारण त्वचा सख्त और सूखी हो जाती है। हालांकि, आप इसको कुछ आसान उपायों से ही घर पर ठीक कर सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपके लिए 3 उपाय लेकर आए हैं, जिसको आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।

**एलोवेरा जेल और नींबू का रस**

एलोवेरा जेल और नींबू का रस से आप फटी एड़ियों का इलाज घर पर ही कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले दो चम्मच एलोवेरा जेल में आधा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब आप इसको सोने से पहले अपनी दोनों एड़ियों पर सही से लगा लें और इसके बाद मोजे पहनकर सो जाएं। सुबह गुनगुने पानी से धोकर सही से साफ कर लें। इस तरह आप फटी एड़ियों को ठीक कर सकते हैं।

**ग्लिसरीन और गुलाब जल**

ग्लिसरीन और गुलाब जल से भी आप फटी एड़ियों को ठीक कर सकते हैं। इसके लिए आप बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल को मिलाकर एक मिश्रण तैयार करें और इसको दिन में कम से कम दो बार अपनी एड़ियों पर लगाएं। इसको लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती है।

**बेकिंग सोडा**

फटी एड़ियों के लिए बेकिंग सोडा का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए एक टब गुनगुने पानी में 2 चम्मच बेकिंग सोडा को मिलाएं। अब इसमें पैरों को 15 मिनट डुबोकर रखें। इसके बाद आप अपनी एड़ी को स्क्रबर से साफ कर लें। दरअसल, बेकिंग सोडा डेड स्किन हटाता है और पैरों को साफ करने में मदद करता है।



# चांदी की पायल को कैसे साफ करें?

शादीशुदा महिलाएं सोहल श्रृंगार करती हैं। इसमें वह सिंदूर, बिंदी और काजल के अलावा कई तरह के आभूषण धारण करती हैं। इसमें पायल से लेकर हार तक शामिल होता है। महिलाएं अपने दोनों पैरों में पायल हर रोज पहनती हैं।

**चांदी की पायल हो जाती है काली**

चांदी की पायलें भारतीय परंपरा और सौंदर्य का अनमोल हिस्सा होती हैं। हालांकि, समय के साथ इस पर कालापन चढ़ने लगता है। कुछ समय के बाद कालापन के कारण पायलें चमक खो देती हैं। ऐसे में आप इसे कुछ घरेलू उपायों से आसानी से साफ कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको इसकी के बारे में बताएंगे।

**टूथपेस्ट से करें पायल की सफाई**

चांदी की पायल को टूथपेस्ट की मदद से भी क्लीन कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले टूथपेस्ट को पायल पर लगाकर एक मुलायम कपड़े से रगड़ें। अब इसको पांच मिनट के बाद गुनगुने पानी से धोकर सूखे कपड़े से पोंछ लें। इस तरह पायल पर आसानी से चमक आ जाएगी।



**बेकिंग सोडा और नींबू का रस**

बेकिंग सोडा और नींबू का रस से भी पायल को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा नींबू के रस को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसको पायल पर लगाएं। कुछ देर तक इसको रगड़ें और फिर धो लें। इस तरह आप पायल के कालापन को हटा सकते हैं।

**एल्युमिनियम फॉयल का करें उपयोग**

आप एल्युमिनियम फॉयल की मदद से भी पायल को साफ कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में गर्म पानी लें और उसमें एक टुकड़ा एल्युमिनियम फॉयल को डालें। अब इसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा और हल्का नमक मिलाएं। इसमें पायल को 10 मिनट तक डुबोकर रखें। कुछ समय के बाद इसको पानी से धो लें। इस तरह आप पायल को क्लीन कर सकते हैं।



# अब नहीं ताकना पड़ेगा चीन का मुंह !

## सरकार ने सुन ली वेदांता के अनिल अग्रवाल की फरियाद, तैयार है प्लान



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। मेटल सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने हाल में एक ट्वीट किया था। इसमें उन्होंने देश में शिपिंग इंडस्ट्री की हालत पर चिंता जताई थी। उनका कहना है कि भारत की शिपिंग इंडस्ट्री चीन के मुकाबले काफी पिछड़ गई है और इसमें तुरंत सुधार करने की जरूरत है। सरकार ने उनकी फरियाद सुन ली है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक सरकार ने देश में जहाजों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार अगले छह साल में इस इंडस्ट्री को 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद देगी। सूत्रों के मुताबिक यह मदद शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस पॉलिसी के दूसरे चरण के लिए होगी। साथ ही सरकार चार नए ग्रीनफील्ड शिपबिल्डिंग और रिपेयर हब भी बनाएगी। इनके लिए जमीन की पहचान कर ली गई है। ओडिशा में पारादीप पोर्ट के पास केंद्रपाड़ा, आंध्र प्रदेश में दुगराजपतनम, गुजरात में कांडला और तमिलनाडु में तूतीकोरिन में 2,000-3,000 एकड़ के चार प्लॉट चुने गए हैं। यहां जहाजों के निर्माण और मरम्मत के केंद्र बनाए जाएंगे। देश को अगले पांच सालों में लगभग 112 जहाजों की जरूरत है। इन जहाजों का इस्तेमाल कच्चा तेल, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, एलपीजी, एलएनजी और अन्य सामान ढोने के लिए किया जाएगा। इनकी अनुमानित लागत 85,700 करोड़ रुपये है। लेकिन हमारे देश के शिपयार्ड सिर्फ 28 जहाज ही बना सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि घरेलू मांग को देखते हुए नए शिपबिल्डिंग हब बनाना बहुत जरूरी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भी मई में 10 मीडियम रेंज टैंकरों के लिए टेंडर निकालने के लिए कहा गया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने जापान की सबसे बड़ी शिपबिल्डर कंपनी इमाबारी शिपबिल्डिंग कंपनी और दक्षिण कोरिया की दो बड़ी कंपनियों एचडी केएसओई और हनव्हा महासागर से दुगराजपतनम में बनने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात की है। अभी भारत में सिर्फ आठ बड़े, सात मध्यम और 28 छोटे शिपयार्ड हैं। एक अधिकारी ने कहा कि घरेलू मांग को पूरा करने और आने वाले वर्षों में एक बड़ा ग्लोबल प्लेयर बनने की बहुत संभावना है।अधिकारियों ने यह भी बताया कि 25,000 करोड़ रुपये का मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। यह फंड शिपिंग सेक्टर को इक्विटी और डेट सिक्योरिटीज के ज़रिए वित्तीय मदद देगा। भारत समुद्री ताकत के मामले में दुनिया में 16वें नंबर पर है।

# भारत को महंगा पड़ सकता है अमेरिका-चीन 'सीजफायर'

## ड्रैगन के सामने कितने दिन टिक पाएंगे हम !



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार में तेजी का माहौल था। निवेशक खुश थे। अप्रैल से अब तक विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार में लगभग 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। लेकिन अमेरिका और चीन का टैरिफ सीजफायर इसमें भारतीय बाजार पर भारी पड़ सकता है। दोनों देशों ने एकदूसरे पर हाल में लगाए गए भारी टैरिफ में कटौती की है। यह व्यवस्था आज से लागू हो गई है और 90 दिन तक जारी रहेगी। ऐसी स्थिति में विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकालकर एक बार फिर चीन में लगा सकते हैं। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार से भारत निवेशकों के लिए सुरक्षित जगह बन गया था। सीएलएसए के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन और अमेरिका के बीच समझौता होने से भारत का आकर्षण कम हो सकता है। मार्च से भारत का बाजार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दूसरा बाजार था। व्यापार युद्ध के डर से विदेशी निवेशक भारत में पैसा लगा रहे थे। हालांकि कुछ जानकारों का कहना है कि वे चीन की वापसी की कहानी पर विश्वास नहीं करते हैं। ओम्नीसाइंस कैपिटल के सीईओ डॉ. विकास गुप्ता का कहना है कि चीनी बाजार ने निवेशकों को लंबे समय में कोई फायदा नहीं दिया है।गुप्ता ने कहा कि एमएससीआई चीन ईटीएफ (एमसीएचआई) 2011 से आज तक लगभग स्थिर है जबकि चीन की जीडीपी बहुत तेजी से बढ़ी है। इससे पता चलता है कि चीन में कंपनियों के वैल्यू बनाने में कुछ समस्या है। कुछ समय के लिए चीन में निवेश बढ़ सकता है लेकिन लंबे समय के लिए चीन में निवेश की संभावना कम है। वहां की इकॉनमी में कई समस्याएं हैं। मसलन चीन पर कर्ज बहुत ज्यादा है, काम करने वाले लोगों की संख्या घट रही है और बैंकों की हालत भी कमजोर है। इन कारणों से एफआईआई चीन में निवेश करने से डरेंगे, भले ही टैरिफ कम हो जाए। वाटरफील्ड एडवाइजर्स के विवेक राजारामन का मानना है कि चीन में कुछ समय के लिए तेजी आ सकती है। चीन में आर्थिक सुधार हो रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में भी अच्छी सफलता पाई है। इससे चीन निवेशकों को आकर्षित कर सकता है। ट्रेड वार के कारण भारत को जो फायदा मिल रहा था, वह अब अमेरिका-चीन डील के कारण कम हो सकता है। इसलिए, कुछ समय के लिए एफआईआई का निवेश चीन में बढ़ सकता है।लेकिन भारत को अभी कम नहीं आंकना चाहिए। राजारामन ने कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी अब भी मजबूत है। एफआईआई पिछले कुछ महीनों में वापस आए हैं क्योंकि भारत की करेंसी स्थिर है और बाजार में तेजी है। कई भारतीय कंपनियां ऐसी हैं जिन पर चीन के व्यापार का असर नहीं होता है। इनमें फार्मा और आईटी कंपनियां शामिल हैं। लेकिन असली मुकाबला मैन्युफैक्चरिंग में हो सकता है। चीन से आने वाला इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और कुछ हद तक फार्मास्युटिकल एपीआई फिर से सस्ता हो सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते से चीन से दूसरे देशों में शिफ्ट होने की लागत बढ़ जाएगी।

# सोना 568 गिरकर 93,776 पर आया

## चांदी की कीमत भी 871 घटी, कैरेट के हिसाब से गोल्ड की कीमत



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 14 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 568 गिरकर 93,776 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,344 थी।वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 871 कम होकर 95,949 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 96,820 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 88,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96,210 रुपए है।

**मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 88,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96,060 रुपए है।

**कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 88,050 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 96,060 रुपए है।

**चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 88,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96,060 रुपए है।

**भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 88,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96,110 रुपए है।

**हैदराबाद** : सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 96,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 88,050 रुपये है।

# अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85% हुई, यह बीते 13 महीने में सबसे कम; मार्च में 2.05 फीसदी थी

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई, जो मार्च में 2.05 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों, बनाए गए उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 फीसदी रह गई। मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 फीसदी थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 फीसदी थी।

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, रसायन और रासायनिक उत्पादों, परिवहन उपकरणों और मशीनरी के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई।

**अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट**

अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट रही, जबकि मार्च में यह गिरावट 15.88% थी। प्याज में अप्रैल में मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि, अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में यह 0.20 प्रतिशत थी।

**खुदरा महंगाई दर घटकर 6 वर्षों के निचले स्तर पर**

इससे पहले मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य




सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर घटकर 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई।

**संतोषजनक दायरे में बनी हुई खुदरा मुद्रास्फीति**

अब तक खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। आरबीआई को सरकार ने मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति 1.78 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.7 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी।

2025-26 के लिए सीपीआई महंगाई दर का अनुमान चार प्रतिशत

भारतीय रिजर्व बैंक को महंगाई को 4 प्रतिशत (±2 प्रतिशत) के दायरे में बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है। मूल्य स्थिति में सुधार आने के बाद आरबीआई दो किस्तों में प्रमुख ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई महंगाई दर का अनुमान 4 प्रतिशत रखा है।

# ड्रैगन की पाकिस्तान परस्ती से भारत-चीन के रिश्तों में दरार

## हायर और जेवी डिजाइनर पर संकट के बादल !



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। भारत और चीन के बीच तनाव एक बार फिर गहरा गया है, और इस बार इसका असर व्यापारिक रिश्तों पर भी दिख रहा है. चीन की सरकार द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किए जाने के बाद भारत और चीन के बीच दूरी बढ़ गई है. इसका सीधा असर उन चीनी कंपनियों पर पड़ रहा है जो भारत में निवेश कर रही हैं या निवेश करने की योजना बना रही हैं. इनमें से एक प्रमुख नाम हायर का है, जो भारत में प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत ज्वाइंट वेंचर (जेवी) डील्स पर काम कर रही है.चीन के पाकिस्तान के प्रति रुख ने भारत और चीन के बीच कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों में नई दरार पैदा कर दी है. भारत सरकार ने उन चीनी कंपनियों पर कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है, जो भारत में व्यापार कर रही हैं या नई साझेदारियां स्थापित करना चाहती हैं. खासकर वे कंपनियां जो पीएलआई योजना के तहत काम कर रही हैं, उन्हें अपने जेवी डील्स के लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता पड़ सकती है. इस बढ़ते तनाव का सबसे अधिक असर हायर जैसी कंपनियों पर पड़ सकता है, जो भारत में अपने मैन्युफैक्चरिंग और अन्य प्रोजेक्ट्स के विस्तार की योजना बना रही हैं. हायर ने भारतीय कंपनियों के साथ ज्वाइंट वेंचर की योजना बनाई थी, ताकि वह भारत सरकार की पीएलआई योजना का लाभ उठा सके. लेकिन अब भारत सरकार की तरफ से चीनी कंपनियों के जेवी डील्स की सख्त जांच के आदेश दिए जा सकते हैं.भारत सरकार की पीएलआई योजना का उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित करना है.

# तुर्किये-अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे भारतीय टूरिस्ट

## मेकमाइट्रिप पर 1 हफ्ते में 250% कैंसिलेशन बढ़े, इंडियंस ने पिछले साल 4,000 करोड़ खर्च किए थे

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मेकमाइट्रिप के अनुसार पिछले एक हफ्ते में तुर्किये-अजरबैजान जाने वाले यात्रिओं के कैंसिलेशन 250% बढ़े हैं। इसी के साथ बुकिंग्स में 60% गिरावट आई है। वहीं जरबैजान के लिए 30%, तुर्किये के लिए 22% कैंसलेशन बढ़े हैं। दरअसल, भारत के ऑपरेशन सिंदूर की तुर्किये और अजरबैजान ने खुलकर आलोचना की थी। इसके बाद पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बॉयकॉट टर्की और बॉयकॉट अजरबैजान ट्रेंड पर रहे। हर्ष गोयनका ने तुर्किये और अजरबैजान जाने वाले भारतीय पर्यटकों से ना जाने की गुजारिश की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा 'भारतीयों ने इन देशों को पिछले साल 4,000 करोड़ रुपए दिए। हमने इनकी इकोनॉमी को सपोर्ट किया, लेकिन आज ये हमारे दुश्मन के साथ खड़े हैं। भारत और दुनिया में 'ट्रैवल एक मजबूत टूल है, इसका उपयोग उन लोगों को मजबूत बनाने के लिए न करें जो हमारे साथ खड़े नहीं हैं। पिछले साल 287,000 भारतीयों ने तुर्किये की यात्रा की और 243,000 लोग अजरबैजान गए। इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्था में टूरिज्म का बड़ा योगदान है। टूरिज्म तुर्किये की जीडीपी में 12% का योगदान करता है 10% लोगों को रोजगार देता है। जबकि, अजरबैजान की जीडीपी में इसका योगदान 7.6% है और यह 10% रोजगार देता है। जब ये देश खुलेआम पाकिस्तान का समर्थन करते हैं, तो क्या हमें उनके पर्यटन और उनकी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए? विदेश में खर्च किया गया हर एक रुपया एक वोट है।

# यूएस को भारत की दो-टूक, फिर अचानक भागने लगे स्टील-एल्यूमिनियम के स्टॉक



नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। शेयर बाजार में सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को तेजी के साथ कारोबार हो रहा है और दोनों इंडेक्स सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त में नजर आ रहे हैं. इस बीच खासकर स्टील और एल्यूमिनियम से जुड़ी कंपनियों के शेयर तेज रफ्तार के साथ भाग रहे हैं. टाटा स्टील का शेयर शुरुआती कारोबार में टॉप गेनर स्टॉक साबित हुआ और 4 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया. इसके अलावा नाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील समेत अन्य इस सेक्टर के शेयर भी रफ्तार पकड़े दिखे। शेयर मार्केट में कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही टाटा ग्रुप की स्टील कंपनी टाटा स्टील का शेयर तेज रफ्तार पकड़ता हुआ नजर आने लगा. इस टाटा शेयर ने 151 रुपये पर ओपनिंग की और खबर लिखे जाने तक ये 4.50 फीसदी की तेजी लेकर 157.15 रुपये पर कारोबार करता दिखा. शेयर में तेजी के चलते कंपनी का मार्केट कैप भी उछलकर 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया.

**इन स्टॉक्स ने भी दिखाया दम**

स्टील और एल्यूमिनियम सेक्टर से जुड़ी अन्य कंपनियों के शेयर पर नजर डालें, तो नेशनल एल्यूमिनियम शेयर 3.40% की उछाल के साथ 173.10 रुपये पर पहुंच गया, तो एनएमडीसी शेयर भी 3% की तेजी लेकर 69.20 रुपये पर कारोबार कर रहा था. हिंदुस्तान जिंक का शेयर भी 2% चढ़कर 440.70 रुपये पर ट्रेड कर रहा था, लेकिन वेदांता लिमिटेड का शेयर 2.50% चढ़कर 447.10 रुपये पर कारोबार कर रहा था.

# पाकिस्तान समेत 7 पड़ोसी देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था पर भारी एसबीआई की बैलेंसशीट

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। महज 15 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार के बल पर भारत के साथ लड़ रहा पाकिस्तान किसी भी पैमाने पर हमारे देश के समक्ष नहीं टिक सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के खाता-बही को देखें तो यह हमारे पड़ोसी सात देशों की संयुक्त जीडीपी से भी ज्यादा है जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। एसबीआई समूह का खाता-बही 858.82 अरब डॉलर यानी 73.14 लाख करोड़ रुपये है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ के अनुसार, 2024 में सात देशों की अर्थव्यवस्था 611.05 अरब डॉलर रही। यानी एसबीआई के खाता-बही से करीब 200 अरब डॉलर कम है। मालदीव की अर्थव्यवस्था का आकार 7.48 अरब डॉलर रहा है। पाकिस्तान की 373 अरब डॉलर व नेपाल की जीडीपी 46 अरब डॉलर है। भूटान की जीडीपी 3.42 अरब डॉलर, म्यांमार की 64.94 अरब डॉलर, अफगानिस्तान की 17.25 अरब डॉलर व श्रीलंका की 98.96 अरब डॉलर है। पाकिस्तान और बांग्लादेश को मिला लिया जाए तो भी एसबीआई अकेले काफी है। बांग्लादेश की जीडीपी 467 अरब डॉलर व पाक की 373 अरब डॉलर है। दोनों मिलकर भी एसबीआई से 19 अरब डॉलर पीछे हैं। पाकिस्तान के लिए भारत के साथ संघर्ष का अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव भी बहुत बड़ा होगा।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 182 अंक चढ़ा ; निफ्टी में भी उछाल

नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का असर बुधवार को शेयर बाजार पर देखने को मिला। आज बाजार में तेजी रही और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 182 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक से अधिक मजबूत हुआ। सेंसेक्स मंगलवार को 1,281.68 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 346.35 अंक की गिरावट आई थी। बुधवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 182.34 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 81,691.87 अंक तक गया और नीचे में 80,910.03 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.55 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 024,666.90 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, इटर्नल, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूरसंचार कंपनी एयरटेल का शेयर एक प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये होने से उसके शेयर में तेजी आई। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावरग्रिड शामिल हैं।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-47
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त. -18-37
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया 04-03 तक उपरान्त चतुर्थी
मास - ज्येष्ठ कृष्ण , गुरुवार 15 May
नक्षत्र - ज्येष्ठा 14-07 तक उपरान्त अनुराधा
योग - शिव 07-01 तक उप सिद्ध
करण- वणिज 15-18 तक विष्टी ( भद्रा)
विशेष:-
व्रत -त्योहार - भद्राकाल - 15-19 से

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष--- 05-48 बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक मे | मिथुन..07-48 बजे |
| मंगल | कर्क मे | कर्क-- 10-00 बजे |
| बुध- | मेष मे | सिंह---12-11 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या..14-18 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला....16-24 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक.18-34 बजे |
| राहु- | मीन मे | धनु.....20-47 बजे |
| केतु- | कन्या मे | मकर....22-54 बजे |
| | | कुंभ.... 00-44 बजे |
| | | मीन....02-26 बजे |
| | | मेष.....03-59 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 13:49 से 15:26 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| शुभ 05:47 - 07:22 शुभ | अमृत 18:37 - 20:03 शुभ |
| रोग 07:22 - 08:59 अशुभ | चंचल 20:03 - 21:26 शुभ |
| उत्पात 08:59 - 10:36 अशुभ | रोग 21:26 - 22:49 अशुभ |
| चंचल 10:36 - 12:13 शुभ | काल 22:49 - 00:12 अशुभ |
| लाभ 12:13 - 13:49 शुभ | लाभ 00:12 - 01:36 शुभ |
| अमृत 13:49 - 15:26 शुभ | उत्पात 01:36 - 02:59 अशुभ |
| काल 15:26 - 17:05 अशुभ | शुभ 02:59 - 04:22 शुभ |
| शुभ 17:03 - 18:37 शुभ | अमृत 04:22 - 05:47 शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
जिन परियोजनाओं पर आप लम्बे समय से लग्न के साथ कार्य कर रहे थे , इस मोड़ पर आप उन्हें सार्वजनिक कर सकते है, और इस तरह से आप अपनी शैली में मंच पर आगे की और शान से रुख कर सकते है । आपके काम की विशिष्टता आपको सम्मान दिलाएगी जब यह सबके सामने आएगी , हालांकि गोपनीयता बना कर रखना समय की मांग है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप अपने आप पर संदेह कर सकते है और अपनी खुद की क्षमता को नजरअंदाज कर सकते हैं। यह सब आपके असुरक्षित व्यवहार की वजह से है जिसे आपको नियंत्रित करना होगा । एक गहरे स्तर पर दूसरों के साथ संदेशो का आदान प्रदान करने का प्रयास करें। इससे न केवल आप उन लोगों के साथ बेहतर सम्बन्ध बना सकोगे बल्कि आप कार्य प्रणाली को भी बेहतर तरीके से समझ पाओगे और आपको अपनी बहुमूल्य स्थिति के बारे में भी जानने में मदद मिलेगी ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
दिन की शुरुआत में ही अपने सभी कार्य खत्म करने की कोशिश करे ! आपको दिन के उत्तरार्द्ध में काम करने का मौका नहीं मिलेगा । किसी भी क्रय या विक्रय में सावधानी बरते अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है । आपको अपनी इच्छा शक्ति पर एक मजबूत नियंत्रण करना होगा , ताकि आप अपने खर्च को संतुलित कर पाए ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज पेशेवर मामलों में, आपको एक प्रभावशाली व्यक्ति से समर्थन मिल सकता है। उस व्यक्ति के साथ काम करते हुए, अपने काम के माध्यम से उसे प्रभावित करने के लिए कोई भी कसर न छोड़े। आप एक पदोन्नति या वेतन वृद्धि को प्राप्त करने के लिए सीढ़ी चढ़ रहे हैं। दूसरों से इसके बारे में बात करने से बचें।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
उद्यम पूंजीपतियों के लिए आज का दिन शुभ हो सकता हैं ! लोग आपकी विचारधारा से प्रभावित होंगे लेकिन अपनी बातो को उनके ऊपर न थोपे । हालांकि आपको धन मिलने में देरी हो सकती है परन्तु ये धन आपको मिलने की उम्मीद है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपकी एकाग्रता और विचारशक्ति इस समय अपने चरम पर है और इसीलिए आप अपने आसपास के लोगों की स्थिति के बारे में और भी संवेदनशील हैं । इससे आपको पिछले कुछ मतभेद सुलझाने में मदद मिलेगी । आप किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में आ सकते हैं जिससे आप काफी पहले अलग हो गए थे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप किसी करीबी को कोई सलाह देंगे और वह इसे बहुत कृतज्ञता के साथ स्वीकार करेगा । आप आज बहुत अच्छे और नरम मूड में हैं ,आज का दिन अपने पुराने दोस्तों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा है । अपने किसी पुराने स्कूल के दोस्त से फोन पर बाते क्र लें,आपको बहुत अच्छा लगेगा । पिछले मतभेदों को भुलाकर आगे बढने के लिए भी अच्छा समय है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप किसी बड़े सम्मेलन या सेमिनार की मेजबानी कर सकते हैं लेकिन आपके मनचाहे समय पर स्थान की उपलब्धता के कारण हुई हल्की सी ग़लतफ़हमी से आपको शर्मिंदगी महसूस होगी और आपको कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है । आपको ऐसे समय में शांति बनाये रखनी होगी और सकारात्मक कोशिशें करते रहनी होंगी ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है । आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपमें समर्पण की अद्भुत भावना आ गयी है । आपको परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे । जीवन की चुनातियों से निपटने के लिए आप अपने कौशलों को निखारने और अपनी छुपी हुई क्षमता को बाहर लाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं । आपका सफ़र मुश्किल हो सकता है लेकिन आप इसका हरेक पल आनंद लेंगे ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं । उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें । सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा । ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज ग्रहों की दशा आपको शांत तरीके से अपने बारे में सोचने का मौका देगी । आपने पिछले समय में कई मौकों पर काफी कठोर ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी है लेकिन अब आप मानसिक रूप से काफी शांत स्थिति में हैं । सुलह करने और सम्बन्ध सुधरने के लिए बहुत अच्छा समय है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# चिनाब की कहानी लाशों और खून से भरी हुई है


## प्रेमियों की एक नदी की कहानी, जो भारत से पाकिस्तान में बहती है

नई दिल्ली, 14 मई (एक्सक्लूसिव डेस्क)। आज चिनाब दरिया भारत पाकिस्तान के तनाव की वजह से दरियादिली की मोहताज बना चुकी है। वेडनसडे बिग टिकट में सरहदों को न मानने वाली चिनाब के किनारों पर पनपी रूहानी मोहब्बत की कहानी जानते हैं।

पंजाबी के इस लोकगीत में प्रेमिका चिनाब दरिया के उस पार जंगल में रहने वाले अपने प्रेमी से मिलने के लिए कच्चे घड़े से नदी पार कराने के लिए कहती है। घड़ा कहता है कि मैं कच्चा हूं और तुम्हारे किसी काम का नहीं, नदी में उफान है, मैं तुम्हे पार नहीं करा सकता। लड़की जिद करती है। लड़की कच्चे घड़े के साथ नदी में उतरती है जो बीच में ही गलने लगता है और लड़की डूबने लगती है। लड़की की चीख सुनकर उसका प्रेमी चिनाब नदी में छलांग लगा देता है, लेकिन नदी का बहाव इतना तेज होता है कि वह अपनी प्रेमिका को बचा नहीं पाता और नदी की धारा में दोनों बह जाते हैं।

सोहनी और माहीवाल की प्रेम कहानी के तौर पर हिंदुस्तान और पाकिस्तान की साझा लोककथा में दर्ज सैकड़ों साल पुरानी यह दास्तान दोनों देशों के बंटवारे की दर्द की तरह ही आज भी आंखों में आंसू और सीने में तकलीफ भर देती है। यह कहानी शुरू होती है हजारों किलोमीटर का सफर तय करके उज़्बेकिस्तान के बुखारा शहर का रहने वाले इज्जत बेग के पंजाब प्रांत में चिनाब नदी के किनारे बसे एक गांव में एक कुम्हार के घर पहुंचने से। इज्जत बेग उज़्बेकिस्तान से मिट्टी के बर्तन खरीदने आया होता और देखता है कि कुम्हार की बेटी सोहनी मिट्टी के बर्तनों पर फूल बना रही है। सोहनी इतनी सुंदर है कि उसे देखकर इज्जत बेग को उससे प्यार हो जाता है। फिर वह चिनाब नदी के पार जंगलों में अपने लिए झोपड़ी बनाता है और मिट्टी के बर्तन खरीदने के बहाने सोहनी को देखने के लिए रोज उसके घर आने लगता है। दोनों को प्यार हो जाता है, लेकिन हालात ऐसे बनते हैं कि सोहनी की शादी हो जाती है। सोहनी का पति बर्तनों का कारोबारी है और मजबूरी में इज्जत बेग को सोहनी के पति की भैंसों को चराने की नौकरी करनी पड़ती है। उस इलाके में भैंस को माहिया कहा जाता है और माहिया को चराने की वजह से इज्जत बेग अब माहीवाल के नाम से पुकारा जाने लगता है।

सोहनी अक्सर रात में घड़े के सहारे नदी पार करके माहीवाल से मिलने जाती है। माहीवाल की माली हालत धीरे धीरे बिल्कुल खराब हो चुकी होती है। एक दिन ऐसा होता है कि मिलने के लिए आई भूखी सोहनी को खिलाने के लिए माहीवाल के पास कुछ नहीं होता...तो वह अपनी जांघ का मांस सोहनी को बनाकर खिलाता है। लेकिन उस रात जब सोहनी माहीवाल से मिलकर लौटती है तो उसकी ननद उसे देख लेती है। सोहनी को रोकने की मंशा से ननद पक्के घड़े को कच्चे घड़े से



बदल देती है। इस बात से अंजान अगली रात सोहनी जब माहीवाल से मिलने जाती है तो कच्चा घड़ा नदी में गलने लगता है और घायल माहीवाल भी उसे बचाने में असफल होता और पानी की तेज धारा में दोनों डूब जाते हैं।

दुखद कहानियों का अंत अपने में समटे बहती प्रेम की नदी

इस कहानी का दुखद अंत उसी चिनाब दरिया की तेज धारा में होता है, जिसका पानी पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान जाने से रोक दिया है। चिनाब दक्षिण एशिया की सबसे प्राचीन नदियों में से एक है। ऋग्वेद में इसका उल्लेख 'अस्किनी' यानी गहरे रंग के रूप में किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में चंद्रा और भागा नदियों के संगम से बनी यह नदी दक्षिण-पश्चिम में पाकिस्तान में बहती है, पहले झेलम, फिर रावी और अंत में सतलुज से मिलती है। संयुक्त धारा, पंजनाद (पांच नदियां) सिंधु से मिलती हैं, जो सिंध में बहती हैं और फिर कराची के पास अरब सागर में मिल जाती हैं। ये वही सिंधु नदी है जिससे हिंदुस्तान ने अपना नाम पाया।

**भारत को प्रेम की नदी पर क्यों गुरुर है?**

चंद्र-भागा संगम से चिनाब निकलती है। यह संगम स्थल मनाली से 65 किलोमीटर दूर लाहौल वैली के टांडी पुल नाम की जगह पर देखा जा सकता है। चंद्र नदी, स्पीति में चंद्र ताल से निकलती है और भागा नदी बारालाक्षा से निकलती है। चंद्र और भागा टांडी पुल में अपना अपना अस्तित्व खोकर चिनाब नदी बन जाती है। कहते हैं कि टांडी का नाम 'तन' और 'देही' दो शब्दों को मिलाकर बना है जिसका मतलब है तन त्याग देना। एक हिमाचली लोककथा के मुताबिक द्रौपदी ने इस स्थान पर अपने शरीर का त्याग किया था। यह नदी जम्मू-कश्मीर के पांगी, किश्तावाड़ से होते हुए पाकिस्तान में दाखिल होती है।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता डॉ. बलविंदर स्थानीय किवदंतियों का हवाला देते हुए बताते हैं कि जो शख्स इस नदी का पानी पी लेता है वो मुहब्बत करने लगता है। शायद यही वजह है कि इस नदी के किनारे आशिकी के तरानों ने जन्म लिया, सोनी-माहीवाल, हीर-रांझा की दास्तान, डॉ. बलविंदर की इन्हीं बातों की तस्कदीक करती हैं।

**पंजाबी कविताओं में बहती चिनाब की धारा**

'डाउन टू अर्थ'से एक बार बातचीत में पंजाबी साहित्यकार सुरजीत पातर ने कविता और गद्य पर चिनाब के सांस्कृतिक प्रभाव पर बात की थी। 1945 में जालंधर जिले के पत्तर कल्लन गांव में जन्मे पातर चिनाब किनारे पनपे रांझा और हीर की कहानी सुनाते हैं। वह बताते हैं कि पंजाब की कविता और साहित्य में चिनाब का उल्लेख सबसे ज़्यादा मिलता है।

हीर-रांझा के किस्सा में नायक रांझा चिनाब नदी पार करके अपने पैतृक गांव तख्त हजारा से झंग शहर पहुंचता है। नदी के किनारे ही उसकी पहली मुलाकात हीर से होती है। वे नदी के किनारे जंगल में मिलते हैं। सोहनी-महीवाल का लोकप्रिय किस्सा भी वह बहुत भावुक मन से सुनाते हैं।

पातर पंजाबी की मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम का भी जिक्र करते हैं। पातर कहते हैं कि अमृता प्रीतम ने बंटवारे के समय इस नदी के बारे में बहुत ही सुंदर लिखा थाः अज्ज बेले लशां ते लहू दी भरी चिनाब (प्रेमियों की नदी आज लाशों और खून से भरी हुई है)।

हिंदी के कवि देवेंद्र सत्यार्थी ने लिखा है- नहीं रीसां चिनाब दियां, भरेंव सुक्की वाघे। चिनाब अद्वितीय है, भले सूख जाए। कवियों/साहित्यकारों ने इस नदी को बहुत प्यार से याद किया है। चिनाब प्रेम की नदी है। हीर रांझा और सोहनी महीवाल की नदी है। इसमें बहने वाला जल प्रेमियों की आंखों का पानी है। प्रख्यात पंजाबी कवि प्रोफेसर मोहन सिंह ने अपनी अंतिम वसीयत के रूप में लिखी एक कविता में कहा था कि उनकी अस्थियों को गंगा के बजाय चिनाब में प्रवाहित किया जाए, क्योंकि यह 'प्रेम की नदी' है। विभाजन के बाद, मोहन सिंह ने एक कविता लिखी थीः गंगा बनावे देवता ते जमुना देवियां, आशिक मगर बना सके पानी चिनाब दा (गंगा देवताओं को बनाती है, यमुना देवियों को, लेकिन यह चिनाब का पानी है जो प्रेमियों को गढ़ता है)।

पातर बताते हैं कि विभाजन से भागकर आए पंजाबी शरणार्थियों की भयावहता के बारे में एक किताब पढ़ने के बाद, उन्होंने अपनी एक रचना में फिर से पांच नदियों को रूपकों के रूप में इस्तेमाल किया। चिनाब के बारे में लिखाः नाल नमोशी, पानी पानी होए चिनाब दे पानी, नफ़रत दे विच डूब के मर गई हर इक प्रीत कहानी।

अगर हम कहें कि आज हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के हालात इसी पंक्ति की पुनरावृत्ति है तो इसे खारिज करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

# गौ-रक्षकों ने 2 युवकों को लाठी-डंडे, लात-घूंसों से पीटा

## पैसे छीने, बिलासपुर में मवेशी बेचने बाजार जा रहे थे, तस्करी का आरोप



बिलासपुर, 14 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गौ-रक्षकों ने 2 युवकों की लाठी-डंडे और लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। दोनों युवक मवेशी बेचने के लिए बाजार जा रहे थे। गौ-रक्षकों ने मवेशी तस्करी का आरोप लगाकर उनके बैलों के गले में बंधी रस्सी को खोल दिया। अब पुलिस ने शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, सोमवार को मुंगेली जिले के जरहागांव के बिरगहनी निवासी वीरेंद्र बारमते अपने साथी के साथ 11 मवेशियों को लेकर बाजार जा रहा था। गौ-रक्षा दल के युवकों ने बिल्हा क्षेत्र के नवागांव के पास उन्हें पकड़ लिया। युवकों ने उन्हें घेर कर मवेशियों के गले में बंधे रस्सी को खोलकर मुक्त करा दिया।

जिसके बाद उन्होंने मिलकर दोनों युवकों की बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। लाठी-डंडे से लैस युवक उन्हें घेरकर ताबड़तोड़ पिटाई करते रहे। इस दौरान युवक उनसे माफी मांगते रहे। वहीं, गौ-रक्षक युवक उनके ऊपर लात-घूंसे बरसाते रहे।

इस पिटाई का स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक और युवती मिलकर गौ तस्करी करने का आरोप लगाकर दो युवकों पर लाठी-डंडे और लात-घूंसे बरसाते दिख रहे हैं।

वहीं, युवक अपने आप को बेकसूर बताकर माफी मांगते नजर आ रहे हैं। युवक बोल रहे हैं कि वो गौ-तस्कर नहीं है। इसके बाद भी युवक और युवती ने उसकी बात नहीं सुनी और बेरहमी से पिटाई करते रहे।

इस दौरान गौ-रक्षकों ने युवकों के पास रखे 5 से 6 हजार रुपए लूट लिए। उनके मवेशियों को भी खदेड़ दिया। उन्होंने गांव की ओर मवेशियों को लेकर आने से मना किया।

इधर, वीरेंद्र ने अपने मालिक को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद दोनों घायलों को लेकर वो बिल्हा थाने पहुंचा। जहां मामले की शिकायत की। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर सिद्धार्थ शर्मा, सोम, आकांक्षा कौशिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बुजुर्ग की मौत, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

## पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप, जवानों ने लाठी चटका भीड़ को हटाया

लातेहार, 14 मई (एजेंसियां)। लातेहार में बुधवार को एक बुजुर्ग की मौत के बाद भारी हंगामा मचा। मृतक के परिजनों ने सदर थाना की पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप लगा शव धर्मपुर चौक पर रख सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया पर आक्रोशितों ने सदर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे।

मामला बढ़ता देख मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने लाठी चटका भीड़ को तितर-बितर किया। इसके बाद धर्मपुर चौक पर करीब दो घंटे से लगा जाम हट सका है। मृतक की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र निवासी दुखन प्रसाद (58) के रूप में की गई है।



मृतक के परिजन शंकर कुमार, गणेश प्रसाद, मनीषा देवी ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र स्थित जालिम गांव में हमलोग घर की ढलाई कर रहे थे। इसी दौरान 11 मई की रात सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े दलबल के साथ पहुंची और घर की महिला, बच्चे समेत कई परिजनों के साथ लाठी डंटे से जमकर पिटाई कर दी। इस मारपीट में दुखन प्रसाद को काफी चोट लगी।

दुखन प्रसाद का इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह जब दर्द काफी बढ़ गया तो सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने मारपीट की और इस मामले में घर के ही पांच लोगों को झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# झारखंड के 12 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट

## आज से बारिश की संभावना, 19 के बाद फिर बढ़ेगी गर्मी

रांची, 14 मई (एजेंसियां)। झारखंड के 12 जिलों में आज हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम शामिल है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 15 मई से राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 16 मई को राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की पूरी संभावना है।

17 मई को भी राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 18 और 19 मई को भी राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक गर्म पलामू जिला रहा। यहां का तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। रांची का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरी और मंगलवार को ही जमशेदपुर में सबसे अधिक 25 मिमी मीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार झारखंड के कई इलाकों में 15 मई की दोपहर से मौसम में बदलाव होगा, जो 18 मई तक जारी रहेगा।

# गवर्नमेंट-क्वॉर्टर में एक परिवार के 4 लोगों की लाश मिली

## कर्मचारी ने पत्नी-बच्चों को जहर दिया फिर खुद फांसी लगाने की आशंका

महासमुंद, 14 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक ही परिवार के 4 लोगों का शव मिला है। शासकीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एच-2 बिल्डिंग के मकान नं. 05 में रहने वाले बसंत पटेल (42) का शव फंदे से लटकता मिला, वहीं उनकी पत्नी और दो बच्चे की बॉडी नीचे जमीन पर पड़ी थी।

मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी समेत पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। जानकारी के मुताबिक, मृतक बसंत पटेल बागबाहरा के आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय में प्यून (भृत्य) था।

मृतकों में पत्नी भारती पटेल (38), बेटी सेजल पटेल (11)



और बेटे कियांश पटेल (4) शामिल है। बताया जा रहा है घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को मौके से आत्महत्या से जुड़ा कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसपी आशुतोष सिंह और एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय सहित सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आत्महत्या के एंगल से जांच कर रही है। चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। महासमुंद जिला मुख्यालय से बागबाहरा थाना क्षेत्र की दूरी 35 किलोमीटर है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# डोर स्टेप डिलीवरी वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

## अज्ञात वाहन के चकमा देने से हुआ हादसा, गाड़ी 10 फीट नीचे खाई में गिरी

गिरिडीह, 14 मई (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले में डुमरी-गिरिडीह रोड पर मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। डोर स्टेप डिलीवरी की एक वाहन केबी रोड के पास 10 फीट खाई में गिर गया। हादसे में वाहन चालक और खलासी की मौत हो गई।

घटना उस समय हुई, जब वाहन अनाज डिलीवरी करने के बाद डुमरी की ओर लौट रहा था। एक अज्ञात वाहन ने चकमा दिया, जिससे डिलीवरी वाहन सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। हादसे में चालक जयलाल महतो (50) और खलासी असगर अंसारी (56) की मौके पर ही मौत हो गई। जयलाल महतो डुमरी के मध्य गोपाली पंचायत के खैरागढ़ का रहने वाला था। वहीं, असगर अंसारी डुमरी के जामतारा का निवासी था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डुमरी पुलिस को दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन के साथ दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। बुधवार को दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

# हाईकोर्ट जज ले रहे अनावश्यक ब्रेक, परफार्मेंस का आकलन जरूरी

## झारखंड के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, कहा- अनावश्यक लटका रहे मामले

रांची, 14 मई (एजेंसियां)। हाईकोर्ट के जजों द्वारा अनावश्यक और बार-बार ब्रेक लेने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जहां जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ कई शिकायतें मिल रही हैं। पीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि कुछ ही जज ऐसे हैं, जिनके काम पर हमें गर्व होता है। पर कुछ जज ऐसे भी हैं जो हमें निराश कर रहे हैं।

जजों की पीठ ने कहा कि कई जज ऐसे हैं जो लगातार काम नहीं करते हैं। आमतौर पर चाय ब्रेक, कॉफी ब्रेक, इस ब्रेक, उस ब्रेक के लिए उठते हैं, वे लगातार तब तक काम क्यों नहीं करते? जज केवल दोपहर के भोजन के लिए ब्रेक क्यों नहीं लेते। इससे वे बेहतर प्रदर्शन भी करेंगे और बेहतर परिणाम भी दे पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी झारखंड हाईकोर्ट के एक मामले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते समय की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वैसे जज जिनकी शिकायतें सुप्रीम कोर्ट तक आ रही हैं। जज जो मामले लटका रहे हैं, उनके परफार्मेंस का आकलन किया जाना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि यह एक बड़ा मुद्दा है जिस पर गौर करने की जरूरत है। हाईकोर्ट के जजों का परफार्मेंस कैसा है? हम कितना खर्च कर रहे हैं और उसका आउटपुट क्या है? अब समय आ गया है कि हम उनके परफार्मेंस का आकलन करें।

दरअसल झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2022 में दोषसिद्धि और आजीवन कारावास के खिलाफ अपील पर अपना आदेश सुरक्षित रखा था। लेकिन अदालत ने अपना फैसला नहीं सुनाया। फैसला नहीं सुनाए जाने से प्रभावित चार लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उनकी ओर से वकील फौजिया शकील ने पक्ष रखा। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट ने पांच और छह मई को उनके मामलों में फैसला सुनाया। इसमें चार में से तीन को बरी कर दिया गया, जबकि एक के मामले में विभाजित फैसला आया। इसे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को भेज दिया गया, जहां उसे भी जमानत दे दी गई। सुप्रीम कोर्ट में वकील फौजिया शकील ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की वजह से ही है कि वे चारों 'ताजी हवा में सांस ले रहे हैं। अगर हाईकोर्ट ने समय पर फैसला सुनाया होता तो वे तीन साल पहले ही जेल से बाहर आ गए होते।

# अवैध शराब का भंडार पकड़ा

## किराना दुकानदार के घर से 100 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, स्कूल के पास चल रहा था धंधा

धनबाद, 14 मई (एजेंसियां)। धनबाद के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने गोमो पुराना बाजार से अवैध शराब कारोबारी रंजीत सरदार को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने किराना दुकान और घर से अवैध अंग्रेजी शराब बेच रहा था। छापेमारी में रंजीत के घर से 100 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब मिली। इनमें कुछ नकली शराब होने की आशंका है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब में इतने ब्रांड थे, जो गोमो के अधिकृत शराब दुकानों में भी नहीं मिलते।

इलाके में 'किंगपिन' के नाम से मशहूर रंजीत कई वर्षों से इस धंधे में सक्रिय था। उसका घर बिशप रॉकी हाई स्कूल की सीमा से सटा हुआ है। हरिहरपुर थानेदार राहुल झा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। आरोपी के यहां से अंग्रेजी शराब और बियर बरामद हुई है। उत्पाद निरीक्षक जॉय हेंब्रम के अनुसार, रंजीत सरदार के खिलाफ पहले से कई शिकायतें थीं। वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हजारीबाग के जवाहर घाटी पुल से गिरा बोलेरो

## तेज रफ्तार गाड़ी हुई बेकाबू, रेलिंग तोड़ पानी में गिरी, शादी से लौटने के दौरान हादसा

हजारीबाग, 14 मई (एजेंसियां)। हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट में आज अहले सुबह एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर जवाहर पुल के नीचे डैम में जा गिरी। जिसमें दो लोगों के मौत हो गई।

हादसे में बचे संदीप के मुताबिक वह और सौरव अपने घर से बरही शादी समारोह में जाने के लिए घर से निकले। घर से निकलने पर सौरव अपने दो अन्य साथी राहुल सोनकर (फल व्यवसायी) और आशीष रवानी को भी अपने साथ ले लिया। इसके बाद ये बरही गए।

इसी बीच मौका पाकर सौरव ने शराब पी ली। बरही से लौटने के क्रम में जवाहर घाट स्थित पुल से पहले गाड़ी बेकाबू होकर पुल पर बने रेलिंग से टकराते हुए नीचे डैम में जा गिरी। इस हादसे में राहुल सोनकर और आशीष की मौत हो गई। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। संदीप ने बताया कि वह और आशीष गाड़ी में पीछे बैठे हुआ था। यह गाड़ी में जिस ओर बैठा था उस ओर के दरवाजे का शीशा खुला होने के कारण यह बाहर निकल गया। वहीं सौरव की किसी प्रकार से बाहर निकला।

डैम से निकलने के बाद दोनों एक ऑटो पकड़कर सदर अस्पताल गए। जहां प्रारंभिक इलाज के पश्चात संदीप अपने घर चला गया और सौरव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, जिस ट्रक की उक्त जगह पर दुर्घटना हुई थी।

# साहित्यकार-कलाकारों को अब 5000 पेंशन

रायपुर, 14 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। साय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग अलग-अलग विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की जाएगी।

# अफीम तस्करी का भंडाफोड़, 1.2 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## 1.10 लाख रुपए जब्त

हजारीबाग, 14 मई (एजेंसियां)। हजारीबाग पुलिस ने मंडईखुर्द के सियारी चौक मार्ग पर अफीम तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। एसपी अरविंद कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने श्मशान घाट के पास जांच चौकी लगाई। जांच के दौरान जितेंद्र कुमार से 1.215 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। दूसरे आरोपी हलदर मुंडा से 1.10 लाख रुपए नकद जब्त किए गए।

आरोपियों की निशानदेही पर लोहसिंघना थाना क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी मोहल्ले में छापेमारी की गई।

यहां से 4.180 किलोग्राम अफीम और 10.200 किलोग्राम लट्ठा बरामद हुआ। पुलिस ने तीन मोबाइल फोन और दो बाइक भी जब्त कीं।

पुलिस ने लोहसिंघना थाना



कांड संख्या 72/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। कुछ दिन पहले भी नशे के मामले में पांच लोगों को जेल भेजा गया था।

# भारतवंशी अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री बनीं

## इससे पहले रक्षा मंत्री रह चुकी हैं, तमिलनाडु और पंजाब से माता–पिता का कनेक्शन

ओटावा, 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय मूल की अनीता आनंद को कनाडा का नया विदेश मंत्री बनाया गया है। उन्होंने मंगलवार को पद की शपथ ली। कनाडा में 28 अप्रैल को आम चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी। इसमें लिबरल पार्टी और प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जीत हासिल की। इस चुनाव में भारतीय मूल के 22 उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।

अनीता के अलावा भी मार्क कार्नी की कैबिनेट में 3 भारतवंशी शामिल हैं। इनमें शामिल मनिंदर सिंधू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया गया है। सिंधू इससे पहले विदेश मंत्री रह चुके हैं। वे 2019 से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं।

इनके अलावा रूबी सहोता और रणदीप सिंह सराय को राज्य सचिव बनाया गया है। अनीता के पिता तमिलनाडु जबकि मां पंजाब की रहने वाली थीं। हालांकि, अनीता का जन्म और पालन-पोषण कनाडा के ग्रामीण क्षेत्र नोवा स्कोटिया में हुआ था।



उन्होंने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में आर्ट्स ग्रेजुएशन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में आर्ट्स ग्रेजुएशन, डलहौजी यूनिवर्सिटी से लॉ ग्रेजुएशन और टोरंटो यूनिवर्सिटी से लॉ में मास्टर्स किया। 57 साल की अनीता पेशे से वकील हैं। उन्होंने 2019 में कनाडा की ओकविल सीट से पहला संसदीय चुनाव जीता था।

**पिछले कार्यकाल में रक्षा मंत्री का पद संभाल चुकी हैं**

अनीता आनंद इससे पहले कनाडा के रक्षा मंत्री का पद संभाल चुकी हैं। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 2021 में रक्षामंत्री बनाया था। उन्हें उसी साल उन्हें सार्वजनिक सेवाओं और खरीद का कैबिनेट मंत्री बनाया गया था।

अनीता कनाडा का रक्षा मंत्रालय संभालने वाली दूसरी महिला हैं। इससे पहले 1990 में किम कैंपबेल ने ये जिम्मेदारी संभाली थी।

अनीता टोरंटो यूनिवर्सिटी की एसोसिएट डीन भी रह चुकी हैं। उन्होंने 1995 जॉन नोल्टन से शादी की, जो एक कनाडाई वकील और बिजनेस एग्जीक्यूटिव हैं। उनके 4 बच्चे हैं।

अनीता आनंद लैंगिक समानता की मुखर समर्थक रही हैं। वो एलजीबीटीक्यूआईए+ अधिकारों का सपोर्ट करती हैं। उन्होंने सेक्सुअल मिसकंडक्ट से लड़ने और कनाडाई डिफेंस फोर्सेज में कल्चरल परिवर्तन लाने के लिए पहल भी की थी।

कनाडा की सत्ता में लिबरल पार्टी ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए वापसी की। पार्टी को 167 सीटों पर जीत हासिल हुई। हालांकि यह 172 के बहुमत के आंकड़े से 5 कम है।

वैसे तो कनाडा में आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2025 को चुनाव होने थे, लेकिन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने यह कह कर नए चुनाव का ऐलान किया था कि उन्हें ट्रम्प से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहिए।

2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री रहे जस्टिन ट्रूडो ने इस साल की शुरुआत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद मार्क कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुना गया था।

# ट्रम्प का भारत-पाक सीजफायर पर चार दिन में चौथा बयान

## सऊदी में कहा- बिजनेस के जरिए जंग रोकी, कतर दौरे पर रवाना होंगे

रियाद, 14 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का क्रेडिट लिया है। मंगलवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में ट्रम्प ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीजफायर में मध्यस्थता के लिए मैंने काफी हद तक बिजनेस का इस्तेमाल किया।

सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम में ट्रम्प बोले, 'मैंने भारत-पाक से कहा कि चलो दोस्तों, एक डील करते हैं। कुछ बिजनेस करते हैं। परमाणु मिसाइलों का व्यापार नहीं करते। बल्कि उन चीजों का बिजनेस करते हैं, जिन्हें आप इतनी खूबसूरती से बनाते हैं।''

अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को भी भारत-पाक सीजफायर का क्रेडिट खुद को दिया था। उन्होंने कहा था कि मैंने दोनों देशों को समझाया कि अगर लड़ाई नहीं रोकी तो ट्रेड नहीं करेंगे।

ट्रम्प ने रियाद में कहा- मेरा सबसे बड़ा सपना शांति स्थापित करने का है। मैं विभाजन नहीं, एकता चाहता हूं। मुझे युद्ध पसंद नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद मंगलवार को अपने पहले आधिकारिक विदेशी दौरे



पर सऊदी अरब पहुंचे हैं। ट्रम्प चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर हैं। आज वो रियाद में गल्फ समिट में हिस्सा लेंगे और फिर कतर रवाना होंगे। दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

रियाद में आज अमेरिका और गल्फ कॉर्पोरेशन काउंसिल (जीसीसी) के बीच गल्फ समिट होगी। इस समिट का आयोजन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) कर रहे हैं। इसमें सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कुवैत, ओमान, और कतर के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इसके साथ ही ट्रम्प सीरिया के नव निर्वाचित राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से भी मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कल ही सीरिया पर लगे सभी बैन हटाने का ऐलान किया है। समिट के बाद ट्रम्प कतर दौरे के लिए रवाना हो जाएंगे। जहां कतर सरकार उन्होंने 3400 करोड़ का लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट गिफ्ट कर सकती है।

अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 अरब डॉलर (12.1 लाख करोड़ रुपए) की डिफेंस डील साइन की है। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है।

इस समझौते में सऊदी अरब को सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, और नॉर्थरॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे।

मंगलवार को क्राउन प्रिंस एमबीएस से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया।

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मेरी सरकार ने दोनों देशों के बीच सीजफायर में मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया।

ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके।

ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का ऑयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे।

ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमेरिकी की मध्यस्थता से इजराइल, यूएई, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

इजराइल-गाजा वॉर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि गाजा के लोग बेहतर भविष्य के हकदार हैं, लेकिन ऐसा तब तक नहीं होगा जब तक उनके लीडर निर्दोष लोगों पर अत्याचार बंद नहीं करते।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन बंद कर देगा। अमेरिकी सेना ने मार्च में हूती लड़ाकों के खिलाफ 1100 से ज्यादा हमले किए थे।

# जेजू एयरलाइन हादसे में 15 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

## पीड़ितों के परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

सियोल, 14 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में पिछले साल दिसंबर महीने में हुए विनाशकारी विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों ने देश के परिवहन मंत्री और एयरलाइन प्रमुख समेत 15 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिनके बारे में उनका मानना है कि वे इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं। बता दें कि, जेजू एयर के विमान हादसे में घटना के वक्त सवार 181 लोगों में से दो को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी।

**पुलिस और सरकारी अधिकारी कर रहे हादसे की जांच**

पुलिस और सरकारी अधिकारी पहले से ही जेजू एयर दुर्घटना की जांच कर रहे हैं, इसलिए शिकायत को मोटे तौर पर एक प्रतीकात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें तेज और अधिक गहन जांच की मांग की गई है।

इसके साथ ही कई शोक संतप्त परिवारों ने शिकायत की है कि वे यह पता लगाने के प्रयासों में सार्थक प्रगति की कमी देखते हैं



कि दुर्घटना का कारण क्या था और कौन इसके लिए जिम्मेदार है।

**पीड़ितों के परिजनों ने इनके खिलाफ दर्ज कराई शिकायत**

मंगलवार को, 72 शोक संतप्त रिश्तेदारों ने अपने वकीलों और पुलिस के अनुसार, दक्षिणी दक्षिण कोरिया में जीओनम प्रांतीय पुलिस एजेंसी को शिकायत प्रस्तुत की। रिश्तेदारों का समर्थन करने वाले वकीलों के एक समूह की ओर से जारी बयान के अनुसार, शिकायत में जिन 15 लोगों का नाम शामिल है, उनमें परिवहन मंत्री, जेजू एयर के अध्यक्ष और रखरखाव व सुरक्षा मुद्दों को संभालने वाले एयरलाइन अधिकारी, साथ ही मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारी शामिल हैं, जो पक्षियों के टकराने से रोकने, हवाई यातायात नियंत्रण और सुविधा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं।

वहीं वकील ली सो-आह ने कहा कि शिकायत के लिए औपचारिक रूप से पुलिस को शोक संतप्त परिवारों को उनकी जांच के बारे में जानकारी देनी होगी, हालांकि पुलिस ने अब तक केवल स्वेच्छा से ऐसा किया है।

# गाजा में इजरायल ने किए ताबड़तोड़ हवाई हमले

## 60 लोगों की मौत, इसमें 22 बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, 14 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। मंगलवार रात और बुधवार सुबह इजरायल ने उत्तरी गाजा में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इस दौरान कम से कम 22 बच्चे मारे गए। जबलिया में इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि हमलों में कुल मिलाकर 60 लोगों की मौत हुई है। हमला अमेरिका की मध्यस्थता में हमास की ओर से एक इजरायली-अमेरिकी बंधक को रिहा करने के एक दिन बाद हुआ। बड़ी बात यह भी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वक्त सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं। मंगलवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे इजरायल गाजा में अपना युद्ध रोक सके। इससे युद्ध विराम की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हालांकि, इजरायली सेना ने हमलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस बीच हमास के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करने से पहले मंगलवार देर रात जबलिया के निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी गई।

# यासीन मलिक की पाकिस्तान में बैठी बीवी का सपना टूटा

## बीएसएफ जवान के बदले चाहती थी रिहाई, डरे पाकिस्तान ने पहले ही छोड़ दिया

इस्लामाबाद, 14 मई (एजेंसियां)। अलगाववादी नेता और जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक की पाकिस्तान में बैठी पत्नी मुशाल हुसैन मलिक को डर सता रहा है। उसे डर है कि यासीन मलिक को फांसी दी जा सकती है। अपने पति को बचाने के लिए उसने पाकिस्तान की सरकार से सौदा करने की गुहार लगा रही है। मुशाल मलिक का कहना है कि पाकिस्तान की सरकार भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान के बदले में उसके पति को वापस लेकर आए। हालांकि, मशाल मलिक का ये सपना अब पूरा नहीं होगा, क्योंकि भारत के हमले से डरे पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को भारत को सौंप दिया है।

मुशाल ने पाकिस्तान की डॉन न्यूज चैनल पर एक इंटरव्यू में



यासीन मलिक को लेकर ये बातें की हैं। मुशाल ने कहा, 'डर है कि इस नफरत के अंदर इनकी (भारत) हर मुमकिन कोशिश होगी की यासीन साहब को फांसी पर चढ़ा दिया जाए।' उसने आगे कहा कि साढ़े छह साल से उसकी यासीन मलिक से बात नहीं हुई है।

मुशाल ने बताया, 'मेरा मलिक साहब से छह साल से कोई संपर्क नहीं है। हमें फोन पर बात करने की अनुमति नहीं है। मेरी सास (कश्मीर में रह रही) के माध्यम से कुछ पता चलता है।' उसने आगे कहा कि यासीन मलिक को बहुत खतरा है। उनकी क्रॉस एग्जामिनेशन की सुनवाई इसी महीने है। इसके बाद उसने पाकिस्तान सरकार से यासीन मलिक के लिए सौदा करने को कहा। इसके बाद मुशाल मलिक ने कहा कि मुझे पता चला है कि पाकिस्तान ने एक बीएसएफ जवान को पकड़ा है।

# अमेरिकी एक्सपर्ट बोले- ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान कब्जे के लिए नहीं था

## रणनीतिक मकसद के लिए था भारत ने इसे 4 दिन में पूरा किया

वॉशिंगटन, 14 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था।

एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी।

# सोशल मीडिया पोस्ट करना ब्रिटिश बैंक विश्लेषक को पड़ा महंगा

## सऊदी में मिली एक दशक की जेल

दुबई, 14 मई (एजेंसियां)। सऊदी अरब में एक शख्स को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए एक दशक की सजा मिली है। बता दें कि, ब्रिटिश बैंकर अहमद अल-दौश, को सऊदी अरब में दस साल की सजा सुनाई गई है। उनका परिवार मानता है कि यह सजा 2018 में किए गए एक ट्वीट के कारण हुई, जिसमें सऊदी अरब का नाम नहीं था, लेकिन वह सूडान के बारे में था। यह ट्वीट अब डिलीट कर दिया गया है। अहमद अल-दौश, जो बैंक ऑफ अमेरिका में विश्लेषक थे, को आतंकवाद और साइबर अपराध कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। उनकी वकील, हेदी डाइकस्टाल ने कहा कि उनका मुकदमा और गिरफ्तारी निष्पक्ष प्रक्रिया का उल्लंघन थे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से इस मामले में सख्त हस्तक्षेप करने की अपील की है। अहमद को अगस्त में रियाद एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था, जब वह अपने परिवार के साथ इंग्लैंड के मैनचेस्टर जा रहे थे। उनकी पत्नी, अमाहर नूर, ने कहा कि अहमद को जेल में काफी परेशानी हो रही है, खासकर थाइरॉइड की समस्याओं और मानसिक तनाव के कारण। यह मामला उस समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब में थे। सऊदी अरब में कई अन्य पश्चिमी देशों से जुड़े दोहरी नागरिकों और सऊदी नागरिकों को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट्स के कारण गिरफ्तार किया गया है, जिनसे सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की आलोचना हो सकती थी।

# गाजा में 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट

## 3 महीने से अनाज का एक दाना भी नहीं पहुंचा, इजराइल ने सप्लाई रोकी

गाजा, 14 मई (एजेंसियां)। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजराइल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजराइली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा।

गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजराइल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने का



स्टॉक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं।

गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजराइल, मिस्र और जॉर्डन के गोदामों में पड़े हैं।

ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में डब्ल्यूएफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजराइल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजराइल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में खाना पहुंचाने के लिए एक नई योजना का सुझाव दिया, जिसमें निजी संगठन कुछ चुनिंदा जगहों पर खाना बांटेंगे।

यूएन ने इस योजना को खारिज कर दिया, क्योंकि इससे लोगों को खाना पाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी।

# छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला

## रानू–सौम्या की जमानत याचिका खारिज



बिलासपुर, 14 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाला में मामले के आरोपी कोरबा की पूर्व कलेक्टर रानू साहू, पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया, एनजीओ संचालक मनोज कुमार और बिचौलिया सूर्यकांत तिवारी की स्थायी जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मामले में एफआईआर और केस डायरी में उपलब्ध सामग्री का अवलोकन करने बाद आवेदक की धारा 7 और 12 के तहत अपराध करना प्रतीत होता है। प्रथम दृष्टया पीसी एक्ट के तहत आर्थिक अपराध नजर आता है।

कोर्ट ने कहा कि इस विचार से कि यह उपयुक्त मामला नहीं है, जहां आवेदक को नियमित जमानत दी जाए। यह कहते हुए कोर्ट ने सभी आवेदन को खारिज किया है। 4 दिनों पहले ही डीएमएफ घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने कोरबा से 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

# इजरायल को मान्यता दे सकता है सीरिया

## ट्रंप ने हटाए सारे प्रतिबंध, सऊदी पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने बदली खाड़ी देशों की राजनीति

रियाद, 14 मई (एजेंसियां)। मिडिल ईस्ट की राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है और सीरिया, जो इजरायल का जानी दुश्मन रहा है, वो अब इजरायल को मान्यता दे सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (जो पिछले साल तक अमेरिकी आतंकी सूची में था) उससे रियाद में मुलाकात की। उनके साथ सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी थे।

डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया के राष्ट्रपति अल-शरा से अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने और इजरायल को मान्यता देने को कहा है। इसके अलावा ट्रंप ने सीरिया से सारे प्रतिबंध हटाने की घोषणा कर दी है। वाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रियाद में सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। यह मुलाकात संघर्ष-ग्रस्त देश पर प्रतिबंध हटाने की घोषणा के ठीक एक दिन बाद हुई।

वाइट हाउस के अधिकारी के मुताबिक यह बैठक डोनाल्ड ट्रंप के क्षेत्रीय दौरे के हिस्से के रूप में सऊदी अरब में खाड़ी अरब नेताओं के व्यापक शिखर सम्मेलन से पहले हुई है। सीरिया, जो पिछले साल तक ईरान का प्रॉक्सी था और बशर अल-असद, जो पिछले साल तक ईरान के खेमे में थे, उनकी सरकार को अल-शरा ने गिरा दिया था। जिसके बाद बशर अल-असद भागकर रूस चले गये थे और अब ट्रंप ने सीरिया को अमेरिका के खेमे में जगह दे दी है।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के आधिकारिक बयान के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने सीरियाई राष्ट्रपति से इजरायल के साथ अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और कहा कि उनके पास अपने देश में कुछ ऐतिहासिक करने का एक शानदार अवसर है। ट्रंप ने रिया के राष्ट्रपति अल-शरा से सभी विदेशी आतंकवादियों को सीरिया छोड़ने, फिलिस्तीनी आतंकवादियों को निर्वासित करने, आईएसआईएस को सिर उठाने से रोकने में अमेरिका की मदद करने और देश के उत्तरपूर्वी हिस्सों में आईएसआईएस हिरासत केंद्रों की जिम्मेदारी संभालने के लिए भी कहा है।

वाइट हाउस के बयान में कहा गया है कि सीरियाई राष्ट्रपति ने 1974 में इजरायल के साथ हुए समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जिसमें ईरानियों के सीरिया छोड़ने और आतंकवाद से निपटने के अलावा रासायनिक हथियारों को खत्म करने में अमेरिका-सीरिया के संयुक्त कोशिशों में दिलचस्पी दिखाई है।

# चीन के बाद तुर्की पर चला भारत का हथौड़ा

## पाकिस्तान के सपोर्ट में फर्जी खबरें दे रहे टीआरटी चैनल पर बैन, सामानों का बहिष्कार भी तेज

अंकारा/नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मददगारों के खिलाफ भारत ने कार्रवाई शुरू कर दी है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के दो भोंपू ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ न्यूज के सोशल मीडिया अकाउंट्स के बाद अब टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट को भी बंद कर दिया गया है। टीआरटी वर्ल्ड, तुर्की का ब्रॉडकास्टर है, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैला रहा था। तुर्की और चीन के ब्रॉडकास्टर लगातार भारत के खिलाफ फर्जी खबरें और भ्रामक जानकारियां फैला रहे थे। इसके अलावा तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यर एर्दोगन ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए भारत को संकेतों में चेतावनी देने की



कोशिश की थी। जिसके बाद भारत ने तुर्की के लीडिंग ब्रॉडकास्टर के सोशल मीडिया अकाउंट को बैन कर दिया गया है। भारत में पहले से ही पाकिस्तान की मदद करने को लेकर तुर्की का बायकॉट करने का अभियान जोरों पर है। भारत के लोगों ने तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। कई टूरिस्ट कंपनियों ने भी देशहित की भावना को आगे रखते हुए तुर्की और अजरबैजान की बुकिंग को कैंसिल करना शुरू कर दिया है।

आपको बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, जब लगने लगा कि भारत कोई सख्त एक्शन लेने वाला है, उसके बाद से ही तुर्की ने पाकिस्तान की मदद करनी शुरू कर दी थी। पाकिस्तान की मदद करने के लिए तुर्की ने अपने एक युद्धपोत को कराची बंदरगाह भेज दिया था। जबकि ऐसी रिपोर्ट है कि तुर्की ने 6 एयरक्राफ्ट में ड्रोन और अन्य हथियार भरकर पाकिस्तान भेजे थे। इनका इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए हमास स्टाइल में इस्तेमाल किया था।



# ट्रंप क्यों नहीं रुक रहे हैं? सीजफायर के बाद पायलट की फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस

## बोले- 'मध्य प्रदेश के मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए'



जयपुर, 14 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने सीजफायर में अमरीका की मध्यस्थता को लेकर केंद्र सरकार पर फिर सवाल उठाए हैं। पायलट ने कहा कि पूरा भारत सेना के साथ खड़ा है। ट्रंप क्यों नहीं रुक रहे हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की तुलना पाकिस्तान से क्यों हो रही है। सचिन पायलट ने सिविल लाइंस आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है। सरकार से मांग है चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया जाए। आतंकवाद को खत्म करने के लिए पूरा देश एकजुट है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत ही सावधानी के साथ एयरस्ट्राइक की गई, किसी आमजन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

**मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए- पायलट**

पायलट ने मध्यप्रदेश के मंत्री द्वारा कर्नल सोफिया को लेकर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर कहा कि मंत्री जिन शब्दों का प्रयोग किया है वे अस्वीकार है। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अमरीका के राष्ट्रपति व्यापार वाला बयान बार-बार क्यों दे रहे है। केन्द्र सरकार की ओर से खंडन क्यों नहीं किया जा रहा है। ट्रंप ने एक बार भी आतंकवाद का जिक्र नहीं किया। ट्रंप कश्मीर के मुद्दे को बीच लेकर क्यों आ गए।

कश्मीर मुद्दे को लेकर पायलट ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा द्विपक्षीय है। कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग है। कश्मीर का मुद्दा अंतर्राष्ट्रीय क्यों बनाया जा रहा है। 1994 के प्रस्ताव को दोबारा पारित करने का समय आ गया है। आतंक को खत्म करने के मुद्दे पर भारत एक है। केन्द्र सरकार को जनता और विपक्ष का समर्थन मिला। पहलगाम के चार आतंकियों का क्या स्टेट्स है।

# पाकिस्तान की नापाक हरकत, बॉर्डर पर ड्रोन से भेज रहा हेरोइन

## अब तक 353 करोड़ की 70 किलो जब्त



जयपुर, 14 मई (एजेंसियां)। राजस्थान बॉर्डर से सटे श्रीगंगानगर में सीमा पार से ड्रोन आना कोई नई बात नहीं है। खेतों में पाकिस्तानी ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप आने का सिलसिला जारी है। श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने ऐसी खेप के 21 मामले दर्ज कर पाकिस्तानी ड्रोन से आई 70 किलो 769 ग्राम हेरोइन की खेप बरामद की। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 353 करोड़ 39 लाख 50 हजार रुपए कीमत है। दो बार हेरोइन के साथ 53 कारतूस और दो पिस्टल भी बरामद हुई है। हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**इस साल आई खेप**

13 मार्च 2025: गजसिंहपुर थाना क्षेत्र भारत-पाक बॉर्डर स्थित 4 एफडी चेक पोस्ट के नजदीक एक संदिग्ध पैकेट बरामद हुआ। इसका वजन करने पर पैकेट का वजन 1 किलो 600 ग्राम था।

20 मार्च 2025: बीएसएफ ने रावला क्षेत्र गांव 12 केएनडी क्षेत्र चक 3 केएनएम के पास तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद की। हेरोइन को सीमा पार ड्रोन की ओर से गिराई गई। 2 अप्रेल 2025: करणपुर के पास बॉर्डर की शेखसरपाल सीमा चौकी क्षेत्र चक 11 एफ के खेत में पाक का ड्रोन गिरा मिला था। ड्रोन पर पांच सौ ग्राम हेरोइन से भरा पैकेट भी बरामद किया था। इसकी कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई।

**पंजाब ड्रग्स माफिया की नजर**

जब पंजाब बॉर्डर पर अधिक सख्ती होती है तो ड्रग्स माफिया जिले के ग्रामीण क्षेत्र में लोकल स्लीपर को एक्टिव करते हैं। ये लोग बॉर्डर एरिया से सटे खेतों की लोकेशन भिजवाते हैं। उस लोकेशन पर पाक से ड्रोन आकर हेरोइन की खेप फेंक कर चले जाते हैं।

**खत्म होगा खेप आने का रूट**

सीमा पार ड्रोन से हेरोइन की खेप आने के संबंध में पंजाब ड्रग्स माफिया और लोकल स्लीपरों की धरपकड़ भी पुलिस ने समय-समय पर की है। लेकिन हाल ही बॉर्डर पर भारत-पाक में हुए तनाव के दौरान इसकी रोकथाम की है। अब सीमा पार ड्रोन से हेरोइन की खेप आने का रूट खत्म हो जाएगा।

# कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर लूट

## नौकर दंपति ने नशीला पदार्थ खिलाकर रची साजिश



जयपुर, 14 मई (एजेंसियां)। जयपुर के वैशाली नगर में कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर पर लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, संदीप चौधरी के घर में काम करने वाले नौकर पति-पत्नी ने ही साजिश रचते हुए परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर घर में लूटपाट की।

घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। सोमवार सुबह जब संदीप चौधरी को होश आया तो उन्होंने घर में फैली अव्यवस्था देखकर लूट की आशंका जताई और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, नौकर दंपती घटना के बाद से फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस ने जयपुर से बाहर जाने वाले सभी मार्गों पर नाकेबंदी कर दी है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके। बता दें कि संदीप चौधरी राजस्थान सरकार के बंजर भूमि विकास बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं और कांग्रेस के सक्रिय नेता हैं। पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# बीकानेर में मलबे से मिल रहा करोड़ों रुपए का सोना-चांदी

## वारिस ढूंढ़ने में पुलिस परेशान

बीकानेर, 14 मई (एजेंसियां)। बीकानेर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मदान मार्केट में 7 मई को हुए सिलेंडर विस्फोट हादसे के बाद अब पीड़ित दुकानदार थाने और निगम दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। हादसे में दबा सोना-चांदी अब पुलिस के पास है। वह सोना सही दावेदार तक पहुंचाने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। थाने में जमा सोने की कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है, जबकि मलबे में अब भी 15 से 20 लाख रुपए का सोना दबा होने की आशंका है। पुलिस का कहना है कि वे तस्दीक के बाद ही सामान लौटाएंगे, ताकि बाद में किसी तरह का विवाद न हो।

थानाधिकारी जसवीर सिंह के अनुसार, ''मलबे से तीन तिजोरियां मिली थीं, जिनके मालिकों को बुलाकर पहचान और तस्दीक के बाद उसी दिन सौंप दी गईं। बाकी सामान जैसे गुल्लक, थैले और बॉक्स की फोटोग्राफी कर सुरक्षित रखा गया है। अब उस सामान की पहचान और वितरण में कठिनाई हो रही है।'' पुलिस ने बताया कि सभी दावेदारों को थाने बुलाकर, फोटो से मिलान और आपसी सहमति के आधार पर ही सामान दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में उच्चाधिकारियों से भी मार्गदर्शन लिया गया है।

# मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

## मचा हड़कंप



प्रतापगढ़, 14 मई (एजेंसियां)। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को चौथी बार मिली धमकी के बाद अब राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां के मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी एक अज्ञात व्यक्ति ने आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजी है। मिनी सचिवायल को बम से उड़ाने की धमकी से प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया है।

आधिकारिक ईमेल आईडी पर आज दोपहर 12.30 बजे धमकी भरा मेल आने के बाद सचिवालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुलिस ने पूरे परिसर को तत्काल खाली करवा लिया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। वहीं, पुलिस परिसर की गहनता से तलाशी कर रही है।

**अतिरिक्त जिला कलेक्टर कर रहे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग**

अतिरिक्त जिला कलेक्टर विजयेश पंड्या खुद पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मौके पर एंबुलेंस, दमकल वाहन और आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात कर दी गई हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

**एनएसजी और बम डिस्पोजल स्क्वायड अलर्ट**

सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले को आतंकी साजिश के नजरिए से भी देख रही हैं और साइबर सेल के साथ मिलकर मेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हुई है। एनएसजी और बम डिस्पोजल स्क्वायड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

# रणथंभौर में खेतों में आया टाइगर

## होटल में घुसने पर मचा हड़कंप



कुतलपुरा, 14 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व से सटे कुतलपुरा गांव में समय हड़कंप मच गया, जब एक बाघ खेतों से निकलकर एक होटल में जा घुसा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हो गया, जिसमें लोग घबराते हुए कहते सुने जा सकते हैं- भागो-भागो टाइगर आ गया... वहीं कुछ लोग इस दौरान बोलते हुए नजर आ रहे हैं कि डरो मत।

**सुबह 6 बजे गांव में दस्तक**

पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र सैनी ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे टाइगर गांव की आबादी की ओर आ गया। कुछ ही देर में वह बाजरे के खेतों में पहुंच गया और वहीं छिप गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। सूचना पर रणथंभौर टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और टाइगर की मॉनिटरिंग शुरू की।

कई घंटों की खोज के बाद जब बाघ खेतों से निकलकर पास की एक होटल में घुस गया, तो रेस्क्यू टीम ने मौका पाकर बाघ को ट्रेंकुलाइज कर दिया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग ने टाइगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

**टाइगर मूवमेंट से बढ़ी दहशत**

रणथंभौर टाइगर रिजर्व के आसपास लगातार बाघों की मूवमेंट देखी जा रही है। बीते 27 दिनों में दो लोगों की मौत बाघ के हमले से हो चुकी है। वन विभाग के मुताबिक, ये हमले एक ही बाघिन द्वारा किए गए हैं। इसके चलते जोन 2 और 3 को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।

**मंदिर मार्ग फिर से बंद**

16 अप्रैल को त्रिनेत्र गणेश मंदिर के मार्ग पर दर्शन कर लौट रहे एक बच्चे को टाइगर ने शिकार बना लिया था। इसके बाद मार्ग नौ दिन के लिए बंद किया गया था। दोबारा खोले जाने के बाद फिर बाघ की चहलकदमी देखे जाने पर श्रद्धालुओं के लिए यह मार्ग पुनः बंद कर दिया गया है।

बता दें, लगातार हो रहे बाघों के मूवमेंट से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। छतों पर भीड़ जमा हो रही है, बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। वन विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं, लेकिन इस तरह के अप्रत्याशित मूवमेंट ने वन सुरक्षा प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 10 जिलों को गृह मंत्रालय ने माना 'सेंसिटिव', इलेक्ट्रिक सायरन लगाने के दिए निर्देश

जयपुर, 14 मई (एजेंसियां)। भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद सीमावर्ती जिलों में रौनक लौट आई है। जन-जीवन सामान्य हो गया है। बाजार पहले की तरह ही खुले और बंद हुए। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रदेश के 10 जिलों को हवाई हमलों के हिसाब से सेंसिटिव माना है। साथ ही श्रीगंगानगर के बाद अब जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बॉर्डर के समवर्ती जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, जोधपुर) के अलावा जयपुर, अलवर, भरतपुर, कोटा और अजमेर जिलों के प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रिक सायरन लगाने के निर्देश दिए हैं। हमले की स्थिति में ये सायरन सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से ऑपरेट किए जाएंगे। सिविल डिफेंस निदेशालय से जारी गाइडलाइन में इसका जिक्र किया गया है।

जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स खुल गए थे। बीकानेर, जोधपुर और किशनगढ़ (अजमेर) तीनों एयरपोर्ट को ऑपरेशनल कर दिया है। जबकि जोधपुर और बीकानेर से कल कोई फ्लाइट नहीं थी।

वहीं, किशनगढ़ एयरपोर्ट से स्टार एयरलाइंस ने आज हैदराबाद, पुणे, लखनऊ, हिंडन, नांदेड और बेंगलुरु सहित 6 शहरों के लिए उड़ानें बहाल कर दी हैं। जोधपुर से भी आज विभिन्न शहरों के लिए उड़ानें शुरू हो गई हैं।

सेना के उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों लोगों को ट्रेनिंग सेशन के दौरान बताया कि आने वाले समय में हमारे पड़ोसी देश से ड्रोन की गतिविधियां और भी बढ़ सकती हैं। इससे हमें निपटने के लिए हर समय तैयार रहना पड़ेगा। आम आदमी को पता होना चाहिए कि ड्रोन कैसे काम करता है और इससे दुश्मन देश को क्या फायदा मिल सकता है। यदि किसी को संदिग्ध वस्तु ड्रोन जैसी दिखाई देती है तो तुरंत ही इसकी सूचना बीएसएफ इंटेलिजेंस को देनी है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर को किया जाएगा पाठ्य-पुस्तकों में शामिल'

## कोटा में बोले डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा



कोटा राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा बुधवार को कोटा दौरे पर रहे। इस दौरान सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वहीं, इस बीच कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम कुन्हाड़ी इलाके के पार्वतीपुरम भी गए। जहां आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश भलवाला के निधन पर शोक जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान मृतक इंस्पेक्टर नरेश के पिता घासीलाल ने बैरवा से कहा कि मुझे अपने बेटे का उपचार करने का मौका भी नहीं मिला। सीधे उनकी मृत्यु की ही सूचना आई।

डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश भलवाला के साथ जिसने घटना को अंजाम दिया, उसे गिरफ्तार कर लिया है। परिवार को सरकार व विभाग से राहत दिलाने का पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे हादसे आगे न हो, इसके लिए भी व्यापक इंतजाम कर रहे हैं। वहीं, परिवार ने नरेश को शहीद के दर्जे की मांग की है। इस पर बैरवा ने कहा कि सरकार के नियमों में जो है, हम पूरी करवाने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मामले में अवगत करा दिया है, उन्होंने आश्वस्त किया कि जो भी राहत दे सकते हैं, उपलब्ध कराएंगे।

वहीं, मीडिया से बातचीत करने पर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसमें हमारी सेनाओं का पराक्रम देखा गया। एयरफोर्स और आर्मी के साथ नेवी ने भी शौर्य दिखाया। शहीदों और हमारी सेना पर हमें नाज है।

उन्होंने दुश्मन को परास्त किया, जो इतिहास बन गया। इतिहास आने वाले समय में लोग पढ़ेंगे। यह इतिहास आने वाले समय में हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी शामिल होगा। ताकि प्रदेश की जनता को हमारे देश के सेनाओं के शौर्य के बारे में पूरी जानकारी मिल सके।

# अवैध तरीके से रह रहे 148 बांग्लादेशियों को किया गया डिपोर्ट

## सीकर पुलिस ने की कार्रवाई



जोधपुर, 14 मई (एजेंसियां)। भारत सरकार अब अवैध रूप से देश में रह रहे विदेशियों के खिलाफ सख्त रवैया अपना रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के जोधपुर से सोमवार को 148 बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट किए जाने की कार्रवाई शुरू की गई। ये सभी बांग्लादेशी नागरिक पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर विभिन्न स्थानों पर रह रहे थे।

राजस्थान पुलिस ने हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में अवैध प्रवासियों की पहचान की। इस दौरान कुल 1008 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। इनमें से अकेले जयपुर रेंज से 761 और सीकर जिले से 394 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए। दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के बाद पहले चरण में 148 नागरिकों को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इन बांग्लादेशी नागरिकों को सीकर पुलिस की निगरानी में जोधपुर लाया गया, जहां से उन्हें एयरफोर्स स्टेशन के जरिए पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। वहां से इन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पार कराकर उनके देश वापस भेजा जाएगा। सरकार की यह कार्रवाई यह संदेश देती है कि अब भारत अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, यह सिर्फ शुरुआत है। आने वाले दिनों में और भी अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें उनके मूल देशों में भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कई अवैध प्रवासी वर्षों से भारत में रह रहे थे और इन्होंने यहां के फर्जी दस्तावेज़ बनवाकर काम-धंधे शुरू कर दिए थे। कई बार ये लोग कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बनते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। डिपोर्ट किए गए बांग्लादेशी नागरिकों की सूची केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है और विदेश मंत्रालय के समन्वय से इनकी वापसी सुनिश्चित कराई जा रही है।

# सीमा पर मोबाइल नेटवर्क से बढ़ी सुरक्षा की चिंता

## जैसलमेर में पाकिस्तानी सिम पर पूर्ण प्रतिबंध, प्रशासन का आदेश

जैसलमेर, 14 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही सीमा पर तनाव की स्थिति में कुछ कमी आई हो, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा संबंधी खतरे अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक नई सुरक्षा चुनौती ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। जिले के कई सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तान के मोबाइल नेटवर्क की पहुंच भारत की सीमा के भीतर तक दर्ज की गई है, जिससे कई तरह के संभावित खतरे पैदा हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के नजदीक स्थित गांवों में पाकिस्तानी मोबाइल टावरों का सिग्नल लगभग कुछ किलोमीटर तक आ रहा है। इस तकनीकी घुसपैठ के चलते पाकिस्तान की लोकल मोबाइल कंपनियों के नेटवर्क भारतीय क्षेत्र में भी कैच हो रहे हैं, जिससे पाकिस्तानी सिम कार्ड का उपयोग करते हुए भारत में भी बातचीत की जा सकती है।

इस तकनीकी पहुंच को केवल एक नेटवर्क समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस स्थिति का फायदा देश विरोधी तत्व या जासूसी नेटवर्क उठा सकते हैं। गैरकानूनी संचार, जानकारी की चोरी, साइबर हमले, या अन्य खुफिया गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इस तरह की नेटवर्क उपस्थिति एक बड़ा खतरा बन सकती है।

सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट और सलाह के आधार पर जैसलमेर के जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने जिले में बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए आदेश जारी किए हैं कि अब जिले की सीमाओं के भीतर पाकिस्तानी सिम का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक बयान में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि पाकिस्तानी मोबाइल नेटवर्क का आना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की आशंका उत्पन्न करता है। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों और नागरिकों को सचेत किया गया है कि वे किसी भी परिस्थिति में पाकिस्तानी नेटवर्क या सिम का इस्तेमाल न करें।

# तहसीलदार भरत यादव 25 हजार की रिश्वत लेते कोटा में गिरफ्तार, अलवर स्थित घर पर भी छापा

अलवर, 14 मई (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चेचट तहसील के तहसीलदार भरत कुमार यादव को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह राशि जमीन की रजिस्ट्री कराने के एवज में एक व्यक्ति से मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और आरोपी तहसीलदार को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी कोटा और अलवर की संयुक्त टीम ने तहसीलदार भरत यादव के अलवर स्थित अंसल टाउन स्थित मकान पर देर रात तक तलाशी अभियान चलाया। एएसपी महेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कई महत्वपूर्ण



दस्तावेज, फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और रजिस्ट्री से संबंधित रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। ब्यूरो अब इन दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका रिश्वत मामले से क्या संबंध है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि रिश्वतखोरी का यह सिलसिला कब से चल रहा था और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और संभावित दलालों से भी पूछताछ की जा रही है।

# फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## विभिन्न विश्वविद्यालयों के 36 फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और दो मोबाइल फोन जब्त



हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व जोन टीम ने मसाब टैंक पीएस के कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उनके कब्जे से 36 फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र और दो मोबाइल फोन जब्त किए। अतिरिक्त पुलिस उप आयुक्त, कमिश्नर टास्क फोर्स, हैदराबाद सिटी, आंडे श्रीनिवास राव ने बताया कि सैयद इमरान निवासी अमन नगर, तालाबकट्टा, हैदराबाद और मोहम्मद खादर, निवासी सैयद नगर, फर्स्ट लांसर, हैदराबाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से विभिन्न विश्वविद्यालयों के नकली शैक्षिक 36 प्रमाण पत्र और दो मोबाइल मिले हैं।

उन्होंने बताया कि 12मई को, कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व ज़ोन टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर मसाब टैंक पुलिस के साथ मिलकर सैयद इमरान और मोहम्मद खादर को मसाब टैंक पीएस की सीमा के अंतर्गत चाचा नेहरू पार्क, के पास फर्जी प्रमाण पत्र वितरित करते हुए गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि मोहम्मद खादर ने 2016 में पढ़ाई छोड़ दी थी और वह बी.टेक पूरा नहीं कर सका, लेकिन वह अमेरिका या विदेश में उच्च शिक्षा और नौकरी करना चाहता है।

इसके कारण उसने विदेश में पढ़ाई करने के उद्देश्य से 80 हजार की कीमत पर सैयद इमरान से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र यानी बीबीए डिग्री प्रमाण पत्र खरीदे। सैयद इमरान से आगे पूछताछ करने पर पता चला कि वह जरूरतमंद व्यक्तियों को फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान करता है, जिनके पास कोई शैक्षिक योग्यता नहीं है वह अभ्यर्थियों से विवरण, रकम एकत्र करता था और उसे व्हाट्सएप के जरिए रोहन उर्फ श्यामलाल निवासी नजफगढ़, दिल्ली को भेजता था। बाद में, रोहन विभिन्न विश्वविद्यालयों के आवश्यक फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करता था और हार्ड कॉपी कोरियर के जरिए सैयद इमरान उर्फ प्रोफेसर उर्फ जकर को भेजता था, जिसे वह अभ्यर्थियों को सौंप देता था।

उनके कब्जे से विभिन्न विश्वविद्यालयों के 36 फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र जब्त किए गए। इस मामले में फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला रोहन उर्फ श्यामलाल निवासी नजफगढ़, दिल्ली फरार पाया गया। इसके अलावा, सैयद इमरान उर्फ प्रोफेसर उर्फ जकर पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिसमें उसके खिलाफ लंबे समय से दो गैर-जमानती वारंट लंबित हैं।

# मनोनीत पदों पर महिला नेताओं के साथ अन्याय हो रहा है: सुनीता राव

हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर मतभेद एक बार फिर उभर कर सामने आए हैं। तेलंगाना महिला अध्यक्ष सुनीता राव ने बुधवार को टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि पार्टी समितियों के गठन में वरिष्ठ महिला नेताओं को प्राथमिकता नहीं दी जाती है। उन्होंने महेश कुमार गौड़ पर अपने रिश्तेदारों और वफादार समर्थकों को ही विभिन्न पदों पर नियुक्त करने का आरोप लगाया। सुनीता राव ने आगे कहा कि महिला कांग्रेस नेताओं को मनोनीत पदों को लेकर अन्याय का सामना करना पड़ा है और इन नियुक्तियों में महिला नेताओं के खिलाफ भेदभाव जारी है।पार्टी नेताओं ने पहले उल्लेख किया था कि जिन व्यक्तियों को विधानसभा चुनावों के लिए टिकट मिले थे, उनके पास कोई पद नहीं था। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ नेता जो चुनावों में असफल रहे थे, उन्हें अब निगम पदों के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने कोर अर्बन रीजन की समीक्षा की



हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार तेलंगाना कोर अर्बन रीजन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कोर अर्बन रीजन में सरलीकृत सेवाएं शुरू करने का आदेश दिया।

अधिकारियों को कोर रीजन में विकास गतिविधियों के लिए एकल बिलिंग प्रणाली और सरलीकृत अनुमतियों का अध्ययन करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कोर अर्बन रीजन में लोगों के अनुकूल सेवाएं लाने के लिए जीएचएमसी, जल बोर्ड और ऊर्जा विंग के साथ अन्य विभागों को शामिल करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कोर अर्बन रीजन के तेज गति से विकास के महत्व को देखते हुए अधिकारियों से कहा कि यदि आवश्यक हो तो एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करें और कोर रीजन में एक लिडार सर्वेक्षण भी करें। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि संपत्तियों, टैंकों और नहरों की वास्तविक मैपिंग पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आउटर रिंग रोड के अंदर कोर अर्बन रीजन के विकास के लिए आवश्यक योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया।

# विश्व सुंदरियों ने वारंगल में ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया





वारंगल, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने वारंगल में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। वे काकतीय स्मारकों का दौरा करने के लिए दो समूहों में विभाजित हो गए। 22 प्रतियोगियों के एक समूह ने हनमाकोंडा और वारंगल किले में हजार स्तंभों वाले मंदिर का दौरा किया, जबकि 35 के दूसरे समूह ने मुलुगु जिले के पालमपेट गांव में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल रामप्पा मंदिर का दौरा किया। प्रतियोगी पारंपरिक पोशाक पहनकर रामप्पा मंदिर पहुंचे। रामप्पा मंदिर पहुंचने पर मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कलाकारों ने मेहमानों के मनोरंजन के लिए गुसाडी नृत्य के साथ-साथ पारंपरिक कोम्मू कोया नृत्य भी प्रस्तुत किया।


बाद में, इस अवसर पर मंदिर में विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए। एनआईटी वारंगल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर के. पांडुरंगा राव ने मंदिर की वास्तुकला और इतिहास के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगी प्राचीन रामप्पा मंदिर से मंत्रमुग्ध हो गए और इसकी आश्चर्यजनक वास्तुकला विशेषताओं को देखकर दंग रह गए। व्यवस्थाओं का समन्वय पंचायत राज मंत्री सीतक्का ने किया, जिन्होंने मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों से बातचीत की। इसके बाद, रामप्पा मंदिर में पेरिनी नृत्य प्रदर्शन और लाइट शो हुआ। वारंगल के हजार स्तंभ मंदिर में, पर्यटन गाइड ने पारंपरिक साड़ियों में सजी प्रतियोगियों को मंदिर की विशिष्टता के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगियों ने विशाल नंदीश्वर मूर्ति के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की, यहां तक कि उसे छुआ और उसकी विशेषताओं के बारे में जाना।

बाद में समूह ने हज़ार स्तंभ मंदिर की सीढ़ियों पर एक साथ फ़ोटो खिंचवाई, और प्रतियोगियों को कार्यक्रम के दौरान मंत्री सीतक्का के साथ फ़ोटो खिंचवाने का अवसर मिला।

# सरकार शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र की बड़ी समर्थक : कड़ियम श्रीहरि

## विधायक ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्टेशन घनपुर विधायक कडियम श्रीहरि ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 लाख रुपये की लागत से गांवों में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करेगी। चिलपुर मंडल के चिन्नापेंड्याला और नश्कल गांवों में नव स्वीकृत स्वास्थ्य उप-केंद्रों के निर्माण की आधारशिला रखी गई और कार्य प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज जिन स्वास्थ्य उप-केन्द्रों की आधारशिला रखी गई है, उनका निर्माण 6 माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा तथा चिन्नापेंड्याला और नश्कल गांवों के लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि चिन्नापेंड्याला गांव में एससी कॉलोनी की मुख्य सड़क से सीसी रोड और आरएंडबी रोड से स्वास्थ्य उपकेंद्र तक सीसी रोड के निर्माण को जल्द मंजूरी दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि गांव के लिए 55 इंदिराम्मा आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा शीघ्र ही और आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 25 साल पहले जब मैं विधायक चुना गया था, तब मैंने नश्कल गांव तक बीटी सड़क का निर्माण कराया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने नश्कल से उप्पुगल तक बीटी सड़क और बीच में नाले पर पुल निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा है और जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने नश्कल की मुख्य सड़क को राम मंदिर तक चौड़ा करने और सीसी रोड देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गंभीर वित्तीय संकट में है, इसलिए एक-एक कर सभी कार्य पूरे किए जाएं। लोगों से इसमें सहयोग करने को कहा गया। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि अगर मैंने वादा किया है तो मैं उसे अवश्य पूरा करूंगा और अपना हर वादा निभाऊंगा। मैं इसके लिए आप सभी का आशीर्वाद चाहता हूँ। इस कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नेता, कार्यकर्ता, महिलाएं, ग्रामीण आदि शामिल हुए।

# बीएसएनएल कर्मचारियों के सहकारी ऋण सोसायटी लिमिटेड के फंड का दुरुपयोग

## एक आरोपी को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। यह बीएसएनएल के कर्मचारियों द्वारा जमा की गई राशि से संबंधित आपराधिक विश्वासघात और भारी मात्रा में धन के दुरुपयोग का मामला है। बीएसएनएल कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी लिमिटेड, नलगोंडा में फर्जी एफडी बांड जारी करने का मामला" जो 30 अप्रैल, 2022 से पहले नलगोंडा टाउन में हुआ था और शिकायतकर्ता द्वारा 30 अप्रैल, 2022 को रिपोर्ट किया गया था, जिसमें आरोपी व्यक्ति, जो बीएसएनएल के कर्मचारी हैं और साथ ही बीएसएनएल कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी लिमिटेड, नलगोंडा के निर्वाचित सदस्य/निदेशक हैं, ने सोसाइटी के सदस्यों और गैर-सदस्यों से बड़ी मात्रा में राशि एकत्र की है और "फिक्स्ड डिपॉजिट" के फर्जी बांड जारी किए हैं और सोसाइटी के बैंक खातों में जमा किए बिना लगभग 20 करोड़ रुपये की राशि का गबन किया है।

तेलंगाना सरकार के आदेश के अनुसार, मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। मामले के तथ्य यह हैं कि, 30 अप्रैल 2022 को शिकायतकर्ता उप रजिस्ट्रार और लेखा परीक्षा अधिकारी, जिला सहकारी अधिकारी, नलगोंडा ने बीएसएनएल कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी में लगभग 20 करोड़ रुपये की भारी हेराफेरी से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। लिमिटेड, नलगोंडा में सदस्यों और गैर-सदस्यों के जमा के साथ, मुख्य अपराधी चौधरी बिक्सम द्वारा, जो 15 वर्षों से अध्यक्ष, सचिव के पद पर है और 7 अन्य समिति सदस्यों द्वारा। उन्होंने मिलकर सदस्यों की राशि को सोसायटी के बैंक खातों में जमा किए बिना नकली बांड जारी करके गबन किया। सदस्यों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों पर सरकार द्वारा किए गए ऑडिट में मामला सामने आया। इस पर 01/2022 उल्ल.406, 409, 477-ए और 420 आईपीसी आर/डब्ल्यू 120-बी आईपीसी के तहत सीआईडी, पीएस, हैदराबाद में मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। 13 मई, 2025 को, आरोपी बाशमल्ला अनंत राव पुत्र मुथैया, उम्र: 63 वर्ष, व्यवसाय: सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक बीएसएनएल, निवासी विवेकानंद नगर कॉलोनी, नलगोंडा को सीआईडी आरओ, नलगोंडा, टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त कर न्यायिक रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। मामले की जांच जारी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा अन्य एजेंसियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। यह जांच शिखा गोयल, महानिदेशक, सीआईडी, टीजी, हैदराबाद के निर्देशन में डी. प्रशांत, इंस्पेक्टर, सीआईडी आरओ नलगोंडा और उनकी टीम द्वारा की जा रही है।

# बीआरएस का कांग्रेस में विलय और सीएम का बदलाव कभी भी हो सकता है: भाजपा

हैदराबाद, 14 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक एनवीएसएस प्रभाकर ने आज कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बदलना और बीआरएस और कांग्रेस का विलय अगले छह महीनों में कभी भी हो सकता है।

यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रभाकर ने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस दोनों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने भविष्यवाणी की है कि विलय और मुख्यमंत्री के बदलाव की औपचारिकताएं अगले महीने की दूसरी जून या 9 दिसंबर के बाद पूरी हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि बीआरएस के वरिष्ठ नेता टी हरीश राव के लिए केसीआर के प्रति अपनी वफादारी को दोहराना और यह कहना कि वह पार्टी सुप्रीमो केसीआर और उनके बेटे कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के फैसले का पालन करेंगे, यह कहने की इतनी जल्दी और जरूरत क्यों थी।

